रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-141 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### महिला सशक्तिकरण विकास के लिए अनिवार्य कदम : जयशंकर



**भुवनेश्वर।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने महिला सशक्तिकरण को भारत के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि यह न केवल महिलाओं के अधिकारों का सम्मान है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। डा. जयशंकर ने यह बयान प्रवासी भारतीय दिवस के तहत 'डायस्पोरा दिवसः महिलाओं के नेतृत्व और प्रभाव का जश्न -नारी शक्ति' सत्र का उद्घाटन करते हुए दिया। उन्होंने इस दौरान महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा की जा रही पहलें भी साझा की। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक स्थिति को सुधारने के लिए कई योजनाओं का शुभारंभ किया है।

### झांसी से महाकुंभ के लिए रवाना होने लगी विशेष बसें



**झांसी।** सनातन परंपरा में 12 साल बाद आने वाले महाकुंभ के लिए बुंदेलखंड के झांसी में तैयारियां जोरों पर हैं और इस विशेष आयोजन में हिस्सा लेने वाले वाले श्रद्धालुओं को परिवहन की अबाध सुविधा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्प प्रदेश सरकार के निर्देशन में यहां विशेष रूप से तैयार की गयी बसों की रवानगी शुरू कर दी गयी। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) परिवहन निगम संतोष कुमार ने बताया कि झांसी क्षेत्र से कुंभ के लिए 150 बसों को लगाया गया है। झांसी क्षेत्र में जालौन, ललितपुर और झांसी तीन जनपद शामिल हैं।

### दलितों, अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर स्थिति स्पष्ट करें आप-भाजपा : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस इकाई ने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी और आप पर निशाना साधा और कहा है कि इन दोनों पार्टियों को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल को देश में अल्पसंख्यकों, दलितों और आदिवासियों के खिलाफ़ हिंसा एवं नफ़रत के बढ़ते मामले, उनका दमन किए जाने तथा उन्हें नज़र अंदाज़ किए जाने के ख़तरनाक ट्रेंड्स पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# डबल इंजन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए कर रही है काम : शिवराज

## केन्द्रीय मंत्री चौहान ने की छत्तीसगढ़ के लिए 3 लाख से अधिक नए आवासों की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय कृषि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में विष्णु देव साय की डबल इंजन सरकार प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। वे दुर्ग जिले के नगपुरा में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के पैर पखार कर उनका अभिनंदन किया। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 लाख 3 हजार 384 नए आवासों की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को आवास का वादा किया था, जो साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि देशभर में गरीबों को पक्के घर देने के इस ऐतिहासिक प्रयास के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में अब तक 8 लाख 47 हजार मकान पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को और अधिक समावेशी बनाने के लिए नई पात्रता मानदंड निर्धारित किया गया है, जिनमें अब अधिकतम आय सीमा बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित भूमि या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी अब इस योजना के तहत पात्र होंगे। हितग्राही अब स्वयं भी अपने आवास हेतु आवेदन और सर्वेक्षण कर सकते हैं। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेती-किसानी को बढ़ावा देने की दिशा में अद्भुत काम हो रहे हैं। फसलों का उत्पादन बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और फसल विविधिकरण पर जोर दिया जा रहा है। धान की नई-नई किस्में भी जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान आ रही है।

### छत्तीसगढ़ में लाखों गरीबों के चेहरों पर संतोष और खुशी का भाव : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना आरंभ की थी। छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार आई। डबल इंजन की सरकार बनी। हमने शपथ लेने के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक की और 18 लाख आवास स्वीकृत कर दिये। इस निर्णय से छत्तीसगढ़ के लाखों हितग्राहियों के चेहरे में संतोष नजर आता है। उन्होंने जो मकान का सपना देखा था, वो अब पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने अपनी सरकार का एक साल पूरा कर लिया है और जनता के समक्ष एक साल का रिपोर्ट कार्ड भी प्रस्तुत किया है। हमारी परीक्षा की घड़ी शपथ ग्रहण के बाद ही शुरू हुई थी और सबसे पहला वायदा कैबिनेट की बैठक में हमने पूरा कर दिया। इससे हम लोग आश्वस्त हो गये और एक साल के भीतर ही मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वायदे हमने पूरे कर दिये हैं। शपथ के दो सप्ताह के भीतर हमने श्रद्धेय अटल जी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर 13 लाख किसान भाइयों को 2 साल के बकाया धान की बोनस राशि अंतरित की। हमने वायदे के अनुरूप 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान भी खरीदा। हमने पिछली बार 145 लाख मीट्रिक टन रिकार्ड धान की खरीदी की। पिछली बार किसानों के खाते में हमने कुल 49 हजार करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। यह छत्तीसगढ़ के कृषि इतिहास में एक रिकार्ड की तरह दर्ज हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लगातार इस बात की मानिटरिंग कर रहे हैं कि तेजी से पीएम आवासों पर काम हो सके। गृह पोर्टल के माध्यम से जीआईएस मैपिंग और सटीक योजना तैयार की जा रही है।

### आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखार कर मंत्री शिवराज चौहान और मुख्यमंत्री साय ने किया अभिनंदन



**रायपुर।** केंद्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्ग जिले के ग्राम नगपुरा में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जनमन योजना, नियद नेल्ला नार योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखारकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित अन्य अतिथियों ने भी आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखार कर अभिनंदन किया।

## गलतियां होती हैं, मैं इंसान हूं, भगवान नहीं : मोदी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, गलतियां होती हैं, मैं इंसान हूं, भगवान नहीं। मोदी ने अपने पहले पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री के रूप में अपने अलग-अलग कार्यकाल के बारे में पूछे जाने पर, जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत के साथ एक पॉडकास्ट में, कहा, गलतियां होती हैं, मैं इंसान हूं, भगवान नहीं। उन्होंने कहा, पहले कार्यकाल में, लोग मुझे समझने की कोशिश कर रहे थे और मैं दिल्ली को समझने की कोशिश कर रहा था। दूसरे कार्यकाल में, मैं अतीत के दृष्टिकोण से सोचता था। तीसरे कार्यकाल में, मेरी सोच बदल गयी है, मेरा मनोबल ऊंचा है और मेरे सपने बड़े हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी कामथ की पॉडकास्ट श्रृंखला 'पीपल बाय डब्ल्यूटीएफ' में अतिथि के रूप में उपस्थित होने के दौरान की।

## राजनाथ ने मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक समुदाय से एकजुटता का आह्वान किया



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया में कई तरह के संघर्ष और चुनौतियों के मद्देनजर वैश्विक समुदाय में एकजुटता बढ़ाने का आह्वान किया है। सिंह ने रक्षा मंत्रालय द्वारा फरवरी में आयोजित किये जाने वाले प्रतिष्ठित रक्षा प्रदर्शनी और एयर शो 'एयरो इंडिया 2025' से पहले राजदूतों की गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए परस्पर समृद्धि और वैश्विक शांति सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को मिला प्रमोशन

**5 अधिकारी बने आईजी, 7 बने डीआईजी**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को प्रमोशन दिया है। 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी रामगोपाल गर्ग, दीपक कुमार झा, अभिषेक शांडिल्य और बालाजी राव डीआईजी से आईजी प्रमोट किया गया है। इसके साथ ही केंद्रीय प्रतनियुक्ति पर रहने की वजह से जितेंद्र सिंह मीणा को प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। वहीं 2011 बैच के 8 आईपीएस अधिकारी संतोष कुमार सिंह, इंदिरा कल्याण ऐलेसेला, गोवर्धन राम ठाकुर, तिलक राम कोसीमा, प्रशांत कुमार ठाकुर, अजातशत्रु बहादुर और लाल उमेद सिंह को एसएसपी से डीआईजी प्रमोट किया गया है। 2012 बैच के आईपीएस आशुतोष सिंह, विवेक शुक्ला, शशि मोहन सिंह, राजेश कुकरेजा, श्वेता राजमणि, राजेश कुमार अग्रवाल, विजय अग्रवाल और रामकृष्ण साहू को सेलेक्शन ग्रेड मिला है।

## समलैंगिक विवाहः सुप्रीम कोर्ट ने अपने 2023 के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिकाएं की खारिज

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने से इनकार करने के अपने फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाएं खारिज कर दी हैं। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की संविधान पीठ ने यह कहते हुए कि उन्हें अपने पिछले फैसले में रिकॉर्ड पर कोई त्रुटि नहीं दिखी, समीक्षा करने से इनकार कर दिया। याचिकाओं में उच्चतम न्यायालय की समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने से इनकार करने वाले 17 अक्टूबर, 2023 के फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी। चैंबर कार्यवाही के बाद गुरुवार अपने आदेश में पीठ ने कहा, हमने न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट (पूर्व न्यायाधीश) द्वारा खुद और न्यायमूर्ति हिमा कोहली (पूर्व न्यायाधीश) द्वारा दिए गए फैसलों और हममें से एक (न्यायमूर्ति नरसिम्हा) द्वारा दिए गए फैसलों की गई सहमति वाली राय को ध्यान से पढ़ा है, जो बहुमत का मत है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि दोनों फैसलों में व्यक्त किया गया मत कानून के अनुसार है। इनमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, इस आधार पर पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज किया जाता है। न्यायालय ने समीक्षा याचिकाओं को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के लिए एक आवेदन को भी खारिज कर दिया। इस मामले से संबंधित याचिकाओं पर न्यायाधीशों के कक्षों में विचार किया गया। शीर्ष अदालत के नियमों के अनुसार, समीक्षा याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा दस्तावेजों के प्रसार और अधिवक्ता की उपस्थिति के बिना न्यायाधीश कक्षों में विचार किया जाता है। शीर्ष अदालत ने पहले ही समीक्षा याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना (वर्तमान मुख्य न्यायाधीश) द्वारा 10 जुलाई, 2024 को समीक्षा याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग करने के बाद नई पीठ का गठन किया गया था। विशेष रूप से न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा (पांच न्यायाधीशों वाली मूल संविधान पीठ के एकमात्र सदस्य हैं) ने फैसला सुनाया, क्योंकि पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एस के कौल, और रवींद्र भट और हिमा कोहली सेवानिवृत्त हो चुके हैं। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 17 अक्टूबर, 2024 को समलैंगिक विवाहों को कानूनी समर्थन देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा था कि कानून द्वारा मान्यता प्राप्त विवाहों को छोड़कर विवाह करने का कोई भी अयोग्य अधिकार नहीं है।

## प्राचार्य, बीईओ, बाबू व शिक्षक को रिश्वत लेते एसीबी ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

एसीबी ने शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्राचार्य, बीईओ, बाबू और एक शिक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दो अलग-अलग मामलों में की गई, जिनमें सेवानिवृत्त प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक से रिश्वत मांगे जाने की शिकायतें शामिल थीं। बिलासपुर जिले के जरहागांव मुंगेली के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ईश्वर लाल भारती ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि जीपीएफ पेंशन और ग्रेच्यूटी राशि के बिल निकालने के एवज में शा.उ.मा.वि. पदमपुर, मुंगेली के डीडीओ सह प्राचार्य मालिक राम मेहर और बाबू हनी शर्मा ने 20,000 रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता ने 10,000 रुपये देने के बावजूद 8,000 रुपये और रिश्वत मांगे जाने पर एसीबी से संपर्क किया। ट्रैप लगाकर एसीबी ने दोनों आरोपियों को 8,000 रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 12 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं सहायक शिक्षक चमर साय पैकरा, जो जशपुर जिले के बागबहार स्कूल में पदस्थ हैं, ने शिकायत की थी कि उनके स्थानांतरण के बाद वेतन आहरण के लिए एलपीसी (अंतिम वेतन प्रमाण पत्र) और सेवा पुस्तिका देने के एवज में विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) मिथिलेश सिंह सेंगर, बाबू राजकुमार प्रसाद और शिक्षक अनुराग बरई ने 15,000 रुपये रिश्वत मांगी। शिकायत की जांच के बाद एसीबी ने ट्रैप लगाकर तीनों आरोपियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसीबी की यह कार्रवाई शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर सख्त संदेश देती है। विभाग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की यह सक्रियता कर्मचारियों के लिए नजीर बन सकती है।

## प्रवासी भारतीय 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण का अभिन्न हिस्सा : मुर्मु

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाना एक राष्ट्रीय मिशन है और इसमें प्रवासी भारतीयों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय तथा उत्साहजनक भागीदारी जरूरी है। मुर्मु ने ओड़िशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के दृष्टिकोण का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा, हमारा देश आज वर्ष 2047 तक विकसित भारत की ओर अग्रसर है। यह एक राष्ट्रीय मिशन है जिसमें विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है। प्रवासी भारतीय इस दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग हैं। उनकी वैश्विक उपस्थिति उन्हें एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान करती है और उनकी उपलब्धियां उन्हें विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में रखती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रवासी भारतीय देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर आए हैं, बल्कि वे मूल्य और लोकाचार भी लेकर आए हैं जो सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता के क्षेत्र में हो, प्रवासी भारतीयों ने ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। राष्ट्रपति ने सभी प्रवासी भारतीय सम्मान विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की कहानियाँ न केवल भारत के लिए गौरव की बात हैं, बल्कि वे दुनिया भर में लाखों लोगों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित भी करती हैं। मुर्मु ने त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू को भी बधाई दी और कहा कि महिलाओं और प्रवासी भारतीयों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में उनके उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां विचारों का संगम होता है, सहयोग स्थापित होता है और भारत और प्रवासी भारतीयों के बीच संबंध मजबूत होते हैं। भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत दर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह दृष्टिकोण एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के बारे में है जो न केवल हमारी आवश्यकताओं को पूरा करता है, बल्कि वैश्विक कल्याण में भी योगदान देता है। उन्होंने कहा, हम एक ऐसा राष्ट्र बनना चाहते हैं जो आर्थिक प्रगति को सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित करे।

**किसी भी विवादित ढांचे को मस्जिद नहीं बोलना चाहिए**

## वक्फ बोर्ड नहीं भूमाफियाओं का है बोर्ड : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज की इस धरती पर हजारों वर्ष से कुम्भ का आयोजन होता आ रहा है। इसके बाद भी उसको कोई वक्फ बोर्ड की लैंड बोल दे तो बस यही कहना है कि ये वक्फ बोर्ड है या भूमाफियाओं का बोर्ड है। इस तरह की दुष्प्रवृत्ति पर रोक लगनी ही चाहिए और हम रोक लगाएंगे। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में ऐरावत घाट पर एक निजी चैनल के कार्यक्रम में योगी ने कहा हमने कुछ संशोधन यहां पर किए हैं कि कोई भी जमीन जिस पर वक्फ ने कब्जा किया है या दावा किया है, 1363 फसली की उसके पूरे रिकॉर्ड को चेक किया जाए। कहीं भी वक्फ शब्द आता है तो पहले उसे देखो की जमीन किसके नाम पर थी और फिर उसको हम वापस दिलाने का काम कर रहे हैं। कहीं भी, किसी भी ऐसी जमीन पर जो सार्वजनिक उपयोग में होगी। हिंदू आस्था से जुड़े पवित्र स्थलों की जमीन होगी या सरकार की होगी, यहां पर इस प्रकार के किसी भी भूमाफिया बोर्ड को कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ये कुम्भ की भूमि है और आने वाले साधु-संतों को कुम्भ के आयोजन के लिए इसी प्रकार से उपलब्ध होती रहेगी। दुनिया भर से आस्थावान लोग प्रयागराज के महाकुंभ में आ रहे हैं और अगर कोई उनकी आस्था और श्रद्धा को ठेस पहुंचाने के लिए ये कहता है कि साहब यह तो वक्फकी जमीन है। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि हजारों वर्षों की भारत की विरासत का प्रतीक आयोजन यहीं पर होता आया है। उन्होने कहा कि किसी भी विवादित ढांचे को मस्जिद नहीं बोलना चाहिये। हम जिस दिन मस्जिद बोलना बंद कर देंगे तो उस दिन लोग जाना भी बंद कर देंगे। यह इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ भी है कि किसी की भी आस्था को ठेस पहुंचाकर, वहां मस्जिद नुमा ढांचा खड़ा कर दिया हो। ऐसे स्थान पर किसी भी प्रकार की होने वाली इबादत खुदा को भी मंजूर नहीं होती है। जब खुदा को मंजूर नहीं होती है तो बेकार में वहां क्यों इबादत की जाए। वहीं इस्लाम में उपासना के लिए एक स्ट्रक्चर खड़ा हो, यह आवश्यक नहीं है जबकि यह सनातन धर्म में है। सनातनी उपासना के लिए मंदिर जाएगा, इस्लाम के लिए नहीं है। ऐसे में हमे किसी भी ढांचे को मस्जिद बोलने की जिद्द नहीं करनी चाहिये। यह समय एक नये भारत के बारे में सोचना के साथ आगे बढ़ने का है। हमे इस ओर ध्यान देना चाहिये। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक वर्ष पहले अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके रामलला का विराजमान होना और 144 वर्षों बाद इस तरह के मुहूर्त में महाकुंभ का होना, ये ईश्वर की कृपा है। योगी ने कहा कि महाकुम्भ में पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों के साथ दक्षिण भारत के राज्यों से संतों का आगमन नहीं हो पाता था। वहीं इस बार महाकुंभ में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर देखने को मिलेगी। यहां हर जगह से संतों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी होगी। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी अगले 45 दिनों में प्रयागराज की त्रिवेणी में डुबकी लगाएगी।

### बस-ट्रक टक्कर में 4 की मौत, कई घायल

**सुकमा।** सुकमा जिले में तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार बस ने रेत से भरे ट्रक को टक्कर मार दी। इस हादसे में 4 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तेलंगाना के सूर्यापेट-खम्मम नेशनल हाइवे पर हुआ। घटनास्थल पर मिली जानकारी के अनुसार, गुप्ता ट्रेवल्स की बस ओडिशा से हैदराबाद जा रही थी और तड़के सुकमा होते हुए मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कोहरे की वजह से बस चालक को सड़क पर खड़ा ट्रक नजर नहीं आया और बस उससे टकरा गई। बस के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही तेलंगाना पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची और घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने अब तक 2 महिला और 2 पुरुष यात्रियों की मौत की पुष्टि की है।




# यात्रियों को शानदार अनुभव देगा अमृतभारत एक्सप्रेस का 2.0 संस्करण: वैष्णव

पायनियर संवाददाता ◄ चेन्नई
www.dailypioneer.com



केंद्रीय रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पुश पुल तकनीक पर आधारित गैरवातानुकूलित 'अमृत भारत' ट्रेनसेट का 2.0 संस्करण, निम्न आय और निम्न मध्यम आय वर्ग के यात्रियों के लिए सस्ती सेवा और उच्च गुणवत्ता वाला यात्रा अनुभव प्रदान करेगा। वैष्णव ने यहां इंटीग्रल कोच फैक्ट्री परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अमृत भारत 2.0 को पिछले साल प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ किए गए अमृत भारत 1.0 के अनुभव और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के अनुभव के आधार पर डिजाइन किया गया है। रेल मंत्री ने कहा कि अगले दो वर्षों में ऐसे 50 रैक का निर्माण किया जाएगा। ये ट्रेनें देश के विभिन्न भागों में लंबी दूरी जाने वाले निम्न एवं निम्न मध्यम वर्ग के यात्रियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र के आधार पर बहुत कम लागत पर उन्नत गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करेंगी। रेल मंत्री ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनसेट की खूबियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इंटीग्रल कोच फैक्टरी में निर्माणाधीन अमृत भारत एक्सप्रेस के दूसरे संस्करण में विगत एक वर्ष से परिचालित हो रहे प्रथम संस्करण के दो रैकों से प्राप्त अनुभवों के आधार पर कोचों के संयोजन के अलावा अनेक तकनीकी सुधार भी किये गये हैं। रेलवे के पुश पुल ट्रेन सेट अमृत भारत के दूसरे संस्करण में 22 कोचों में स्लीपर श्रेणी के कोच 12 की बजाय आठ किये गये हैं और अनारक्षित श्रेणी के कोच आठ से बढ़ा कर 11 किये गये हैं और एक भोजनयान भी जोड़ा गया है। अमृत भारत एक्सप्रेस के दूसरे संस्करण में 22 कोच रेक संरचना, दोनों छोर पर 6000 अश्वशक्ति के दो लोकोमोटिव के साथ एक-एक एलएसआर माल सह गार्ड सह दिव्यांग कोच, 11 द्वितीय श्रेणी अनारक्षित कोच, आठ स्लीपर कोच तथा एक भोजन यान कोच लगाया गया है। ये रैक एलएचबी श्रेणी का है जिसकी गति 130 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी और उच्च त्वरण के लिए दोनों सिरों पर लोको के साथ पुश-पुल संचालन के लिए अंतिम दीवारों पर नियंत्रण कपलर भी लगाये गये हैं। कोचों को जोड़ने के लिए सेमी परमानेंट कपलर की जगह सेमी ऑटोमैटिक कपलर लगाये गये हैं ताकि झटके रहित यात्रा के साथ साथ जोड़ने एवं अलग करने में न्यूनतम मशक्कत हो। नये संस्करण में यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं में फोल्डेबल स्नैक टेबल, मोबाइल होल्डर,फोल्डेबल बोतल होल्डर, बेहतर सीटें और बर्थ, रेडियम से प्रकाशित फ्लोरिंग पट्टी, तेजस प्रकार का गैंगवे, 160केएन एयर स्प्रिंग बोगी, इलेक्ट्रो न्यूमैटिक प्रेशराइज्ड फ्लशिंग सिस्टम के साथ प्रत्येक कोच में 2 भारतीय 2 पश्चिमी शैली के शौचालय, एफआरपी मॉड्यूलर शौचालय में स्वचालित स्वच्छता गंध नियंत्रण प्रणाली, स्वचालित साबुन डिस्पेंसर, सुव्यवस्थित-एलईडी लाइट फिटिंग, शौचालयों और विद्युत कक्षों में एरोसोल आधारित अग्नि शमन प्रणाली, स्लीपर कोच में एक दिव्यांगजन शौचालय, प्रत्येक यात्री के लिए मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, शौचालय संकेत लाइट, सार्वजनिक संबोधन और यात्री सूचना प्रणाली (पीएपीआईएस), एल्युमीनियम कम्पोजिट पैनलों के साथ बेहतर स्क्रूलेस इंटीरियर पैनलिंग की गयी है। नये रैक में त्वरित ब्रेक लगाने के लिए इलैक्ट्रो न्यूमैटिक ब्रेक प्रणाली, त्वरित कपलिंग एवं डिकपलिंग के लिए पूरी तरह से सीलबंद गैंगवे, वंदे भारत के समान वैक्यूम निकासी प्रणाली, रखरखाव अनुकूल और बेहतर सौंदर्य के लिए एसएमसी (शीट मेटल कम्पाउंड) सामग्री से निर्मित शौचालय, पहिये और बेयरिंग की वास्तविक समय निगरानी के लिए ऑन-बोर्ड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम (ओबीसीएमएस), आईओटी आधारित जल स्तर संकेतक जल स्टेशनों और बोर्ड कर्मचारियों की सहायता के लिए इंटरनेट आधारित जल स्तर संकेतक, बाहरी-आपातकालीन लाइट जो पटरी से उतरने और दुर्घटनाओं जैसी आपातकालीन स्थितियों के दौरान बुनियादी प्रकाश व्यवस्था प्रदान कर सके, यूएसबी ए और सी प्रकार के पोर्ट चार्जिंग सॉकेट तथा एसएस ग्रिल वाले पंखे लगाये गये हैं। बाद में वैष्णव ने चेन्नई से सटे पड़ोसी तिरुवल्लूर जिले के पुडुवायल गांव में फोर्ज्ड रेलवे पहियों के उत्पादन के लिए निर्माणाधीन रामकृष्ण थिडकर प्राइवेट फैक्ट्री के परिसर का निरीक्षण किया।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर: अखिलेश यादव

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हैं। यादव ने कहा कि इस सरकार की हर योजना में भ्रष्टाचार की कहानी छिपी है। हर योजना में बजट की लूट चल रही है। इस लूट में सरकार के ऊपर से नीचे तक के सभी लोग शामिल हैं। भाजपा सरकार की कमीशन खोरी और लूट के कारण महंगाई बढ़ती जा रही है। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अस्पतालों और दवाओं का मामला हो या जल जीवन मिशन में घर-घर जल पहुंचाने की योजना हो। निर्माण कार्य हो या सड़क और एक्सप्रेस-वे योजनाएं हर जगह भारी भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार में हुए भ्रष्टाचार के हर दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। यादव ने कहा कि जिस बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी ने किया था वह उद्घाटन के बाद ही उखड़ और धंस गया था। अब नया मामला गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे प्रति किलोमीटर के हिसाब से देश का सबसे महंगा लिंक एक्सप्रेस-वे है। इसे 2022 में बनकर तैयार होना था लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे में सरकार का गोरखधंधा चल रहा है। उन्होने कहा कि उक्त एक्सप्रेस-वे की लागत कई गुना बढ़ चुकी है। राइडिंग क्वालिटी भी मानक के अनुसार नहीं है। यह सरकार जनता के पैसे का बड़े पैमाने पर लूट खसोट में जुटी है। पैसे का बंदरबांट हो रहा है। आम जनता को न कोई सुविधा मिल रही है और न मदद हो रही है। लोग परेशान है।

# वर्ष 2025-26 में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य निर्धारित करने का आदेश

एजेंसी ◄ देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में विभागों के साथ वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य निर्धारित किये जाने तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व अवशेष राजस्व प्राप्ति को समय से पूरा करने के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्यों को ससमय पूरा करने की हिदायत दी है। रतूड़ी ने राजस्व लक्ष्य प्राप्ति में अपेक्षाकृत पीछे रहने वाले विभागों को आन्तरिक समीक्षा एवं मंथन के निर्देश दिए हैं, ताकि वे अपने राजस्व में समयबद्धता से वृद्धि के प्रयास कर सके। उन्होंने वन विभाग को राज्य के समान परिस्थिति वाले अन्य देशों एवं राज्यों के अध्ययन के निर्देश दिए हैं, ताकि विभाग की राजस्व वृद्धि की संभावनाओं पर कार्य किया जा सके। उन्होंने एसजीएसटी के डाटा शेयरिंग के सम्बन्ध में सभी विभागों के लिए आईटीडीए को अगले वित्तीय वर्ष से पूर्व एक समेकित आईटी सोल्यूशन विकसित कर आरम्भ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों के सचिवों को अगले बजट के प्रस्तावों पर तेजी से कार्य करते हुए ससमय भेजने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव नितेश झा, दिलीप जावलकर, पंकज कुमार पाण्डेय सहित सभी सम्बन्धित विभागों के सचिव, अपर सचिव एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मुंबई में महिला ने की 10 साल के बेटे की हत्या

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा इलाके में सरकारी कॉलोनी में सिज़ोफ्रेनिया से पीड़ित एक महिला ने अपने 10 वर्षीय बेटे की मोबाइल चार्जिंग तार से गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, महिला का पिछले डेढ़ साल से सिजोफ्रेनिया का इलाज चल रहा है। बेटे के पिता रवींद्र अवाटे की शिकायत के बाद खेरवाड़ी पुलिस ने कथित हत्या के लिए महिला के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की। आरोपी महिला 36 वर्षीय अभिलाषा अवाटे है। पुलिस के मुताबिक, अवाटे दंपत्ति की 14 साल की बेटी और 10 साल का बेटा है। वे बांद्रा में सरकारी कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि घटना गुरुवार शाम 07:30-07:45 बजे के बीच की है, उस दौरान, किसी कारण से अभिलाषा क्रोधित हो गई और उसका गुस्सा बढ़ गया। गुस्से में आकर वह सर्वेश को बेडरूम में खींच ले गई। बेटी ने अपने पिता को फोन कर कहा कि उसकी मां सर्वेश के साथ मारपीट कर सकती है। इसके बाद अभिलाषा ने बेडरूम का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और मोबाइल चार्जिंग के तार से सर्वेश का गला घोंट दिया। पुलिस ने बताया कि सर्वेश की मौके पर ही मौत हो गई।




# चलती ट्रेन में यात्री के साथ कोच अटेंडेंट और टीटीई ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

एजेंसी ◄ फिरोजाबाद
www.dailypioneer.com



अमृतसर से कटिहार जाने वाली आम्रपाली एक्सप्रेस में गुरुवार रात में एक यात्री ने जी आर पी मे दो कोच अटेंडेंट और टीटीई के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़ित यात्री दिल्ली से सीवान के लिए जा रहा था। फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन जब पहुंची तो उसके एक कोच मे शोरगुल मारपीट की आवाज सुनकर जीआरपी फोर्स कोच के अंदर पहुंचा। कोच के अंदर यात्रा कर रहे बिहार के जिला सीवान निवासी शेख मुजिबुल ताजुद्दीन ने बताया कि कोच के अटेंडेंट विक्रम और सोनू नेउसे शराब के लिए 15 सो रुपए लिए तीनों ने मिलकर शराब की टूंडला से ट्रेन चलने के बाद उसका कोच के टीटीई राजेश कुमार से शराब के नशे में कुछ कहा सुनी हो गई। तभी तीनों लोगों ने मिलकर उसके साथ जबरदस्त बेल्ट से पिटाई और मारपीट की है। जीआरपी प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि पीडित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है । चलती ट्रेन में हुई घटना की रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी गई है मुख्यालय द्वारा जांच कार्यवाही की जाएगी।

# खनिज का अवैध परिवहन करने पर दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक डंपर जब्त

**विदिशा।** मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में खनिज विभाग ने खनिज के अवैध परिवहन के मामले में दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक डंपर जब्त किए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की टीम ने कल जिले के सिरोंज-लटेरी क्षेत्र में दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक डंपर को अवैध रूप से खनिज का परिवहन करते पाए जाने पर जप्त करने की कार्यवाही की है। जब्त वाहनों को सिरोंज के एसडीएम कार्यालय के परिसर तथा लटेरी थाना के परिसर में रखा गया है। इन सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज के नियम के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रकरण जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।



# ईओडब्ल्यू ने 25 हजार रुपयों की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया लिपिक को

**दतिया।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने दतिया जिला निर्वाचन कार्यालय के एक लिपिक आलोक खरे उर्फ ब्रजेंद्र भूषण खरे को 25 हजार रुपयों की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। ईओडब्ल्यू की ओर से मुहैया करायी गयी जानकारी के अनुसार आरोपी लिपिक, आवेदक राकेश शिवहरे से यह राशि ले रहा था, जो दतिया जिले के जिगना के सरकारी माध्यमिक विद्यालय का अध्यापक है और बीएलओ के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा था। अध्यापक पूर्व में निलंबित होने के बाद बहाल किया गया था और इसी संबंध में दस्तावेजी कार्रवाई पूरी करवाने के एवज में लिपिक उससे रिश्वत मांग रहा था। शिकायत मिलने पर ईओडब्ल्यू की ग्वालियर इकाई ने यह कार्रवाई की।



# कवि कुमार विश्वास ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि पर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का कवि डा. कुमार विश्वास ने दर्शन-पूजन किया। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने डा. कुमार विश्वास को रामलला का दर्शन कराने के बाद दिव्य और भव्य परिसर में हो रहे मंदिर निर्माणों को भी दिखाया और पूरे परिसर का भ्रमण भी कराया। इस अवसर पर कवि डा. कुमार विश्वास ने अनौपचारिक पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा मैं पिछले साल हो रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में आया था। एक वर्ष बीत जाने के बाद फिर मैं दुबारा आया हूं। देख रहा हूं कि मंदिर काफी हद तक बन गया है। मुझे यह देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई है कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय अपने सदस्यों के साथ राम मंदिर निर्माण में लगे हुए हैं। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। इस अवसर पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल मिश्रा, वरिष्ठ प्रचारक गोपाल, विश्व हिन्दू परिषद के प्रवक्ता शरद शर्मा भी मौजूद थे।



# हरबर्टपुर पालिका की कांग्रेस प्रत्याशी को मिली राहत, चुनाव में ले सकेंगी भाग

एजेंसी ◄ नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड में निकाय चुनावों के बीच कांग्रेस पार्टी के लिये अच्छी खबर आयी है। उच्च न्यायालय ने हरबर्टपुर नगर पालिका की कांग्रेस उम्मीदवार यामिनी रोहिल्ला के नामांकन को रद्द करने के निर्णय को गलत ठहराते हुए उन्हें चुनाव में भाग लेने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अदालत ने अपने अपने आदेश में कहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव परिणाम याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्दर और न्यामयूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ में कांग्रेस उम्मीदवार की अपील पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि रिटर्निंग आफिसर ने गलत आधार पर उनके नामांकन को रद्द कर दिया है। विकासनगर के तहसीलदार ने अपने कार्यालय की ओर से ही जारी जाति प्रमाण पत्र को ही 'विवादित' ठहरा दिया। जो कि गलत है। तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर आरओ ने उनके नामांकन को रद्द कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में साफ साफ कहा कि विवादित होने आधार पर नामांकन रद्द नहीं किया जा सकता है।

अदालत ने उन्हें चुनाव में प्रतिभाग करने के निर्देश दे दिये। इससे पहले कुछ दिन पहले एकलपीठ भी उनकी याचिका को खारिज कर चुकी थी। इस खबर के बाद हरबर्टपुर नगर पालिका के चुनाव में पुन: नया मोड़ आ गया है। साथ ही कांग्रेस पार्टी में भी खुशी की लहर दौड़ गयी है। जाहिर है कि अब कांग्रेस इसे चुनावी मुद्दा बनायेगी।

# वन क्षेत्र और वन्य जीवों की गतिविधियों में वृद्धि प्रदेश की उपलब्धि: सीमए यादव

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के पन्ना जैसे क्षेत्र जहां वन्य जीवों की स्थिति शून्य हो गई थी, वहां भी वन अधिकारियों के प्रयासों के परिणामस्वरूप वन्य जीवों की गतिविधियां पुनः आरंभ हुई, यह अपनी सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है और वे बधाई के पात्र हैं। डॉ यादव पंडित खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय सभागार में दो दिवसीय आईएफएस (भारतीय वन सेवा) मीट और वानिकी सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कर तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव तथा अन्य आईएफएस अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को रूद्राक्ष का पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के पास हीरा है, चीता है और अब तो गजराज भी मध्यप्रदेश का रूख कर रहे हैं। प्रदेश का वन क्षेत्र समृद्ध है। वर्ष 2003 से 2021 के मध्य वन क्षेत्र में 1063 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। भोपाल देश की एकमात्र ऐसी राजधानी है, जिसके आस-पास आसानी से टाइगर देखे जा सकते हैं। यह हमारे प्रदेश के लिए सुखद और पर्यावरण की दृष्टि से बड़ी उपलब्धि है। डॉ यादव ने कहा कि इस प्रकार के मीट परस्पर संवाद, मित्रता के भाव, अनुभव साझा करने और बेहतर कार्य संस्कृति विकसित करने के लिए आवश्यक हैं। मध्यप्रदेश में प्रचुर वन संपदा विद्यमान है तथा पुरातत्व, भू-गर्भ शास्त्र, पर्यावरण, वनस्पति शास्त्र सहित कई विधाओं में अध्ययन व शोध की अपार संभावना विद्यमान हैं। वन विभाग को इन क्षेत्रों में अध्ययन को प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान करने के लिए पहल करना होगी। इसी प्रकार पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए भी गतिविधियों का विस्तार किया जाए। उन्होंने रातापानी के संदर्भ में ग्रामों के विस्थापन की चुनौती का प्रभावी तरीके से सामना करने के लिए वन अमले की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन द्वारा वनों के विकास और नवाचारी गतिविधियों के संचालन के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# कार बिजली के खंभे से टकरायी, दो की मौत चार घायल




**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में तडके एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे लगे खंभे से टकरा गयी, जिससे कार सवार मामा-भांजे की मौत हो गयी और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के वक्त कार अधिकतम स्पीड में रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बैतूल निवासी आकाश जाटव (24) अपने फूफा के घर तेरहवीं की रस्म में शामिल होने भिंड आया था। इसके बाद आकाश शाम को अपने मामा नरेंद्र जाटव और अन्य चार लोगों के साथ एक ढाबे पर खाना खाने गया था। वहीं से सभी लोग वापस लौट रहे थे। कोहरे और तेज रफ्तार के कारण कार भारौली तिराहे के पास सड़क किनारे लगे खंभे से टकरा गई। इसके बाद वहां लगे होर्डिंग से भी टकरा गयी। हादसे की सूचना ट्रक चालकों ने डायल-100 को दी। कार आकाश जाटव चला रहा था। उसकी बगल वाली सीट पर ही मामा नरेंद्र जाटव (34) बैठा था। कार की पिछली सीट पर बैठे चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

# बैरागढ़ में आल्हा ने लिया था बैराग्य, मां शारदा का था आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ◄ जालौन
www.dailypioneer.com



दिल्ली कन्नौज और महोबा की सियासत के केंद्र रहे जालौन जिले के एट क्षेत्र में बैरागढ़ धाम अकोढ़ी के बारे में मान्यता है कि यहां आल्हा और उदल ने मां शारदा का आशीर्वाद लिया था। इतिहासकारों के अनुसार दिल्ली के शासक पृथ्वीराज चौहान एवं महोबा के आल्हा और उदल के बीच आखिरी लड़ाई यहीं हुई थी। माना जाता है कि आल्हा और उदल को मां शारदा का आशीर्वाद प्राप्त था। जिसके चलते दिल्ली के शासक पृथ्वीराज चौहान की सेना को पीछे हटना पड़ा था। मां शारदा के आदेश अनुसार आल्हा ने अपनी सांग को वही मां शारदा के चरणों में चढ़ा करके उसकी नोक को टेढ़ा कर दिया था जिसे आज तक किसी ने भी सीधा नहीं कर पाया है। मंदिर परिसर में ऐसे ही कई और अन्य ऐतिहासिक स्थान है जो दिल्ली के शासक पृथ्वीराज चौहान और आल्हा ऊदल की युद्ध की सत्यता को स्पष्ट करते हैं। एट के पास बैरागढ़ में स्थित माता शारदा शक्तिपीठ लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर की ख्याति दूर दूर तक मानी जाती है और इस मंदिर पर जिले ही नहीं बल्कि कई प्रांतों के लोग मंदिर में शारदा माता के दरबार में अपनी हाजिरी लगाते हैं और यह मन्दिर परिसर केंद्र सिद्ध पीठ माना जाता है। इतिहासकार डॉ हरिमोहन पुरवार ने बताया कि इस मंदिर का इतिहास बहुत ही प्राचीन है। बताया जाता है कि यह आल्हा और उदल के समय का मंदिर है। जहां आल्हा ने इसी मंदिर में वैराग्य लिया था। जिससे इस सिद्ध पीठ का नाम बैरागढ़ धाम पड़ गया। और इस मंदिर में आल्हा की सांग भी गड़ी हुई है। जो बहुत ही भारी-भरकम है। जिसमें 11वीं आते हैं। शताब्दी में जब दिल्ली के राजा पृथ्वीराज चौहान का आल्हा और उदल से युद्ध हुआ था। तब उस समय आल्हा ने अपनी विजय के लिए मां से आग्रह कर देवी की स्थापना की थी। वैसे माता शारदा का स्थान त्रिकूट पर्वत पर है। जो मध्य प्रदेश में स्थित है। बताते हैं कि बैरागढ़ में देवी की स्थापना कराने के बाद आल्हा यहां पूजा करते थे। और यहीं से उनके मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया था। और इस न मंदिर की विशेषता एट क्षेत्र में स्थित माता शारदा का मंदिर साधारण नकाशी का बना हुआ है। इस मंदिर के पीछे एक कुंड बना हुआ है। कुंड की मान्यता है कि इस कुंड में स्नान करने से त्वचा संबंधी रोग दूर हो जाते हैं। जिसके चलते बड़ी संख्या में भक्त यहां स्नान आदि करने को भी पहुंचते हैं। जहां बड़ी दूर दूर से लोग यहां पर आते हैं और यह स्थान बहुत ही रमणीक बताया गया है। जहां नवरात्र में दशमी के दिन यहां भव्य मेले का आयोजन भी होता है। बताया जाता है कि देवी शारदा की प्रतिमा दिन में कई बार रूप बदलती है। गौरतलब है कि मां शारदा का मंदिर देश में सिर्फदो जगह स्थापित है। जिसमें पहला स्थान जालौन के एट क्षेत्र के बैरागढ़ में और दूसरा स्थान मध्य प्रदेश के सतना जनपद के मैहर में है जहां मंदिर की प्राचीनता और सिद्ध पीठ होने के कारण मां शारदा के दर्शन करने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं और यह मंदिर बहुत ही प्राचीन और ख्याति प्राप्त मंदिर है।

जहां रोज अपार भीड़ होती है लेकिन नवरात्रि के दिनों में यहाँ भक्तों की संख्या में कई गुना इजाफा हो जाता है और लोग यहाँ पर देवी के दर्शन करते हैं। जहां उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। जालौन के कस्बा एट तक ट्रेन और बस से पहुंचा जा सकता है।

# इटावा में फायर एनओसी के बिना संचालित 21 निजी अस्पतालों को बंद करने की संस्तुति

पायनियर संवाददाता ◄ इटावा
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में दमकल विभाग ने फायर एनओसी के बिना संचालित 21 निजी अस्पतालों के लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति कर दी है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुभाष चौधरी ने बताया कि अग्निशमन विभाग के कई बार नोटिस के बाद भी 21 अस्पतालों में फायर सिस्टम के इंतजाम पूरे ना करना उन्हें महंगा पड़ेगा। विभाग ने इन सभी निजी अस्पतालों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई को सीएमओ को पत्र लिखा है। ऐसा माना जा रहा है कि इन सब अस्पतालों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधूरे पड़े फायर सिस्टम के इंतजाम पूरे नहीं किए गए हैं इसलिए सभी अस्पतालों के लाइसेंस को निरस्त करने के लिए सीएमओ को संस्तुति की गई है। इन अस्पतालों में डायर मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल, डॉक्टर के भारत चाइल्ड केयर सेंटर, लाइफलाइन हॉस्पिटल, चौधरी नर्सिंग होम, आर.के.स्पेशलिस्ट केयर यूनिट, आरोग्य मेडिकेयर, बांके बिहारी हॉस्पिटल, सम्राट हॉस्पिटल, प्रजा हॉस्पिटल, मंजू हॉस्पिटल, शिवानी हॉस्पिटल, पंचशील हॉस्पिटल, श्रीजी हॉस्पिटल, सागर हॉस्पिटल, न्यू कृष्णा हॉस्पिटल, आशीर्वाद हॉस्पिटल, सेवा अस्पताल आदि शामिल है। इटावा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.गीता राम ने बताया कि मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुभाष चौधरी की ओर से 21 निजी अस्पतालों में फायर एनओसी न होने के बावजूद अस्पतालों को संचालित करने की जानकारी एक पत्र के माध्यम से दी गई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से सभी अस्पतालों के लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की है, समीक्षा के बाद लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई मेडिकल अफसर की टीम की निगरानी में जल्द ही अपनाई जाएगी।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना से नारायणपुर के नागरिक लाभान्वित

## लोगों को घर के पास ही मिल रही मुफ्त ईलाज की सुविधा

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नारायणपुर शहर के नागरिकों को स्वास्थ्य के लिए कई तरह की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत नारायणपुर नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डो में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर नारायणपुर प्रतिष्ठा ममगाई के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम के निर्देशन में उप अभियंता दीपक अंचला, बसंत कुंजाम, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित दिल्लीवार के नेतृत्व में इन शिविरों का आयोजन किया जाता है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में एक डॉक्टर, एक फ़ार्मासिस्ट, एक नर्स और एक लैब जांच करने वाले अनुभवी एवं प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा नारायणपुर शहर में अभी तक लगभग 48 हजार मरीजों का इलाज किया जा चुका है।41 हज़ार से ज़्यादा मरीजों ने निशुल्क दवाइयों का लाभ लिया एवं 20 हज़ार से ज़्यादा मरीजों का मुफ़्त लैब जांच किया गया हैं। इस योजना का मकसद राज्य के स्लम क्षेत्रों में रहने वाले ज़रूरतमंद लोगों को बेहतर और मुफ़्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। इस योजना के द्वारा लोगों को 170 प्रकार की दवाइयाँ 41 प्रकार के लैब जांच और उच्चतम परामर्श निशुल्क दिया जाता है, प्रतिमाह नगर के सफाई मित्रों को भी मासिक जांच सुविधा प्रदान की जाती है। इस योजना के मदद से नारायणपुर के नागरिकों को बेहतर निःशुल्क स्वास्थ सुविधाएं और उच्चतम स्वास्थ्य परामर्श दिया जाता है।

# कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने नारायणपुर जिले के बिंजली, पालकी और तेलसी आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जाने वाले पौष्टिक भोजन, स्वच्छता और शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने पालकी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 की साफ-सफाई का अवलोकन किया और बच्चों से बातचीत कर उनका परिचय लिया। कलेक्टर ने सहायिकाओं से नाश्ता और पौष्टिक भोजन की जानकारी लेते हुए 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाओं की देखभाल और पोषण से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने रेडी-टू-ईट फूड की गुणवत्ता का निरीक्षण किया और इसे स्वच्छता के साथ समय पर बच्चों को परोसने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायिकाओं को बच्चों को शौचालय उपयोग करने और स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए प्रेरित किया। पालकी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिशुवती मां सगनी दुग्गा से मुलाकात की, जो अपने बच्चे का वजन कराने आई थीं। कलेक्टर ने सगनी से अस्पताल में डिलीवरी के दौरान मिलने वाली सुविधाओं और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत दी गई राशि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, टीकाकरण, और स्वास्थ्य जांच की स्थिति की जानकारी ली। केंद्र के भंडार कक्ष में रखे रेडी-टू-ईट फूड के पैकेटों को सावधानीपूर्वक और सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। बिंजली आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 के निरीक्षण में कलेक्टर ने बच्चों की उपस्थिति, पोषण ट्रैकर की एंट्री और पौष्टिक भोजन की समयबद्धता का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध टेलीविजन का उपयोग बच्चों को शिक्षाप्रद कहानियां और चित्रों के माध्यम से सिखाने के लिए करने को कहा। तेलसी आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ते, पौष्टिक भोजन और रेडी-टू-ईट फूड से बने व्यंजनों की गुणवत्ता की जांच की।

# एक लाख के इनामी नक्सली ने किया सरेंडर



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज के निर्देशन एवं कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में इस इकाई अन्तर्गत लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जा रहे हैं एवं समय-समय पर सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल प्रभावित ग्रामों में सिविक एक्शन कार्यक्रम चलाये जा कर शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रदाय सुविधाएँ व लाभ की जानकारी बैनर, पोस्ट, पाम्पलेट आदि के माध्यम से अवगत कराया जा रहा हैं, जिसके परिणाम स्वरूप नक्सलियों द्वारा स्वयं आगे बढ़ कर शासन के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेने हेतु पुलिस अधीक्षक के समक्ष समाज की मुख्यधारा में जुड़कर जीवन यापन करने हेतु आत्मसमर्पण कर रहे हैं। 10 जनवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोंडागांव में जिला कोंडागांव, बस्तर व नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय एवं आमदई एलओएस पार्टी सदस्य के रूप कार्यरत् नक्सली सदस्य दिवास उर्फ गनपत मण्डावी निवासी ग्राम हांदापाल, कुड़ापालपारा, थाना मर्दापाल जिला कोंडागांव के द्वारा आत्मसमर्पण किया गया। जिसे तत्काल प्रोत्साहन राशि 25 हजार रूपये प्रदाय किया गया।

# अवैध सागोन चिरान जब्त

पायनियर संवाददाता ∢ पखांजुर
www.dailypioneer.com



वन मण्डल पश्चिम भानुप्रतापपुर के कापसी वन परिक्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमान वन मण्डलाधिकारी एच. सी.पहारे (भा.व.से.) उप वन मण्डलाधिकारी पूर्व कापसी एच.एस.उइके (रा.व.से.) के कुशल मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी कापसी देवदत्त तारम के अगुवाई में सर्च वारंट क्रमांक 01 दिनांक 09/01/2025 के द्वारा आरोपी ईश्वर पिता जयलाल नेताम शिक्षक ग्राम पटेल पारा बड़गांव तहसील पखान्जुर ज़िला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग. के मकान के तलाशी लिया गया। जिसमें अवैध रूप से सागौन चिरान 78 नग = 0.838 घन मीटर बरामद किया गया। आरोपी ईश्वर नेताम पिता जयलाल शिक्षक एवं कत्थालाल मरकाम पिता धरमू राम पंचायत सचिव के विरुद्ध वन अपराध क्रमांक 302/02 दिनांक 09/01/2025 जारी गया। जप्त सागौन चिरान की अनुमानित कीमत एक लाख रुपए होगी।तथा भारतीय वन अधिनियम सन 1927 की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है। कार्यवाही के दौरान देवदत्त तारम वन परिक्षेत्र अधिकारी, कमलसिंह नरेटी उ व..क्षे., रामसाय सलाम वनपाल, पुनाऊराम दुग्गा वनपाल, श्रीमती कविता नरेटी वनपाल, भागबली बघेल वन रक्षक, सुखराम सुर्खियां वन रक्षक, नंदकिशोर मंडावी वन रक्षक, प्रीति उसेण्डी वन रक्षक, प्रभा तारम वन रक्षक, स्टाईक फोर्स वाहन चालक अनिल कुमार नेताम, दैनिक सुरक्षा श्रमिक विकास तरफदार आदि के विशेष योगदान रहा।

# अयोध्या में श्री रामलला जी के भव्य मंदिर स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर श्री राघव दरबार में आयोजित होगी भजन संध्या



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

500 वर्षों की प्रतीक्षा के उपरांत भारत वर्ष की संस्कृति एवं गौरव के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी के बाल विग्रह स्वरूप की स्थापना विगत वर्ष पौष शुक्ल द्वादशी तिथि (22 जनवरी 2024) के शुभ मुहूर्त में उनकी पावन जन्मस्थली अयोध्याजी में की गई थी। जिस पर पूरी दुनिया के सनातनियों ने पर्व के रूप में विविध उत्सव का आयोजन किया था। किरंदुल के श्री राघव दरबार में भी भव्य आयोजन किया गया था। इस वर्ष यह पावन तिथि 11 जनवरी को पड़ रही है। समस्त सनातनियों के लिए गौरव की इस ऐतिहासिक तिथि पर बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मन्दिर एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वाधान में नगरपरिवार के सर्व सनातन समाज के सहयोग से सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक शनिवार 11 जनवरी को संध्या 6 बजे से देश के सुप्रसिद्ध गायक प्रभंजय चतुर्वेदी द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी ततपश्चात भोग भंडारा, महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर बैलाडीला देवस्थान समिति, गायत्री परिवार, सर्व सनातन समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों की उपस्थिति रही। इस पुण्य अवसर पर नगरपरिवार के समस्त सनातनियों को श्री राघव दरबार में सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

# बौद्ध विकास समिति के तत्वाधान में मनाया गया सावित्री बाई फुले की जयंती



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल स्थित नागार्जुन बौद्ध विहार में बौद्ध विकास समिति के द्वारा बुधवार महिला समाज विचारक सावित्रीबाई फुले की 193 वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई। सर्वप्रथम भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परित्राण पाठ किया गया एवं गौतम बुद्ध के आदर्शो पर प्रकाश डाला गया तत्पश्चात देश की पहली महिला अध्यापिका और महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में कार्य करने वाली पहली महिला समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले के जीवनी पर अतिथियों ने विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि सभी महिलाओं को पढ़ लिखकर अपने अधिकारों को जानने की समझाईश दी साथ ही सभी महिलाओं को एकजुट रहने की अपील की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हल्बा समाज, सतनामी समाज,गोंडवाना समाज,आदिवासी संघ छोटा नागपुर आदिवासी संघ एवं बौद्ध समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मंजू साही, विजया राजकुमार, राधा सेल्वाकुमार, नीति सिंह, तेजिंदर कौर,अनिल राजी मोल उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्षों व सदस्यों के आरक्षण की कार्यवाही सम्पन्न



**कोंडागांव।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु जिला पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायतों के अध्यक्षों और सदस्यों के लिए आरक्षण की कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की उपस्थिति में संपन्न हुई। इसी प्रकार जिले के सभी जनपद पंचायत में ग्राम पंचायतों के सरपंच और पंच पदों के लिए आरक्षण की कार्यवाही हुई। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित आरक्षण की कार्यवाही में जिले के जनपद पंचायत कोंडागांव, फरसगांव, केशकाल, बड़े राजपुर और जनपद पंचायत माकड़ी के अध्यक्ष और सदस्य पद सहित जिला पंचायत सदस्यों के आरक्षण की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर, उप संचालक पंचायत बी.आर. मोरे सहित ग्रामीण जन और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# पुलिस से झूमाझटकी के बीच ओबीसी ने सीएम का फूंका पुतला

पायनियर संवाददाता ∢ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



सर्व पिछड़ा वर्ग ने आरक्षण में कटौती को लेकर आक्रोशित हैं। नगरीय निकाय में आरक्षण के बाद त्रिस्तरीय पंचायत में आरक्षण नहीं मिलने से ओबीसी वर्ग के लोगों आक्रोश और बढ़ गया। और गुरुवार को भानुप्रतपपदेव चौक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला फूंका इस बीच पुलिस के साथ झूमाझटकी भी हुई। पुतला दहन की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। इससे ओबीसी वर्ग के लोगों अचानक एक वाहन से लेकर आये और चौक में पुतला में आग लगाकर फेंक दिया इससे मौजूद पुलिस बुझाने लगी और ओबीसी और पुलिस के बीच पुतला को लेकर खींचतान चलता रहा। पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष माथेश्वर जैन ने कहा सरकार ने आरक्षण की कटौती किया है। 50 प्रतिशत आरक्षण देने का वाद कर धोखा दिया है। यह अभी शुरुआत है आने वाले समय उग्र आंदोलन होगा। हरेश चक्रधारी ने कहा छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की आरक्षण में कटौती व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग को भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव साय सरकार शुन्य पर लाकर खड़ा कर दिया है। पिछड़ा वर्ग समाज जब से छत्तीसगढ़ राज्य बना है तब से 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ रहा है छत्तीसगढ़ में 40 से 45 प्रतिशत की आबादी वाले ओबीसी समाज को सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण देने के बजाय नगरी निकाय चुनाव में कटौती व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण को शून्य कर दिया गया इससे साफ जाहिर होता है कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के विष्णु देव साय की सरकार ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय अत्याचार की सीमा को लांघ चुका है जिसका जवाब वर्तमान में होने वाली नगरीय निकाय चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग समाज छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी की सरकार की सुपड़ा साफकर देगी। गांव गांव में सीएम का पुतला दहन किया जाएगा। और भाजपा समर्पित प्रत्याशी का जमानत जप्त कराया जाएगा। कुछ लोग पिछड़ा वर्ग के है पर भाजपा की ओर है इससे भी संगठन में दिक्कत हो रही है ऐसे लोगों पर हमारी नजर है। इस अवसर पर मुकेश चन्द्रकार, संरक्षक राजकुमार ठाकुर, महेश जैन, विजय साहू, शेखर यदु, दीपक गजेन्द्र, धनसिंग विश्वकर्मा, रवि साहू, दीनदयाल पटेल, ऋषभ गजेंद्र, घसियाराम साहू, अबिप्रसाद सोनी, जीतू यादव, हरि यादव, गोविंद साहू, नवीन साहू, कमलेश निषाद, उमाशंकर साहू, सुलोचना जैन, प्रेमीन साहू, खिलेश्वरी साहू, मणी यादव, सदा चक्रधारी, लक्की यादव, अश्विनी विश्वकर्मा, नवीन योगी, रवि जैन उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने दिया समर्थन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ब्लाक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा पिछड़ा वर्ग की आरक्षण में कटौती करना गलत है। मांग जायज है। मौके पर कांग्रेस के नरेंद्र कुलदीप, हितेश तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## क्रेडा ने बदली अबूझमाड़ के ग्रामीणों की जीवनशैली

# नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत सोलर हाईमास्ट से रोशन हुए अबूझमाड़ के गांव

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर के माओवाद प्रभावित इलाकों में विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी 'नियद नेल्ला नार' योजना के तहत नारायणपुर जिले के दूरदराज के गांवों में सोलर हाईमास्ट और सोलर ड्यूल पंप लगाकर ग्रामीणों के जीवनशैली में ऐतिहासिक बदलाव आ रहे हैं। आजादी के बाद क्रेडा विभाग की पहल से इन इलाकों में अंधेरा छट गया है और अब ग्रामीण रात में भी सुरक्षित महसूस करते हैं। साथ ही, सोलर ड्यूल पंपों से मिल रहे स्वच्छ पानी ने ग्रामीणों की जिंदगी आसान बना दी है।क्रेडा ने स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ और माओवाद प्रभावित ग्रामों में सोलर ड्यूल पंपों की स्थापना की है। नारायणपुर जिले के ग्राम कोडोली (कस्तुरमेटा), ओकपाड़, हिकपाड़, ईरकभट्टी, कानागांव, मसपुर, मेटानार और मोहंदी जैसे गांवों में इन पंपों से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इन प्रयासों के माध्यम से अब ग्रामीणों को गांव में ही शुद्ध और साफ पानी उपलब्ध हो रहा है, जिससे उन्हें अब पानी के लिए दूर-दराज के स्थानों पर जाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ती। इससे उनकी दैनिक जिंदगी में असाधारण बदलाव आया है और जल संकट जैसी समस्याएं हल हो गई हैं। यह पहल न केवल ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बना रही है, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर डाल रही है। नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखंड के ग्राम मसपुर, मेटानार, कस्तुरमेटा और हिकपाड़ में सोलर हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना की गई है। इन सौर ऊर्जा संचालित संयंत्रों से इन गांवों में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है, जिससे न केवल गांवों में सुरक्षा का स्तर बढ़ा है, बल्कि ग्रामीणों को अब रात में भी बिना किसी परेशानी के विभिन्न गतिविधियों को अंजाम देने की सुविधा मिल रही है। इन संयंत्रों की मदद से ग्रामीण अब रात्रिकालीन बैठकें, सामुदायिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, और अन्य सामाजिक गतिविधियां सहजता से आयोजित कर सकते हैं। इससे गांवों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है, और स्थानीय समुदाय को विकास की नई दिशा मिली है। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के इन प्रयासों को ग्रामीणों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। मसपुर और मेटानार के ग्रामीणों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। क्रेडा विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप सोलर हाईमास्ट, सोलर पेयजल संयंत्र और सौर सुजला योजना के तहत सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा संचालित उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। इन संयंत्रों की स्थापना से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, जो उन्हें समाज के अन्य वर्गों के साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास है।

# एनएमडीसी किरंदुल सीएसआर के अंतर्गत मछली बीज वितरण




पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी लिमिटेड की महत्वपूर्ण परियोजना बीआईओएम कॉम्पलेक्स, किरंदुल के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही के निर्देशन एवं उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी के माधव के मार्गदर्शन में एनएमडीसी प्रबंधन नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत परियोजना के परिक्षेत्रीय विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इसी के तहत एनएमडीसी प्रबंधन ने अपने आसपास के ग्रामवासियों के जीवन स्तर और जीवन यापन हेतु आदिवासी किसानों की मांग पर सीएसआर के अन्तर्गत मछली बीज वितरण ग्राम माहराहाउरनार, समलवार, अलनार, गुमियापाल, पिरनार, हिरोली, मदाड़ी, पेरपा, कोड़ेनार, पालनार, हितावर, गोंगपाल, कलेपाल एवं चोलनार के आदिवासी किसानों को किया गया।इस दौरान परियोजना प्रबंधन की ओर से विवेक कुमार रक्षा, प्रबंधक (सीएसआर) एवं एस आर गावडे प्रबंधक (सिविल)/ सीएसआर के साथ विभिन्न ग्राम के सरपंच व ग्रामवासी उपस्थित थे। परियोजना प्रबंधन द्वारा स्वरोजगार अवसर प्रदान करने के इस सराहनीय व प्रशंसनीय कार्यो का स्थानीय आदिवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# विष्णु के सुशासन में अब हो रहा सांय सांय विकास : रामू रोहरा

## नालंदा परिसर, कंडेल में नया शास.महा. भवन, विधि विभाग धमतरी नया भवन हेतु मुख्यमंत्री का जताया आभार

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। प्रदेश के मुखिया विष्णदेव साय द्वारा अपने एक वर्षीय कार्यकाल में सर्वहारा वर्ग के हितार्थ अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई है। धमतरी शहर के लिये भी मुख्यमंत्री धीर-गंभीर हैं। यहां के विकास के लिये कोई कमी नहीं होगी जिसके चलते उन्होंने नगर निगम के विकास के लिये करोड़ों रूपये की सौगात दी और अपने संक्षिप्त दौरे में उन्होंने धमतरी जिले को नालंदा परिसर निर्माण, कंडेल में शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण, शासकीय महाविद्यालय धमतरी विधि विभाग हेतु नये भवन जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं की है जिससे युवाओं का भविष्य उत्तरोत्तर तरक्की के लिये अग्रसर होगा। जिले के युवाओं के लिये नालंदा परिसर मील का पत्थर साबित होगा। जो युवा अच्छी कोचिंग के लिये जिले से बाहर जाने में असमर्थ थे, उन्हें जिले में अच्छा कोचिंग मिलेगा और ये लोग उच्च पदों पर चयनित होंगे जिससे जिले का नाम गौरवान्वित होगा। जिले में 9 हजार विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को भूस्वामित्व का अधिकार दिया गया। ये तो आरंभिक चरण है। आने वाले समय में और भी सौगात धमतरी जिले




को मिलेगी। पॉयनियर प्रतिनिधि से चर्चा में रोहरा ने बताया कि केंद्र की मोदी एवं प्रदेश की साय सरकार के नेतृत्व में धमतरी जिला विकास के नये आयाम को छुएगी। जिलेवासियों की हर मांग को लेकर प्रदेश के मुखिया गंभीर है। रोहरा से जिले की अन्य बड़ी मांग जिसमें मेडिकल कॉलेज प्रमुख है, इसकी घोषणा कब तक होने की बात पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जिलेवासियों को अब किसी भी बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है। मेडिकल कॉलेज भी जिलेवासियों को जरूर मिलेगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा धमतरी जिले के विकास के लिये कृत संकल्पित हैं। उनके समक्ष जो समस्याएं आती हैं, उसके त्वरित निराकरण के लिये हमेशा तत्पर रहते हैं। शहर के मुख्य मांगों से वाकिफ होकर वे इन समस्याओं और मांगों को लेकर अपने वरिष्ठजनों को सुझाव देते आ रहे हैं जिसके कारण ही नालंदा परिसर कंडेल में शासकीय महाविद्यालय भवन, शासकीय महाविद्यालय धमतरी में विधि विभाग हेतु नये भवन जैसी घोषणा मुख्यमंत्री साय द्वारा की गई है। इसके अतिरिक्त शहर के विकास के लिये उन्होंने पिछले दिनों निगम को 10 करोड़ की सौगात दिलाई है। यही नहीं रोहरा ने कुरूद में घटित चार वर्षीय बालिका से घिनौने कृत्य की शिकार नाबालिग को उच्च स्तरीय ईलाज दिलाने के लिये प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से भी दूरभाष पर चर्चा की और उक्त परिवार को रायपुर भिजवाया जिससे धमतरी जिले में रोहरा की सक्रिय नेता के रूप में पहचान बन चुकी है और पीड़ित लोग जब भी अपनी समस्याओं को लेकर उन्हें मोबाईल पर संपर्क करते हैं तो वे उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये संबंधित अधिकारी से कहकर उनकी समस्या के निराकरण हेतु प्रयास करते हैं जिसकी आम लोगों ने प्रशंसा की है।

# महतारी वंदन योजना से श्यामा की बदली किस्मत

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद जिला जनजाति सदस्यों की बहुलता एवं वनांचल क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। यहां कमार, भुंजिया सहित अन्य जनजाति सदस्य निवासरत है। साथ ही बांसशिल्प को अपने आजीविका का माध्यम मानने वाले कंडरा जनजाति के लोग भी जिले में निवास करते है। शासन द्वारा जनजाति सदस्यों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे उन्हें आगे बढ़ने में मदद मिल रही है। जिले के कुरूद गांव की रहने वाली कंडरा जनजाति सदस्य श्यामा बाई और उनके परिवार का जीवन पहले काफी कठिनाइयों से भरा था। खेतों में मजदूरी करके दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल था। उनके पास कोई स्थायी आय का स्रोत



नहीं था। शासन द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन में क्रांति ला दी। महतारी वंदन योजना उनके जीवन विकास में सहायक हो रही है। श्यामा बाई कंडरा अपने जीवन में संघर्ष और स्वाभिमान की मिसाल बन चुकी हैं। उनका परिवार, जो कभी भूमिहीन मजदूर था, आज अपनी मेहनत और परंपरागत कौशल के दम पर आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रहा है। कंडरा जनजाति के होने के कारण अपने पैतृक कार्यों जैसे बांस के समान बनाकर आजीविका चलाती है।

## 84 हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने मिली मदद

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल की पहल से जिले में स्वरोजगार के लिए इच्छुक नागरिकों को जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक मदद की जा रही है। उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उन्हें आजीविका गतिविधियों में जोड़ने एवं स्वरोजागार स्थापित करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के 84 हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता के रूप में 8 लाख 40 हजार रूपये की अनुदान राशि स्वीकृत किया है। इनमें अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत 60 एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत 24 हितग्राही शामिल है। इन हितग्राहियों को जिला प्रशासन की ओर से सहायता करते हुए विभिन्न व्यवसाय स्थापित करने के लिए बैंक के माध्यम से 39 लाख 35 हजार रूपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है। उपलब्ध ऋण में शासन की ओर से छुट सहायता प्रदान करते हुए सभी हितग्राहियों को 10-10 हजार रूपये अनुदान राशि के रूप में प्रदान किया गया है। इससे उन्हें बैंक ऋण के ब्याज चुकाने में सहायता होगी। साथ ही बिना किसी दिक्क त के अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा पायेंगे। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति गरियाबंद सु रश्मि गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से 84 हितग्राहियों को ऑटो गैरेज, किराना दुकान, बकरी पालन, मुर्गीपालन, कृषि कार्य, सब्जी व्यवसाय, मुर्तिकला, फैंसी स्टोर्स, सिलाई कार्य, मछली पालन, सीएसी सेंटर, अंडा रोल सेंटर, मेडिकल स्टोर्स, मिस्त्री कार्य एवं वेल्डींग कार्य आदि व्यवसाय करने के लिए बैंक ऋण दिलाकर अनुदान राशि भी प्रदान किया गया है।

# दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

शाउमवि दुलारपाली में प्राचार्य प्रेमानन्द भोई के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार नायक के संयोजन में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत दुलारपाली सरपंच जयनन्द गहिर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कबड्डी के राष्ट्रीय निर्णायक अक्षय सिदार, वरिष्ठ प्रधान पाठक शंखलाल जगत उपस्थित थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बैडमिंटन खेल से हुआ। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को दो दलों केसरिया और हरियर में विभाजित किया गया था। ऑफिशियल के रूप में शिक्षकों के लिए सफेद रंग का ड्रेश कोड निर्धारित किया गया था। दोनों दलों के खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। सभी मुकाबले रोमांचक रहे। बैडमिंटन सीनियर में ध्रुव, हेमराज, मुस्कान, टेशू ने प्रथम, भूपेंद्र दुर्योधन,आरती और खुशी द्वितीय, जूनियर



वर्ग में प्रथम हर्ष तुषार बाघ, अरमान, गोपाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में सौ मीटर,दो सौ मीटर,चार सौ मीटर,ऊँची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, सुरीली कुर्सी, रिलेरेस, त्रिटंगी दौड़, वॉलीवाल, खो-खो, और कबड्डी खेल का आयोजन बालक बालिका जूनियर एवं सीनियर वर्ग में किया गया।जिसमें अपने खेल कला कौशल के बल पर अपने-अपने वर्ग में नरेंद्र, अमन बसंती यामिनी ध्रुव वैष्णव पूनम जगत साधनी हिमेश अरुण साहू संतोषी टिकेश्वर मुस्कान देवदास धावेश हेमबाई संतोषी सिदार दुर्योधन, योगेश, खीरसागर, दीपक, चाँदनी नायक, हिमांशी, गोपिका, नरेंद्र ध्रुव, समीर देवदास बसंती हिमांशी गोपिका अमीषा हर्ष, तुषार बाघ, सुमित्रा यादव माधुरी अरमान दीपक, कमलेश, चंद चौहान, पूजा,अमिषा पटेल, ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। लीलेन्द्री, विजय जितेश खुशबू मोना अंजु खगीता सुमित पूजा निषाद बबिता साहू, देवकी, धनेश्वरी, मोनिका पुरुषोत्तम, युवराज, परी वैष्णव, कामिनी साहू ने सिल्वर मेडल तथा हेमराज वीरेंद्र पुष्पा मनीष नेताम, दुर्गेश, लक्ष्मी यादव,गोपिका साहू, दीपक नेताम, हिमांशु, मोना भोई ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सामुहिक खेल में जहाँ केसरिया टीम ने बैडमिंटन सीनियर बालक एवं बालिका, खो-खो सीनियर बालिका, कबड्डी जूनियर बालिका, कबड्डी जूनियर बालक, कबड्डी सीनियर बालिका,कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।वहीं खो-खो और वॉलीवाल में हरियर टीम चैंपियन रही। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत और सामुहिक खेल में बेहतरीन खेल के लिए हिमेश नेताम और पूनम जगत को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। निर्णायक की भूमिका व्यायाम शिक्षक रूपधर पटेल की अगवाई में, दुबेलाल पोर्ते, सुशांत प्रधान,टेकलाल पटेल शरद बाघ, डी एल खटकर,रोहित कुमार साहू ने निभाई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीआर सीसी बसना पूर्णानन्द मिश्रा उपस्थित थे।जिन्होंने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। अध्यक्षता देवेंद्र साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप उर्मिला मिश्रा, पालक सदस्य सुरेन्द्र साहू, निरंजन साहू, जीवन लाल साहू, हेमन्त साहू, आनंद पटेल, कैलाश नेताम उपस्थित थे।प्रतियोगिता को सफल बनाने में राकेश प्रधान, हाराधन चौधरी,सी एस विशाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों और भुतपूर्व छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्णानंद मिश्रा ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी एवं परीक्षा उत्सव में भी इसी उत्साह और उमंग के साथ जुट जाने का आह्वान किया।

# भूतपूर्व सैनिक संगठन ने किया समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर का सम्मान



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

भूतपूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष के पी साहू, अजय नामदेव, गोस्वामी एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा सनातन सेना के दीपक सिंह ठाकुर का सम्मान लगातार युवाओं को खेल कूद और अन्य क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने हेतु तथा समाज के विभिन्न धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करने के लिए किया। अध्यक्ष के पी साहू ने दीपक ठाकुर को इसी प्रकार समाज सेवा में बढ़ चढ़ कर सहभागिता देने हेतु आग्रह किया जिस पर पूरी सनातन सेना ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा जिस तरह आप लोगों ने हमारे देश की सीमाओं को सुरक्षित किया ठीक उसी तरह समाज सेवा हेतु भी निवेदन किया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप गार्डन में सनातन सेना के जिला प्रमुख डाकेश्वर साहू, जतिन देवांगन, चिराग साहू, हिमांशु साहू, चित्रेश साहू, नितेश साहू, अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा, सत्यम सिन्हा, देवेन्द्र साहू,गोपाल साहू, तेजली ठाकुर, सिमर प्रीत कौर सहल उपस्थित थे।

# गोलवलकर विद्यालय में हुआ सम्मान समारोह



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें साल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल, सदस्य प्रदीप प्रधान अधिवक्ता सरायपाली, मंगला यादव एवं सदस्यगण , पालकगण, शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकागण उपस्थित रहे, बेस्ट कंप्यूटर एजुकेशन सरायपाली के द्वारा गतवर्ष के परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल तथा समस्त शिक्षक गणों को भेंट कर कर सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले कक्षा नवमी से कुमारी दीपांजलि मांझी प्रथम तथा कुमारी प्रीति नंद द्वितीय, कक्षा दसवीं से कुमारी धांसू अग्रवाल प्रथम तथा समीर नायक द्वितीय, कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय से प्रथम कुमारी उमेश्वरी साहू, द्वितीय लोकेश कुमार श्रीवास, वाणिज्य संकाय से प्रथम कुमारी पूजा साहू, द्वितीय आयुष विशाल, विज्ञान संकाय से प्रथम कुमारी किरण डड़सेना, द्वितीय अमित मांझी इन सभी प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य एस डी प्रधान ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में उच्चतम परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं ईश्वर परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने एवं उच्च अंक प्राप्त करने के कुछ टिप्स दिए। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु प्रेरित तथा अपने उद्बोधन में समय के महत्व पर बात की जो समय निकल गया उसे पर विचार न करके बचे हुए समय का योजनाबद्ध रूप से उपयोग कर उच्च स्थान प्राप्त किया जा सकता है, उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। शाला के ए के सतपथी, पी.एन. पाणिग्राही, एस.एल. पटेल, दीपिका पटेल, धर्मवीर प्रधान, दिनेश साहू,ऋषि कुमार साहू, शीला साय, ध्वज पटेल, गजानन पाणीग्राही मनहरण मैत्री, के साथ-साथ लिपिक एवं नृत्य स्टाफ की उपस्थिति रही, कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता जे.एस.कर के द्वारा किया गया।

# खरतुली में त्रिदिवसीय भव्य मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम खरतुली में त्रिदिवसीय भव्य मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किया गया। इस आयोजन में अतिथि के रूप में जिला पंचायत वन समिति सभापति मती कविता योगेश बाबर तथा जनपद सदस्य मती रोशनी पवार ने आयोजन समिति के अतिथि आमंत्रण पर अपनी उपस्थिति दी उन्होंने अपने संयुक्त अतिथि उद्बोधन में कहा कि प्रभु राम चंद्र जी हमारे आदर्श हैं उन्हें हम मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम से भी जानते हैं मर्यादा शब्द की उपाधी प्रभु को इसलिए प्राप्त हुई क्यों की उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मर्यादित रहकर अपने माता पिता और सभी छोटे बड़े लोगों का सम्मान करते हुए व्यतीत किया इस प्रकार के आयोजन से ही सभी लोगों को धर्म के बारे में जानकारी मिलती है एवं उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा मिलती है उन्होंने कहा कि हमें यह जो मनुष्य तन प्राप्त हुआ है इसे मोक्ष व मुक्ति तभी प्राप्त हो सकती है जब हम अपने धर्म के बताए रास्ते पर चल कर कुछ पुण्य के कार्य करते हुए इस मानव जीवन की भवसागर से पार हो सकते हैं कार्यक्रम के इस अवसर पर सरपंच दिनेश सिन्हा सरपंच रामायण लाल चंदूलाल साहू या यादो राम अर्जुन साहू पंच राम सिन्हा ईश्वर साहू तिजु राम साहू अध्यक्ष साहू समाज बलराम साहू भारत लाल साहू अध्यक्षखिलानंद साहू कमलेश साहू दशरथ साहू मान सिंह ठेलेन्द्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रोतागण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के माध्यम से हो रही महिलायें स्वावलम्बी

## महिला स्व सहायता समूहों को बैंक लिंकेज कर 14 लाख का दिया ऋण

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासन की महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल अंत्योदय के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के माध्यम से महिला समूह को बैंक से ऋण दिलाये जाने पहल की गई, जिससे महिला समूह के लोग प्राप्त राशि से स्वयं का रोजगार एवं व्यवसाय संचालित करने के साथ-साथ आपसी लेनदेन करते हुये प्रदाय राशि को और भी बढ़ा सके तथा स्वयं भी स्वावलंबी जीवन व्यतीत कर सके। इस योजना का अधिक से अधिक महिला स्व. सहायता समूह को लाभ मिल सके इसके लिये प्रया किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई ने महिला समूह को जो राशि प्रदाय किया जा रहा है उसका शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो के अनुरूप उपयोग हो सके इसके लिये मिशन प्रबंधक एवं सामुदायिक संगठको को निर्देशित किया गया है। राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र की 04 महिला समूहो को 14 लाख रूपये की राशि प्रदान किया गया है, वार्ड क्र. 03 की गुरूघासीदास महिला स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष मंजू मनहरे सचिव सपना साय 04 लाख, बंगलामुखी महिला स्व. सहायता समूही की अध्यक्ष्ज्ञ सरिता वर्मा, सचिव हेमलता नायक 05 लाख,



शिक्षा महिला स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष दुर्गेश्वरी खांडेकर, सचिव रानी बाई खांडेकर को 03 लाख सुभद्रा महिला स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष लता टण्डन सचिव मोंगरा बाई टण्डन को 02 लाख रूपये को बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण प्रदाय किया गया। मिशन प्रबंधक संदीप कुर्रे एवं सामुदायिक संगठक प्रिती ठाकुर एवं दिपिका बंजारे के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन व प्रदाय राशि का उपयोग व जानकारी संग्रहित किये जाने का कार्य किया जाता है। महिला समूह के सदस्यों ने शासन की योजनाओं के तहत् प्रदाय राशि से रोजगार, सब्जी विक्रय एंव छोटे-छोट व्यापारा व्यवसाय के माध्यम से राशि को उपयोग करने के साथ ही शासन की योजना के प्रति आभार मानते हुये छत्तीसगढ़ के द्वारा महिलाओं को स्वावलम्बी बनाये जाने के लिये प्रशंसा की गई।

# एनएसएस शिविर में बच्चों को गुड-टच एवं बैड-टच सहित अन्य कानूनों के प्रति किया गया जागरूक



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केन्द्र जाटवर के मार्गदर्शन तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार द्वारा ग्राम मोहतरा में आयोजित सप्त दिवसीय एनएसएस शिविर में बाल विवाह मुक्त बलौदाबाजार, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ एवं बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ दिलाया गया। सभी छात्राएं को गुड टच, बैड टच एवं अन्य कानूनों के प्रति जागरूक किया गया। संरक्षण अधिकारी दीपक राय ने कैम्प के स्वयं सेवकों किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि बडो के लिए जैसे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराएं लगती है वैसे ही बच्चों को सुधारने के लिए किशोर न्याय अधिनियम बना है। बच्चो संबंधी समस्त न्याय उपचार उसी में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार होता है। चाहे वह विधि विरुद्ध बच्चा हो या संरक्षण की आवश्यकता वाला बच्चा। उन्होंने सभी बच्चों को बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम 2015 (संशोधित 2022), पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम निषेध अधिनियम 2009 आदि के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, गुड टच और बैड टच की पहचान, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, स्पॉन्सरशिप योजना, नशा उन्मूलन, घुमंतू बच्चों का पुनर्वास तथा अपशिष्ट संग्रहण में कार्यरत बच्चों के पुनर्वास के बारे में भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक, विधि के साथ संघर्षरत बालक, मिशन वात्सल्य योजना, तथा चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) की सेवाओं पर भी विशेष जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रोशनी लता देवांगन, जिला बाल संरक्षण इकाई संरक्षण अधिकारी दीपक राय, आउटरीच वर्कर अर्चना वैष्णव और चाइल्ड हेल्पलाइन केंद्र से समन्वयक रेखा शर्मा एवं काउंसलर गीता वर्मा उपस्थित थे।

# अल्ट्राटेक रावन संयंत्र के माइंस क्षमता विस्तार पर ग्रामीणों का सशर्त समर्थन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्थानीय ग्रामीणों ने शिक्षा, सड़क स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल आवगमन साधन के विकास तथा कृषि जमीन के लंबित मुद्दे हल करने पर जोर देते हुए जनसुनवाई का समर्थन किया। विदित हो कि गुरुवार को ग्राम रावन में अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र रावन झीपन में चूना पत्थर खदान (खदान क्षेत्र 722.834 हेक्टर) चूना पत्थर उत्पादन क्षमता में 7.50 से 11.80 मी- टन प्रति वर्ष तक विस्तार , उपरी मृदा 0.41 मी. टन प्रति वर्ष ओवर बर्डन 2.96 मी. टन प्रति वर्ष और मिनरल एवं स्क्रीन रिजेक्ट 0.64 मी.टन प्रति वर्ष कुल उत्खनन 15.81 मी.टन प्रति वर्ष की पर्यावरण स्वीकृति हेतु पर्यावरण अधिकारी पी के राबड़े और अपर कलेक्टर भूपेंन्द्र अग्रवाल द्वारा जनसुनवाई की गई। जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार, जनपद सदस्य अनुपम अग्रवाल, तिमिर उपाध्याय, सुहेला भाजपा मंडल



अध्यक्ष हेमंत बघमार, तिल्दाबांधा सरपंच प्रतिनिधि अनिल यादव, महिला समूहो की प्राची पांडेय, चंद्रिका वर्मा, पिंकी साहू विष्णु खंडेलवाल, पेड्रीं सरपंच प्रतिनिधि रामगोपाल बांधे एवं उपसरपंच राधेश्याम साहू ग्राम पेंड्री सहित उपस्थित भीड़ के अधिकांश लोगो ने पड़कीडीह से रावन हिरमी मार्ग की अत्यंत जर्जर हालात की सुधार, स्थानीय बेरोजगारो को योग्यता अनुसार रोजगार, रावन में सर्व सुविधा युक्त अस्पताल बनाने, गर्मी में होने वाले जल संकट को दूर करने जैसे मुद्दो को पूरा करने की मांग करते हुए कहा कि संयंत्र के आने से रोजगार के अवसर खुले है और क्षेत्र का विकास हुआ है जो खदान विस्तार के बाद और बढ़ेगा । लोगो के द्वारा सीएसआर की राशि को संयंत्र के प्रभावित क्षेंत्र के विकास के बजाय भाटापारा बलौदा बाजार रायपुर आदि शहरो में ले जाले का पुरजोर विरोध करते हुए इस राशि को प्रभावित क्षेत्र के गांवो मे ही खर्च करने की मांग की। ग्रामीण कमल बांधे, प्राची पांडे, प्रीति कुशवाहा, पिंकी साहू, चंद्रिका वर्मा, त्रिवेणी पठारी, अनिल यादव, उमेश साहू आदि ने संयंत्र के द्वारा महिलाओं युवतियों के लिए विभिन्न सिलाई कम्प्यूटर, ब्यूटीशियन आदि प्रशिक्षण, गरीब बेरोगारों को हाथ ठेला वितरण, नारी सशक्तिकरण, तालाब गहरीकरण, सीसी रोड निर्माण किसानों की सिचाई हेतू पेट्रोल एवं डीजल पंप और स्प्रिंकलर पाइप वितरण, लिफ्ट एरिगेशन प्रोजेक्ट, वृक्षारोपण का कार्य, जैसे कामों की प्रशंसा करते हुए अपने संबोधन के माध्यम से जन सुनवाई का समर्थन किया गया। जनसुनवाई के दौरान पड़कीडीह से रावन, तिल्दाबांधा, सकलोर, हिरमी तक जर्जर मार्ग सबसे बड़ा मुद्दा रहा और लोगो ने अत्याधिक धुल प्रदुषण होने से सड़कजाम करने तक की बात कही जिस पर अपर कलेक्टर भुपेंद्र अग्रवाल ने संज्ञान लेते हुए पूर्ण जानकारी प्राप्त किया। अनुपम अग्रवाल ने लंबे समय से संयंत्र में काम करने वाले लोगों को प्रमोशन देने और महिलाओं के लिए भी रोजगार का अवसर प्रदान करने की बात कही तो दीपक वर्मा ने पुरन वर्मा, नारायण वर्मा, प्रेमलाल लहरी आदि किसानों ने संयंत्र द्वारा अपनी अधिग्रहित भुमि पर वर्तमान दर से मुआवजा की मांग की। नरोत्तम धीवर ने रवेली रेलवे लाइन से खेतों तक जाने के लिए सड़क बनाने की मांग की । रामगोपाल बांधे ग्राम पेंड्री सरपंच प्रतिनिधी ने मांग किया हमारे गांव में गौठान हेतू कोई शासकीय भूमि नही है अतः हमें भूमि प्रदान किया जाये। सुनवाई के अंत में संयंत्र का पक्ष रखते हुए जाइंट प्रेसिडेंट कोया रेड्डी ने कहा कि बिना स्थानीय लोगो के सहयोग से कोई भी विकास कार्य सम्भव नही हो सकता। वर्तमान में संयंत्र और माइन्स में अधिकांश स्थानीय लोग कार्यरत है और भविष्य में स्थानीय लोगों को रोजगार देने। कृषि और कौशल विकास के क्षेत्र में काम किया गया है। अब हम गांवो में बैठकर लोगो से चर्चा की शुरूवात करके खेलकुद और शिक्षा के विस्तार में भी सहयोग करेगें। बजट के अनुसार सड़क और नाली भी बनाएंगे। स्वास्थ्य सेवाओं का भी विस्तार करेंगे।

# पुलिस ने किया 228 दो पहिया व 12 चार पहिया लावारिश व अदावाकृत वाहनों की नीलामी





पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिले में पुलिस ने जप्त व लावारिश वाहनों की नीलामी की। लावारिश व अदावाकृत वाहनों के नीलामी की प्रक्रिया विधिवत् जल्द पूर्ण कराने के निर्देश आईजी सरगुजा रेंज अंकित गर्ग के द्वारा दिए थे। जिसके परिपालन में सूरजपुर पुलिस द्वारा 228 दो पहिया वाहन व 12 चार पहिया वाहनों की नीलामी जिला दण्डाधिकारी सूरजपुर के द्वारा गठित टीम के द्वारा की गई। इस नीलामी में कुल 48 निविदा फार्म प्राप्त हुए थे। नीलामी से शासन को कुल 5 लाख रूपये का राजस्व मिला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक संतोष महतो की अध्यक्षता व डिप्टी कलेक्टर चांदनी कंवर सहित गठित टीम के सदस्यों की मौजूदगी में जिला सूरजपुर के विभिन्न थाना व चौकियों में लंबे समय से रखे लावारिश व अदावाकृत मोटर सायकलों व 4 पहिया वाहनों को रक्षित केन्द्र परिसर में एकत्रित किया गया था। रक्षित केन्द्र ग्राउण्ड में आयोजित नीलामी कार्यवाही में जिला सहित दिगर जिलों के 48 बोलीकर्ता उपस्थित हुए जो बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए, अम्बिकापुर के रॉयल स्टील के प्रोपराईटर मो. बाबर के द्वारा 228 दो पहिया वाहन के लिए सबसे अधिक राशि 4 लाख 25 हजार रूपये एवं 12 चार पहिया वाहनों के लिए 75 हजार रूपये कुल 240 वाहनों के एवज में 5 लाख रूपये की बोली आई। इस नीलामी कार्यवाही में सीएसपी एस.एस.पैंकरा, जप्ती माल निराकरण के नोडल डीएसपी रितेश चौधरी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, आरटीओ निरीक्षक मोहम्मद आबिद खान, पीडब्ल्यूडी एसडीओ ईएंडएम नरेश कुमार बड़ा, आरटीआई प्रशिक्षण अधीक्षक विजय साहू सहित निविदाकर्तागण मौजूद रहे।

# शहर की नई सफाई व्यवस्था पर पार्षदों ने बहुमत से लगाई मुहर

## विशेष सामान्य सभा में स्थगन के बाद पहुंची महापौर

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com




रिसाली निगम क्षेत्र के वार्डो की सफाई व्यवस्था का निविदा दर विशेष सामान्य सभा में बहुमत से पारित किया। विशेष सभा में सभी पार्षदों ने शहर हित में फैसला लिया। सभापति केशव बंछोर ने कोरम के अभाव में 10 मिनट के लिए सदन को स्थगित किया। स्थगन पश्चात पटल में एजेंडा को रखा। बुधवार को सुबह 11 बजे शुरू हुए विशेष सभा में सभापति ने चर्चा उपरांत एजेण्डा को पास करने अभिमत मांगा। हालांकि महापौर परिषद के सद्स्य इसका विरोध करते रहे। बाद में सभापति ने बहुमत के आधार पर एजेंडा को पारित होने की घोषणा की। सभा 11 बजकर 10 मिनट में शुरू हुई और 11:40 को राष्ट्रगान के साथ समापन की घोषणा हुई। विशेष सम्मेलन में महापौर शशि सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, चंद्रप्रकाश सिंह, परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव समेत सभी पार्षद मौजूद थे।

**पहले 10 मिनट का स्थगन**- सभापति निर्धारित समय 11 बजे सदन पहुंच गए थे। उन्होंने राजकीय गीत से सदन की शुरूआत की। कोरम पूरा नहीं होने के अभाव में सदन को 10 मिनट स्थगन की घोषणा की। इसी बीच महापौर शशि सिन्हा एमआईसी और सहयोगी पार्षदों के साथ सभागान पहुंची। स्थगन समय समाप्ती के बाद निगम सचिव ने एजेण्डा को पटल में रखा।

**जाने दर स्वीकृति को**-1. नगर पालिक निगम रिसाली ग्रुप 01 के वार्ड क्र. 1, 2, 3, 4, 5, 22, 23 एवं 24 में सफाई व्यवस्था कार्य के लिए दर 3 करोड़ 15 लाख। 2. नगर पालिक निगम रिसाली ग्रुप 02 के वार्ड क्र. 13, 14, 25, 26, 27 28, 29, 30 एवं 31 में सफाई व्यवस्था के लिए दर 3 करोड़ 17 लाख। 3. नगर पालिक निगम रिसाली ग्रुप 03 के वार्ड क्र. 15, 16, 17, 18, 19, 20 एवं 21 में सफाई व्यवस्था कार्य के लिए दर 2 करोड़ 80 लाख। 4. नगर पालिक निगम रिसाली ग्रुप 04 में वार्ड क्र. 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39 एवं 40 में सफाई व्यवस्था कार्य के लिए दर 3 करोड़ 17 लाख। 5. प्लेसमेंट श्रमिक प्रदाय कार्य के लिए स्वीकृत दर 4 करोड़ 33 लाख 34 हजार 7 सौ आठ।

# लोगों के सेहत का फिक्र कर स्वालंबी बनी महिलाएं, दोना पत्तल से कारोबार की शुरूआत

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com




स्वयं का कारोबार शुरू करने का सपना हर व्यक्ति का होता है, किन्तु पैसा कमाने के लिए आमजनों के सेहत का ध्यान रखना कम लोग ही सोचते है। इसी तरह की कुछ महिलाओं की सोच ने उन्हें आत्म निर्भर बना दिया। हम बात कर रहे है नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में मिलट कैफे की संचालन करने वाली ख्याती समूह की महिलाओं की। ख्याती समूह की अध्यक्ष ललिता सिरके बताती है कि उन्होंने पैसा कमाने से ज्यादा महत्व लोगों की सेहत को दिया। आज वे इस मुकाम पर पहुंच गई है जहां हर महिला सद्स्य 7 से 10 हजार प्रतिमाह की कमाई कर रही है। रिसाली के नागरिक जंक फूड की जगह स्वास्थ्य वर्धक मिलेट को पसंद कर रहे है। वे बताती है कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन (एन.यू. एल.एम.) से जुड़ने के बाद उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिला। वे आज सभी आत्मनिर्भर है। दोना पत्तल से शुरूआत-एन.यू.एल.एम. से जुड़ने के बाद महिलाएं सबसे पहले दोना पत्तल बनाने का काम शुरू की। शुरूआती दौर में उन्हें खास मुनाफा नहीं हुआ। बाद में महिलाओं ने शासन की योजना के तहत बने मिलेट कैफे के संचालन करने का प्लान बनाया और 1.50 लाख का ऋण लेकर कारोबार शुरू की। बचत भी कर रही है महिलाएं-समूह की महिलाओं का कहना है कि शुरूआती दौर में महिलाएं घर में रहती थी। आय का साधन नहीं था। आज महिलाएं बचत कर रही है। भविष्य में वो कारोबार को बढ़ाने योजना भी बना रही है।

# सृष्टि के प्रथम पत्रकार नारद को केवल देवर्षि की उपाधि है, फिल्मो ने बिगाड़ा उनका स्वरूप : बालयोगी अरोड़ा

## बालयोगी विष्णु अरोड़ा की हुई प्रेसवार्ता, पत्रकारों ने विज्ञान और अध्यात्म से जुड़े सवालो के पाए जवाब

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com




नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। संत बालयोगी का दर्जा प्राप्त कथावाचक पूज्य बालयोगी विष्णु अरोड़ा के द्वारा कथा गंगा प्रवाहित हो रही है। भाटापारा के बुद्धिजीवी पत्रकारों के साथ सतीश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल के निवास पर प्रेसवार्ता का आयोजन हुआ। कथावाचक अरोड़ा ने अपने कथा में संगीत का प्रयोग नही करने पर बताया कि संगीत कथाओ के उद्देश्यों को भटकाती है। संगीत का महत्व भजन के अंदर लेकिन कथाओं के लिए संगीत निराधार है, कथाओं में सगीत को मिश्रण मनोरंजन का साधन है। शास्त्रो में भागवत का समय और पक्ष तय है, लेकिन व्यक्तिगत कामनाओं की पूर्ति में इसका महत्व बढ़ जाता है लेकिन सार्वजनिक आयोजनो में जनकल्याण के लिए इसे व्यवस्थित करना पड़ता है। शास्त्रों में ऊंच-नीच की भावनाए नही है उसमें कर्मानुसार वर्ण व्यवस्था का उल्लेख मिलता है। पत्रकारों के इष्ट देवता नारद स्वरूप को हास्यात्मक, व्यग्यांत्मक एवं झगड़ा कराने वाला बनाने का खराब काम फिल्मो और समाज को तोड़ने वाली असामाजिक शक्तियों ने किया है, नारदजी के वृहद चरित्र को कोई समझ नही पाया बस ये समझ लिजिए की देवताओ के ऋषि की उपाधि केवल एक नारद जी को प्राप्त है जिन्हे देवर्षि कहा जाता है।

**चतुर्थ दिवस आरंभ हुआ देवी चरित्र की कथा**-देवी कथा महापुराण का चौथे दिन की कथा प्रारंभ हुई जिसमें कथावाचक अरोड़ा ने श्रीमद भागवत को भक्ति और देवी पुराण को ज्ञान-शक्ति का पुराण बताया। योगचक्र, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार और त्रिदेव में निहित गुणों को वर्णित किया। सृष्टि रचना को मानवीय शरिर अंतर्सरचना के माध्यम से बताया। भगवती चरित्र बताते हुए मन को इंद्र, बुद्धि को ब्रम्हा, नेत्रों को चंद्रसूर्य, नारायण स्थान जैसे अध्यात्म और शरिर की संरचना को व्याख्मक किया।

# भाटापारा सीएमओ द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने किया जा रहा प्रतिदिन वार्डो का निरीक्षण

**भाटापारा।** नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री (छ.ग. शासन) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्र में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में पालिका के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले कार्य जिसमें बिखरे कचरे को समेटने के साथ-साथ आवासीय एवं व्यवसायिक इलाकों में निस्तार हेतु बनाई गई नालियों समेत जीवीपी पॉइंट के सफाई कार्यो, स्वच्छता दीदियों के द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का निरीक्षण किया गया। नगर पालिका सीएमओ जफर खान और आनंद राठोर द्वारा विभिन्न वार्डो में सफाई अभियान का निरीक्षण किए जाने के समय स्थानीय लोगों से चर्चा भी की गई। साथ ही सफाई कार्य में सहयोग एवं ऐसे सुझाव भी मांगे जिसमें पालिका प्रशासन द्वारा सफाई कार्यों को बेहतर बनाया जा सके।



# गुमास्ता-अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं रखने, सड़क पर व्यापार करने एवं गंदगी फैलाने वालो पर की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत सड़क में सामान रखकर आवागमन को बाधित करने एवं स्थल पर कचरा फैलाने, छिल्ली पन्नी में सामन बेचने, अपने दुकान के सामने डस्टबिन नहीं रखने वाले व्यापारियो पर कार्यवाही की गई। निगम की टीम द्वारा वार्ड क्रं 06 संजय नगर एवं दक्षिण गंगोत्री क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहां पर अलग-अलग दुकान संचालको द्वारा सड़को पर सामान रख व्यापार करने, परिसर के अंदर गंदगी फैलाने, गुमसता/ अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं रखने एवं कचरा पृथक कर नहीं देने वाले दुकान संचालको पर कार्यवाही की गई। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देश दिए है, कि जो भी व्यापारी सड़क पर सामान रख विक्रय कर रहे है या व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे है या फिर गीला एवं सूखा कचरे को अलग-अलग डस्ट बिन में नही डाल रहे है। उनके पास जाकर उनसे चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूला जाए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सुरेन्द्र बहादुर से 1500, हिन्द सीमेंट क्राफ्ट से 1000, शमसाद आदम से 500, स्टार क्रिएशन से 1000, रविन्द्र सिंह लकड़ी टाल से 1100, मोनू काकोडीया लकड़ी टाल से 1100, शंभू लकड़ी टाल से 1100, राज चैहान बास बल्ली से 1100 एवं कुमार चैहान इंटरप्राइजेस से 1100 द्वारा जारी दिशा-निर्देशो का उल्लंघन किया जा रहा है। इस प्रकार कुल 9500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। व्यापारियो को बार-बार समझाइस देने के बाद भी कचरा पृथक कर नहीं दे रहे है एवं सड़को के बीच सामग्री रख विक्रय कर रहे है और शहर की साफ -सफाई में बाधा बन रहे है। ऐसे सभी व्यापारियों पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, संतोष हरमुख अपने दल के सदस्यो के साथ उपस्थित रहे।

# अघरिया समाज केंद्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 12 को सरायपाली में बनाया गया है चार मतदान केंद्र

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति रायगढ़ के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 12 जनवरी को चुनाव होगा, जिसके लिए चार प्रत्याशी उषा पटेल, डॉक्टर गेस मोती पटेल, दीनदयाल पटेल व लक्ष्मी नारायण चौधरी चुनावी मैदान में है। जिसके चुनाव के लिए 44 मतदान केंद्र बनाया गया है। जिसमें सरायपाली में सरायपाली, केदुवां, पाटसेंद्री और बटकी को मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान में भाग लेने वाले मतदाताओं को पहचान पत्र लेकर जाना अनिवार्य है,सरायपाली विकासखंड से अघरिया समाज के 1705 मतदाता मतदान में भाग लेंगे। बता दें सरायपाली के मतदान केदो में सरल क्रमांक 1 से 589 तक के मतदाता मतदान करेंगे। जिसके अंतर्गत रूपापाली, खपरीडीह, खैरमाल, इच्छापुर, बसुलीडीपा, बरिहापाली, कौहाकुण्डा, बस्ती सरायपाली, बड़े पंधी, बन्दारी, बैतारी, कान्दाडोंगर, कुन्डापाली, कुसमी सरार, कुटेला, केजुवा, केना, कनकेबा, कलेण्डा, महलपारा, माधोपाली, मोखापुटका, मोहगांव, मुड़पहार, बिछिया, बिलाईगढ़, पिपरदा, सिरपुर, गहनाखार, हर्राटार, परसदा, सान पंधी, सलडीह, देवलभांठा, चट्टीगिरोला, तोरेसिंहा, जंगलबेड़ा, जोगनीपाली, टीभूपाली, टेंगनापाली, टेमरी, लोहरिनडीपा, लुकापारा के मतदाता शामिल होंगे। इसी तरह मतदान केंद्र केदुवॉ में सरल क्र 1 से 403 तक के मतदाता जिसके अंतर्गत ग्राम बहेरापाली, बोदापाली, कोसमपाली, केदुवा, मुग्धा, बिरकोल, बिजातिपाली, छिरापाली, तिलैपाली, पण्डरीपाली, पोडापाली , पेलागढ़, साजापाली, डगनिया, डूडूमचुआ, दर्राभाठा, जोगीडीपा जलपुर नवागढ़, अमलीडीपा के मतदाता मतदान करेंगे। इसी तरह मतदान केंद्र पाटसेन्द्री में सरल क्र 1 से 405 तक के मतदाताओं में ग्राम छुईया, घेंसपाली, बोंदा, बोंदानवापाली, बानीपाली, कंवरपाली, मोहदा, गिरसा, लिमगाँव, हुराडखार, हुडाखार , परसकोल, पाट सेंदरी, दऊगुडी, दमोदरहा, दर्राभाठा, चंडीभौना, नवरंगपुर, अमरकोट के मतदाता शामिल होंगे, जबकि बटकी मतदान केंद्र में सरल क्र 1 से 308 तक मतदाता जिसमें ग्राम रुढ़ा, घाट कछार, घुंचापाली, बांजी बहाल, बोईरमाल, बस्तीपाली, बेल्मुन्डी, बेलटिकरी, बटकी, बलेंडा, कोदोपाली, कोदोगुडा, कोटद्वारी, कुर्मीपाली, रिमजी, सिंघबहाल, सुखापाली, जोगीदादर, सागरपाली, छुईपाली, सिंघोड़ा, सिरशोभा, चिवराकुटा, भोथलडीह, दिपपारा, भगत सरईपाली, पडकीपाली, परेवा पाली, पुटका, पैकिन, रक्शा डोंगीझरन, डोंगरीपाली, दर्रीपाली, चारभाठा , नानक पाली, अंतर झोला, आकाश खार, टेमरी, गम्हरडीह, गनियारीपाली, गहनाखार, गोठानीपाली, लखनपुर के मतदाता शामिल होंगे।

# पावर हाउस सर्कुलर मार्केट के पास बनेगा आधुनिक सुविधा युक्त शौचालय

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र का पावर हाउस एक प्रमुख मार्केट है, जिसमें सब्जी मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, हार्ड वेयर लाईन आदि जगहो पर हजारो नागरिक आते जाते है। दुकानो में काम करने वाले भी बहुत सारे व्यापारी कर्मचारियो के लिए सुविधा युक्त शौचालय की आवश्यकता थी। पूर्व में शौचालय निर्मित है और आवश्यकता को देखते हुए, चेम्बर आफ कामर्स के प्रतिनिधियों द्वारा केवल महिलाओं के लिए शौचालय का मांग किया जा रहा था। जिससे सबको प्रसाधन की सुविधा मिल सकें। वहां पर एक पिंक टॉयलेट बनाया जाएगा जिसका इस्तेमाल केवल महिलाएं करेंगी। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त सतीश यादव एवं संबंधित अधिकारियो को लेकर पावर हाउस मार्केट का दौरा किये। निगम के पुराने शौचालयो का भी निरीक्षण किये, कहां पर नवीन शौचालय बनाया जाये, जो सबके लिए सुविधाजनक होगा। सभी नागरिक उसका लाभ ले सकें। चर्चा के दौरान आया कि रोजगार कार्यालय, सीएसपी थाने के पीछे, सब्जी मंडी के तरफ एवं बीएसपी बाल मंदिर वार्ड क्रं. 36 के पास, व्यापारियो का मांग है कि सर्कुलर मार्केट के समीप एक युरिनल बनाया जाए। इसके निर्माण के लिए भी निर्देश दिये है। इन सभी जगहो का चयन करके संबंधित कार्यवाही शीध्र की जायेगी। केवल महिलाओं को इस्तेमाल करने के लिए शौचालय भी बनेगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उपअभियंता शंकर मरकाम, स्वास्थय अधिकारी जावेद अली, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बिरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी आदि उपस्थित रहे। सभी को समय अवधि में गुणवत्तापूर्वक कार्य को पूर्ण करना है, सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाना है।

# भाटापारा नगपा अध्यक्ष के सामान्य घोषित होने पर दावेदारों की संख्या बढी

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। नगर पालिका मे सन 2025 के पहले पिछले 20 वर्षो मे बीते पांच वर्ष मे पिछडा वर्ग के कोटे से सुनीता गुप्ता पालिकाध्यक्ष रहीं है इसके पहले पिछले 15 वर्षो मे पालिकाध्यक्ष की सीट अनुसूचित जाति के कब्जे मे रहा जिसके तहत भाजपा के मोहन बांधे पालिकाध्यक्ष के रूप मे काबिज रहे। उनके पहले कमला धनसाय हरबंश पालिकाध्यक्ष रहीं और उसके पहले ओमप्रकाश रात्रे भाजपा की ओर से निर्वाचित पालिकाध्यक्ष पद पर आसीन रहे। इस तरह पूरे 20 वर्षो के बाद भाटापारा पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर अब सामान्य वर्ग के निर्वाचित अध्यक्ष के बैठने का मार्ग प्रशस्त हुआ है वर्तमान मे शासन द्वारा नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नये नियम कानून के तहत पालिकाध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा जिसमे आम मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुये सीधे पालिकाध्यक्ष का चुनाव कर सकेंगे। 7 जनवरी को रायपुर मे भाटापारा पालिकाध्यक्ष के लिये लॉटरी निकाला गया। जिसमे सामान्य वर्ग के कोटे मे भाटापारा पालिकाध्यक्ष गया है इस क्रम के बाद नगर मे प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस की ओर से अनेक दावेदार सामने आ रहे है। कांग्रेसी खेमे से सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, राधेश्याम शर्मा (फग्गा), आलोक मिश्रा, सुनील गुप्ता। वही भाजपा से अश्विनी शर्मा, सतीश तलरेजा, गोविंद पटेल, आशीष जायसवाल, दिलीप छाबाडिया, राकेश तिवारी, व्यास यदु, दशरथ साहू दोनो पार्टियों से प्रमुख दावेदारों के रुप मे नाम उभरकर आ रहा है। जबकि अभी दोनो पार्टियों से अधिकृत सूची उम्मीदवारो की जारी नहीं की है इसलिये किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका है इसी प्रकार का क्रम वार्ड पार्षदो के लिये भी चल रहा है जिसमे 31 वार्डो से केवल हवा मे नाम अलग अलग लोगों के तैर रहे है वार्ड पार्षद के लिये भी कोई फायनल लिस्ट या सूची जारी नहीं की गई है। सोशल मिडिया पर लोग अपने अपने स्तर पर चुनाव लड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। बहरहाल नगर पालिका भाटापारा शहरी क्षेत्र मे मतदाताओं की भारी भरकम संख्या हो जाने से पालिकाध्यक्ष पद के प्रत्याशी को जबरदस्त रूप से मैदान मे मेहनत करना होगा।

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

//सूचना//

क्रमांक/2729/रीडर-कले./2025 राजनांदगांव, दिनांक- 08/01/2025

प्रति,

1. श्री तजिंदर सिंह, आ. श्री अमरीक सिंह
2. श्रीमती बलजीता कौर, पति श्री तजिंदर सिंह
दोनो निवासी-बुधवारी बाजार, वार्ड नं. 15, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव

विषय :- आवेदन पत्र अंतर्गत प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के तहत बंधक संपत्ति का भौतिक आधिपत्य दिलाये जाने बाबत।

संदर्भ :- इस न्यायालय का प्रकरण क्रमांक 202411090100024 ब-121 वर्ष 2024-25 में पारित आदेश पत्र दिनांक 08.01.2025

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक प्राधिकृत अधिकारी, आवास फाईनेंसर्स लिमिटेड, बी-1, दूसरी मंजिल, नागदेव प्लाजा, कचहरी चौक, पंजाब पैलेस होटल के सामने, रायपुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन जिसमें आपके द्वारा बैंक में बंधक रखी गई परिसंपत्ति- परिवर्तित भूमि एवं भवन का सपूर्ण भाग व खण्ड रकबा 712.5 वर्गफीट, प्लॉट/मकान नजूल शीट टॉउन 06, प्लॉट नं. 1811/14 (बी) एवं 1811/25 (बी) स्थित बुधवारी बाजार वार्ड नं. 15, डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव का कब्जा पुलिस की सहायता से सौंपने बाबत आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। जिस पर दिनांक 29.01.2025 को प्रातः 11:30 बजे से इस न्यायालय में सुनवाई नियत है।

उक्त प्रकरण में आपकी उपस्थिति एवं जवाब अपेक्षित है। अतः स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना सुनिश्चित करे। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

अतः सूचनार्थ।

जिला दण्डाधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/o THE SUPERINTENDING ENGINEER, CC-I, RAIPUR, CSPDCL, OLD MANTRALAY BUILDING, GATE- 04 RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

No. 10-10/Pur./4684 Raipur dtd. 09-01-2025

**NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING**

ONLINE BIDS ARE INVITED THROUGH CSPDCL E-BIDDING SYSTEM (SAP SRM) AGAINST NIT NO. 10-10/PUR./TR-2024_97 DATE 09.01.2025 FOR HIRING OF FOUR WHEELER VEHICLE HAVING SKY LIFT ARRANGEMENT FOR FOLLOWING WORK.

**Rfx no - 8100041111.**

| Sl. No. | Description of work | Contract value approx. | Cost of tender | Cost of EMD | Due date and time of submission/open date and time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Hiring** of Sky lift vehicle (brand New) for the use of **City Dn. East Raipur under City Circle-I, CSPDCL, Raipur in Chhattisgarh** for a period of **Twenty Seven Months** | Rs. 2805300/- (excluding GST) | Rs. 5000/- | Rs. 28053/- | 29.01.2025 upto 02:30 PM Open on 29.01.2025 03:00 PM |

Details of NIT and tender documents are available on our website cspdcl.co.in/cseb/frmViewTenderesNEW.aspx?paramflag=2 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) the bidder must have a valid digital signature & SAP SRM user ID. Tender fees and EMD should be pay online through E-bidding.There will be training for bidders on every Wednesday from 03:00 PM to 05:00 PM at EITC, CSPDCL Daganiya campus Raipur, Infront of Seva Bhawan. Corrigendum/ Cancellation/Time extension, if any will be displayed on above website and notice Board of this office only. .

SAVE ELECTRICITY
Samvad - 42732/2
**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

## संपादकीय

## दिल्ली में चुनाव त्रिकोणीय संघर्ष

दिल्ली में 5 फरवरी को चुनाव घोषणा के बाद काटे का त्रिकोणीय निश्चित हो गया है। निर्वाचन आयुक्त द्वारा आधिकारिक रूप से दिल्ली के आगामी विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित करने के बाद अब कांटे के त्रिकोणीय संघर्ष का मार्ग खुल गया है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा और नतीजे 8 फरवरी को सामने आएंगे। यह चुनाव आम आदमी पार्टी-आप, भारतीय जनता पार्टी-भाजपा तथा कांग्रेस के बीच कड़े मुकाबले का होगा। ये तीनों अपनी रणनीतियां, विमर्श तथा मुद्दे सामने ला रहे हैं। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में 'आप' दिल्ली में लगातार तीसरा कार्यकाल पाने का प्रयास कर रही है। पिछले दो चुनावों में असाधारण सफलता प्राप्त करने के बाद पार्टी 'हैट्रिक' के लिए अभियान चला रही है। 2012 में गठन के बाद केजरीवाल की पार्टी ने दिल्ली का राजनीतिक परिदृश्य बदल दिया है और अब वह अपने प्रशासनिक रिकार्ड तथा 'काम की राजनीति' पर दांव लगा रही है। 'आप' का ध्यान कल्याणकारी कामों पर केन्द्रित है जिसमें मुफ्त बिजली, पानी और स्वास्थ्यरक्षा शामिल है। इसके साथ ही पार्टी अपने कार्यकाल को विकास और पारदर्शिता से जोड़ रही है। 'फिर आएंगे केजरीवाल' नारे के साथ 'आप' ने अपना अभियान शुरू किया है जो भविष्य के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण पर आधारित है। वह अपनी उपलब्धियों को भाजपा की कथित 'विभाजनकारी राजनीति' के खिलाफ खड़ा कर रही है। लेकिन 'आप' की विजय आसान नहीं है। पिछले दो चुनावों में अपने प्रभुत्व के बावजूद पार्टी अब चुनौतियों का सामना कर रही है। 'आप' पर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप हैं और भाजपा प्रभावी रूप से इसका लाभ उठा कर उस पर हमले कर रही है। भाजपा ने 'फिर आएंगे केजरीवाल' का मजाक उड़ाते हुए कहा है कि तिहाड़ के बाहर लगे पोस्टर से संकेत मिलता है कि वे फिर जेल जाएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन में बिखराव से भी भाजपा अपने लिए लाभ की उम्मीद कर रही है। भाजपा के लिए यह चुनाव 'करो या मरो' जैसा मुकाबला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने एक आक्रामक अभियान छेड़ा है जिसका उद्देश्य केजरीवाल और 'आप' को सत्ता से हटाना है। भाजपा की मुख्य थीम सत्ता-विरोधी लहर पर केन्द्रित है। उसने 'आप' पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने तथा राजधानी की विकास आवश्यकताओं को अनदेखा करने का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के आक्रमण को धार दे रहे हैं। उन्होंने 'आप' सरकार को 'आप-दा' कहते हुए दिल्ली के विकास के प्रति उसके दृष्टिकोण की विफलता की आलोचना की है। मोदी ने भाजपा को राष्ट्रीय प्रगति की पार्टी के रूप में पेश करते हुए केजरीवाल के नेतृत्व को दिल्ली के भविष्य में बाधा बताया है। भाजपा की द्वि-आयामी रणनीति का लक्ष्य 'आप' के प्रशासन को बदनाम करना तथा मतदाताओं में परिवर्तन की इच्छा जगाना है। एक समय दिल्ली में प्रभुत्वशाली शक्ति रही कांग्रेस अब तीसरे स्थान पर है। 2013 में राजधानी में सत्ता गंवाने के बाद पार्टी अपना राजनीतिक आधार मजबूत करने का प्रयास कर रही है जिस पर 'आप' और भाजपा ने काफी हद तक कब्जा कर लिया है। लेकिन इस बार चुनाव में पार्टी का असर दिखाई दे रहा है। गहरे ध्रुवीकरण, बहुत कुछ दांव पर लगे होने तथा सभी पक्षों की ओर से आक्रामक रणनीतियों को देखते हुए 2025 दिल्ली विधानसभा चुनाव राजनीतिक गरमी से भरे हैं, यहां कठिन संघर्ष और कांटे की लड़ाई है। मतदाताओं को 'आप' की प्रशासनिक विरासत, भाजपा के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण तथा कांग्रेस के स्थायित्व की संभावनाओं के बीच चुनाव करना होगा। इससे यह चुनाव पहले के किसी चुनाव की तुलना में अत्यधिक कठोर संघर्ष वाला चुनाव होगा।




# एच-1 बी वीजा पर ट्रंप की दुविधा

**निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में कुशल विदेशी कामगारों के लिए एच-1 बी वीजा पर बहस तेज हो गई है।**



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**ट्रंप और मस्क के साथ आने से अब अनेक एच-1बी वीसा प्रार्थियों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। मस्क ने दावा किया था कि उनको ज्यादा कुशल और बुद्धिमान कामगारों की जरूरत है। उन्होंने अभूतपूर्व रोजगार अवसरों का भी वादा किया है। यह एच-1बी वीजा प्रार्थियों के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदर्शित करता है। भारत सरकार को अमेरिका में भारतीय एच-1बी वीजा धारकों में पैदा किसी नकारात्मक भावना पर गौर करना चाहिए।**

निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को पद पर आने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन उनके समक्ष एक खास चुनौती है। आप्रवास और एच-1बी वीजा का मुद्दा दो प्रमुख समूहों के बीच विवाद का विषय बन गया है। वे खरबपति टेक समुदाय के टकराव वाले हितों को संतुष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं जिसने उनके प्रचार अभियान तथा उनके 'अमेरिका प्रथम' नारे में काफी पैसा लगाया है। ट्रंप ने हाल ही में विदेशी कुशल कामगारों के लिए एच-1बी वीजा पर सकारात्मक बयान दिया था जिससे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के भविष्य पर चर्चा को और हवा मिल गई है। 'द न्यूयार्क पोस्ट' ने ट्रंप का यह कथन प्रकाशित किया कि 'मैं हमेशा वीजा पसंद करता रहा हूं। मैं हमेशा वीसा के पक्ष में रहा हूं। इसी कारण वे हमारे यहां हैं। मेरी संपत्तियों पर अनेक एच-1बी वीजा हैं। मैं एच-1बी वीजा में विश्वास करने वाला रहा हूं। मैंने अनेक बार उनका प्रयोग किया है। यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है।'

ट्रंप ने यह भी स्वीकार किया कि उन्होंने इलोन मस्क तथा सिलिकान वैली के अन्य अमीर दानदाताओं का समर्थन किया। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे मस्क स्वयं एच-1बी वीजा पर आए थे। जहां तकनीकी क्षेत्र के उद्योगपति उदार एच-1बी वीजा व्यवस्था के पक्ष में हैं, वहीं 'अमेरिका प्रथम' का समर्थन करने वाले कट्टरपंथी सभी स्तरों पर आप्रवास पर कठोर नियंत्रण लगाना चाहते हैं। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने अमेरिकन नागरिकों के हितों को सुरक्षा देने में प्राथमिकता बरती जिसके एच-1बी वीजा प्रार्थियों पर काफी प्रभाव पड़े। 'अमेरिका प्रथम' के पैरोकारों का तर्क है कि एच-1बी वीजा से अमेरिकन कामगारों का रोजगार छिन जाता है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिकन कामगारों के रोजगार को प्राथमिकता देंगे या वे परंपरागत रिपब्लिकन विश्वास पर लौट जाएंगे कि आप्रवासी मुख्यतः सेवायोजकों को लाभ पहुंचाते हैं। ट्रंप द्वारा भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन को कृत्रिम बुद्धि-एआई पर अपना सलाहकार नियुक्त करने के बाद एच-1बी वीजा पर बहस और तीखी हो गई है। इससे ट्रंप टीम के समर्थकों में विभाजन पैदा हो गया है।

इलोन मस्क तथा विवेक रामास्वामी जैसे ट्रंप के प्रभावशाली समर्थकों का तर्क है कि एच-1बी वीजा ने अमेरिका में इंजीनियरों की कमी जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं से निपटने में सहायता प्रदान की है। अपने विशाल औद्योगिक साम्राज्य खड़े करने वाले इलोन मस्क तथा विवेक रामास्वामी ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम का जोरदार समर्थन किया है। मस्क ने अपनी स्पष्ट प्रतिक्रियाओं से इस मुद्दे पर युद्ध जैसी स्थिति पैदा कर दी है। इलोन मस्क और विवेक रामास्वामी ने अमेरिकी श्रम बाजार में कौशल की भारी कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया है। यह कमी खासकर 'स्टेम' क्षेत्रों में दिखाई देती है।

ऐसे में सवाल उठता है कि एच-1बी वीसा क्या है और यह इतने विवाद का विषय क्यों बन गया है? सवाल यह भी है कि यदि एच-1बी वीजा को हटा दिया जाए तो भारत को नुकसान होगा? दूसरे देशों के कुशल कामगारों के लिए वीसा की व्यवस्था 1990 में राष्ट्रपति बुश द्वारा निर्धारित की गई थी ताकि वे वैध रूप से अमेरिका में काम कर सकें। यह वीसा तीन साल के लिए होता है। वीजा प्रार्थियों को अमेरिका की स्पांसर कंपनी या संस्थान से रोजगार प्राप्त करना होता है। 2004 से अमेरिका ने नए एच-1बी वीजा की संख्या सीमित कर प्रति वर्ष 85,000 कर दी है। इस सीमा में अमेरिकन विश्वविद्यालयों से उच्च डिग्रियां प्राप्त करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए 20,000 वीजा रखे गए हैं। वित्त वर्ष 2023 में अमेरिका ने केवल 386,000 एच-1बी वीजा प्रार्थनाओं को मंजूर किया था। वित्त वर्ष 2024 में 758,994 वैध पंजीकरण हुए हैं जो 2023 की तुलना में 474, 421 अधिक हैं। इनमें से अधिकांश स्वीकृत वीसा विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित-स्टेम क्षेत्र के हैं। इस प्रकार एच-1बी वीजा का मुद्दा आर्थिक सरोकारों से आगे जाता है और अब इसमें कृत्रिम बुद्धि-एआई तथा उत्कृष्ट कंप्यूटिंग टेक्नोलोजी जैसे क्षेत्र भी शामिल हो गए हैं। ये सभी क्षेत्र अमेरिकी रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत को एच-1बी वीजा में लगभग 72 प्रतिशत मिलते हैं, जबकि चीनी नागरिकों को लगभग 12 प्रतिशत वीजा मिलते हैं। देश-विशिष्ट सीमायें हटाने से अमेरिका में भारतीयों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं। यह अनेक भावी प्रार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। टेक उद्योग के बड़े सेवायोजकों में भारतीय कंपनियां, जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल और विप्रो शामिल हैं जो एच-1बी वीसा के सर्वोच्च 10 लाभार्थियों में 35 प्रतिशत स्थान पर कब्जा करती हैं। वित्त वर्ष 2025 से यूएससीआईएस ने सेवायोजक-आधारित व्यवस्था के बजाय लाभार्थी-आधारित पंजीकरण व्यवस्था लागू करने की बात कही है। यह वित्त वर्ष 2024 में एजेंसी की 'गंभीर चिन्ताओं' के कारण किया गया है। एच-1बी वीजा के सबसे बड़े स्पांसर अमेजन की स्वीकृतियों में भारी कमी आई है और यह 2023 में 11,000 से घट कर 2024 में 9,000 रह गई। अमेजन और गूगल प्रमुख अमेरिकन कंपनियों में शामिल हैं जो एच-1बी वीजा की स्पांसरशिप से पीछे हट रही हैं। इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज्-टीएसीएस जैसी भारतीय कंपनियों ने भी वीजा में काफी कमी की है। लेकिन सभी कंपनियां वीजा व्यवस्था समाप्त नहीं करना चाहती है।

अमेरिकन इंटरप्राइज् इंस्टीट्यूट तथा पार्टनरशिप फॉर ए न्यू अमेरिकन इकोनोमी के अनुसार एच-1 बी वीजा सीमा बढ़ाने से 1.3 मिलियन नए रोजगारों का सृजन हो सकता है। इससे 2045 तक अमेरिकन जीडीपी में लगभग 158 बिलियन डालर का योगदान होगा। एच-1 बी वीजा धारक अक्सर अमेरिकन कामगारों की नौकरियां छीनने के बजाय कार्यबल में योगदान करते हैं। एच-1बी वीजा के बारे में ट्रंप के हालिया बयान से अनेक वीजा प्रार्थियों व खासकर भारतीयों में बहुत उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका को ज्यादा कुशल और बुद्धिमान लोगों की जरूरत है और उन्होंने ज्यादा रोजगार सृजन का वादा किया है। यह एच-1बी वीजा धारकों के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण है क्योंकि अक्सर एच-1बी वीसा धारक अमेरिकन कामगारों से प्रतियोगिता करने के बजाय उनकी सहायता करते हैं। ट्रंप और मस्क के साथ आने से अब अनेक एच-1बी वीसा प्रार्थियों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। मस्क ने दावा किया था कि उनको ज्यादा कुशल और बुद्धिमान कामगारों की जरूरत है। उन्होंने अभूतपूर्व रोजगार अवसरों का भी वादा किया है। यह एच-1बी वीजा प्रार्थियों के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदर्शित करता है। भारत सरकार को अमेरिका में भारतीय एच-1बी वीजा धारकों में पैदा किसी नकारात्मक भावना पर गौर करना चाहिए।

# जीवन में आत्मावलोकन का महत्व

**जिंदगी पटरी से उतरने पर दूसरों पर दोषारोपण आसान पलायन है, पर इससे व्यक्तिगत विकास में बाधा आती है।**

ब्रह्म कुमार निकुंज
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं।)





प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन का निर्माता है, इसलिए आसानी से कहा जा सकता है कि हम सब अपने जीवन को अपनी इच्छानुसार बनाने का प्रयास करते हैं। लेनि जब कुछ गलत हो जाता है तो हम फौरन किसी दूसरे या किसी चीज को दोषी ठहराने के लिए तलाशने लगते हैं। ऐसे में हम स्थिति बेहतर करने के लिए स्वयं में बदलाव नहीं करते हैं। यह तथ्य है कि हम सभी अपने समय और ऊर्जा का बड़ा हिस्सा अपने जीवन की सभी समस्याओं का दोषारोपण दूसरों पर करने में करते हैं। कुछ गलत करने के दोष से स्वयं को मुक्त करने के लिए हम उसे सही ठहराते हैं क्योंकि आंतरिक रूप से हम अपने व्यवहार की जिम्मेदारी किसी अन्य व्यक्ति, स्थिति या बाहरी तत्व पर डाल देते हैं। यह बात बहुत सामान्य लगती है। यह बहुसंख्य लोगों की आदत हो सकती है, पर दोषारोपण का खेल करते समय हम भूल जाते हैं कि कर्म सिद्धान्त के अनुसार स्वयं को सबसे पहले बदलने वाला ही प्रसन्न रहता है। इसलिए यदि हम शांति और प्रसन्नता चाहते हैं तो हमें स्वयं को बदलना चाहिए और दूसरों से हमारे लिए काम करने की इच्छा नहीं करनी चाहिए। अपनी गलतियां पहचानने और उनको स्वीकार करने के दृष्टिकोण की कमी से परिवर्तन करने में सुस्ती आती है। धीरे-धीरे सुस्ती एक जीवनशैली की आदत बन जाती है। आमतौर से हम अपने कष्टों के लिए दूसरों को दोषी ठहराते हैं। हमें लगता है कि यदि दूसरे लोग ठीक से काम करते तो चीजें बेहतर होतीं। लेकिन हम यह समझने में विफल रहते हैं कि प्रत्येक क्रिया की विपरीत और समान प्रतिक्रिया होती है। इसलिए हम आत्मावलोकन करने के बजाय हमेशा दूसरे लोगों को सही करने के लिए संघर्ष करते रहते हैं। जब हम किसी दूसरे को दोषी नहीं ठहरा पाते हैं तो स्थितियों को दोषी ठहराते हैं। लेकिन ऐसा करने में हम यह तथ्य भूल जाते हैं कि हमारे जीवन की सभी स्थितियां हमारी रचना हैं। इसलिए कर्म सिद्धान्त के अनुसार हम जो कुछ अनुभव करते हैं वह हमारे कार्यों, शब्दों या विचारों का परिणाम होता है। हो सकता है कि यह सब पहले हुआ हो, पर अब हमें इसका परिणाम भुगतना पड़ रहा है। हमें साहस के साथ इसे स्वीकार करना और अपने कर्म के अनुसार फल प्राप्त करना चाहिए जिससे हमारे दिमाग पर बोझ नहीं पड़ेगा।

जब किसी व्यक्ति या किसी चीज पर दोषारोपण काम नहीं करता है तो निराश आत्मा ईश्वर को दोष देने लगती है। उसे लगता है कि चूंकि दुनिया में सब कुछ ईश्वर की इच्छा पर निर्भर करता है, इसलिए उसका कष्ट भी ईश्वर की इच्छा का परिणाम है। यह स्थिति बहुत विचित्र है। लेकिन हम सभी रोज ऐसे ही काम करते हैं। याद रखें कि हम सभी कर्म सिद्धान्त से बंधे कर्ता हैं और अपने कार्यों के आधार पर फल प्राप्त करते हैं। ईश्वर कभी इसमें अपना योगदान नहीं करता है। हमारे शिक्षक और निर्देशक की तरह ईश्वर हमें शिक्षा दे सकता है और समझा सकता है, लेकिन वह परीक्षा में हमारा स्थान नहीं ले सकता है। इसलिए हम सबको अपने जीवन की परीक्षा स्वयं देनी होगी और यह काम पूरे विश्वास से करना होगा। आध्यात्मिक रास्ते पर चलने वाले के लिए असहज स्थितियां जीवन की परीक्षाओं की तरह होती हैं जो हमारा आध्यात्मिक स्तर ऊपर उठाने के लिए आवश्यक होती हैं तथा हमारी आत्म-प्रगति में सहायक होती हैं। इसलिए हमें इस अवसर को गंवाने के बजाय इसका लाभ उठाना चाहिए तथा तार्किक दृष्टिकोण से विचार करना चाहिए। इससे फर्क नहीं पड़ता कि हम परीक्षाओं में पास होते हैं या फेल, पर महत्वपूर्ण चीज हमारा साहस और जीवन्तता है जिसके माध्यम से हम परीक्षाओं का सामना करते हैं। आध्यात्मिक विकास के लिए दूसरों पर दोषारोपण बड़ी बाधा है क्योंकि इससे अपना आत्मावलोकन करने तथा दूसरों पर गौर करने की आध्यात्मिकता में बाधा आती है। इसलिए अपने अनुभवों का दायित्व स्वयं वहन करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इससे हम स्वयं को सही करने का सचेतन प्रयास कर सकते हैं तथा अपने प्रति ईमानदार और जवाबदेह बन सकते हैं। स्वयं को धोखा देने से हम आध्यात्मिक मुक्ति से और दूर होते चले जाएंगे। इसलिए दूसरों पर दोषारोपण बंद कर आत्मावलोकन पर ध्यान देना शुरू करें क्योंकि जब आप दूसरों पर दोषारोपण करते हैं तो अपने परिवर्तन की शक्ति खो देते हैं।

## आप की बात

### आर्थिक वृद्धि दर में सुस्ती

भारत की आर्थिक हालात को लेकर एनएसओ द्वारा जारी अनुमान के अनुसार, 2025 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.4 रहने का अनुमान लगाया गया है। यह अनुमान इस बात को दर्शाता है कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर में सुस्ती आ रही है। एनएसओ के अनुसार, मैन्युफैक्चरिंग और निवेश में कमी के कारण आर्थिक वृद्धि दर में कमी आ रही है। इसके अलावा, लोगों की क्रय शक्ति भी घटती जा रही है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। गिरते हुए रुपयों के कारण वस्तुएं महंगी हो रही हैं, जिससे लोगों की क्रय शक्ति और भी कम हो रही है। इसके अलावा, वैश्विक आर्थिक मंदी के कारण भारत के निर्यात में कमी आ रही है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। 2025 में भारत की आर्थिक हालात को सुधारने के लिए सरकार को कई कदम उठाने होंगे, जैसे कि करों में कमी करना और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाना। मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि करने के लिए कई कदम उठाने होंगे, जैसे कि मैन्युफैक्चरिंग के लिए अनुकूल वातावरण बनाना और मैन्युफैक्चरिंग में निवेश को बढ़ावा देना। लोगों कि क्रय शक्ति में वृद्धि करने के लिए कई कदम उठाने होंगे, जैसे कि मजदूरों के वेतन में वृद्धि करना और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाना। निर्यात में वृद्धि करना और वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाना।

-विभूति बुपक्या, खाचरोद

### तीर्थस्थलों पर भीड़ नियंत्रण

तिरुपति में भगदड़ के कारण हुई त्रासदी अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। इस घटना ने न केवल प्रशासनिक विफलता को उजागर किया है, बल्कि धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा उपायों की कमी पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। तिरुपति जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं, जिससे भीड़ प्रबंधन की चुनौतियां बढ़ जाती हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को प्रभावी योजना बनानी चाहिए। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, आपातकालीन सेवाओं की तत्परता और सूचना तंत्र को सुदृढ़ करना अनिवार्य है। इस प्रकार की त्रासदियों से बचने के लिए भीड़ प्रबंधन की ठोस रणनीति बनानी होगी। साथ ही, श्रद्धालुओं को भी संयम और धैर्य बनाए रखना चाहिए और प्रशासन द्वारा निर्देशित व्यवस्थाओं का पालन करना चाहिए। सरकार और संबंधित अधिकारियों को इस घटना की गहराई से जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जानी चाहिए, ताकि उनकी आस्था और विश्वास सुरक्षित माहौल में फल-फूल सके। इस घटना से सबक लेकर भविष्य में ऐसे आयोजनों के दौरान सुरक्षा मानकों को और कड़ा करना आवश्यक है, ताकि श्रद्धालु अपनी धार्मिक यात्राओं में सुरक्षित महसूस कर सकें।

-प्रो. आरके जैन अरिजीत, बड़वानी

### एक देश, एक चुनाव

एक देश, एक चुनाव की अवधारणा पर विपक्ष का लगातार विरोध करना एक जटिल मुद्दा है। एक 1951 से 1967 तक चुनाव एक साथ ही हुए हैं। विपक्षी दलों को लगता है कि एक देश एक चुनाव की प्रणाली से उनके राजनीतिक हित प्रभावित हो सकते हैं। वे सोचते हैं कि इससे सत्तारूढ़ दल को अधिक लाभ होगा और उनकी अपनी राजनीतिक शक्ति कम हो जाएगी। कुछ विपक्षी दलों को लगता है कि एक देश एक चुनाव की प्रणाली से संविधान के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन हो सकता है। वे सोचते हैं कि इससे राज्यों की स्वायत्तता और संघीय व्यवस्था को खतरा हो सकता है। एक देश एक चुनाव की प्रणाली को लागू करने के लिए व्यापक प्रशासनिक तैयारी की आवश्यकता होगी। विपक्षी दलों को लगता है कि सरकार इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार नहीं है। क्योंकि इसके लिए और अधिक कर्मचारी और संसाधनों कि आवश्यकता होगी। विपक्षी दलों को लगता है कि जनता एक देश एक चुनाव की प्रणाली के बारे में जागरूक नहीं है। वे सोचते हैं कि जनता को इस मुद्दे पर और जागरूक करने की आवश्यकता है। हालांकि, सरकार का तर्क है कि एक देश एक चुनाव की प्रणाली से देश की प्रगति में मदद मिलेगी। एक देश एक चुनाव की प्रणाली से चुनाव आयोजित करने में होने वाले खर्च में कमी आएगी। इससे संसाधनों की बचत होगी और उन्हें अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर खर्च किया जा सकेगा।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

### मुक्ति का अहसास महाकुंभ पर्व

धरा पर महाकुंभ पर्व आपाधापी और कलयुगी त्रास से भरे जीवन को आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा भरने का अद्भुत धार्मिक समागम है। आस्था, विश्वास और धर्म भावना से ओत-प्रोत इस पर्व का महत्व भारतीय संस्कृति में अमृत-तुल्य है। 13 जनवरी से प्रयागराज में आयोजित यह पर्व जातीय समरसता, सांस्कृतिक चेतना और वैश्विक कल्याण की भावना को प्रगाढ़ बनाता है। स्नान, दान और सत्संग की त्रिवेणी के माध्यम से यह पर्व पापों के प्रायश्चित्त और सत्कर्म की प्रेरणा देता है। महाकुंभ वैश्विक उल्लास का भी प्रतीक है तभी तो दुनियां के कोने कोने से लोग सहभागी होकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। महाकुंभ आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने बुनियादी सुविधाओं का जाल सा बिछाया है। लोगों को आयोजन की सफलता के लिए सरकार को पूर्ण सहयोग करना चाहिए। पवित्र धार्मिक नगरी में आयोजित महाकुंभ, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का जीता-जागता उदाहरण है। कुंभ का प्रभाव अब वैश्विक हो गया है और पूरी दुनिया से इस समागम में लोग भाग लेते हैं।

-अमृत मारू रवि

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# डौंडीलोहारा जनपद में जमकर उड़ाई गई भंडार क्रय अधिनियम की धज्जियां, 4 से 5 गुना दर पर स्वच्छता कीट सप्लाई

## स्वच्छता सामग्री की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने भाजपा नेता लुनिया ने सीएम को लिखा पत्र



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के जनपद पंचायत डौंडीलोहारा द्वारा भंडार क्रय नियम 2002 एवं संशोधित नियम 2023-24 का उल्लंघन कर लाखों रुपये का बंदरबाट किये जाने का बड़ा मामला सामने आया है। जनपद सीईओ द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुचाने हेतु पंचायतों में सामग्री पहुंचने से पहले 3 कोटेशन में बिल भेजकर राशि का आहरण किया जा रहा है। जिसकी लिखित शिकायत भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। और जांचकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की हैं। शिकायत पत्र के माध्यम से सौरभ लुनिया ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले के डौंडीलोहारा जनपद पंचायत क्षेत्रांतर्गत पंचायतो में कार्यरत स्वच्छता दीदियों के उपयोग हेतु स्वच्छता सामग्री क्रय करने हेतु सरपंच सचिव पर दबाव बनाते हुए स्वच्छता दीदियों के उपयोग हेतु स्वच्छता सामग्री क्रय करने हेतु राशि जारी की गई थी, परंतु जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के अधिकारियों द्वारा भंडार क्रय नियम 2002 एवं संशोधित नियम 2023-24 का उल्लंघन करते हुए अपने खास ठेकेदार को लाभ पहुंचाने हेतु पंचायतों में सामग्री पहुंचने से पहले 3 कोटेशन में बिल भेजकर राशि का आहरण किया जा रहा है।

### शासन को लगाई जा रही लाखो की चपत

उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों में एक ही फर्म के द्वारा 3 कोटेशन देकर बिना सामग्री पहुंचाए बिल का आहरण किया जाना भी संदेहास्पद है।उक्त फर्म द्वारा जो सामग्री कुछ जनपद पंचायत द्वारा बनाए गए सेक्टर में पहुंचाई गई है, वह सामग्री भी घटिया स्तर की है और बाजार मूल्य से 3 से 4 गुना दर पर सप्लाई की गई है। भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने जनपद पंचायत डौंडीलोहारा द्वारा भंडार क्रय नियम 2002 एवं संशोधित नियम 2023-24 का उल्लंघन करते अपने खास ठेकदार को लाभ पहुंचाने हेतु पंचायतों में स्वच्छता सामग्री पहुंचने से पहले ही बिल प्रस्तुत कर बाजार मूल्य से अधिक दर पर खरीदी करने की जांच कर शासन को लाखों की चपत लगाने के इस कृत्य में शामिल होने वाले दोषी अधिकारी ओर कर्मचारीयों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की हैं।

### ये है सुलगते सवाल और जांच के बिंदु

सौरभ लुनिया ने बताया की जनपद पचायत डौंडीलोहारा अन्तर्गत ग्राम पंचायतो में स्वच्छता दीदीयो के लिये सामान खरीदी के नाम पर सरपंचो को बिल और कोटेशन दिया जा रहा है, लेकिन इसे खरीदने का कार्य कौन किया है..? सरपंचो को ही पता नही है, सामान कैसा है, कौन से कंपनी का है, पता ही नही...? लेकिन बिल जनपद द्वारा बनाये गए सेक्टर (पंचायत) दुधली, अछोली, सिवनी, बडगाव, खेरथाबाजार, रेंगाडबरी, सुरेगांव के आसपास के ग्राम पंचायतों में वितरण हेतु रखा गया हैं। और कई जगह पहुच रहा हैं। उन्होंने आरोप लगाया है की निविदा के नाम पर रायपुर की एक कंपनी एवं सप्लायर का बिल और तीन कोटेशन वो भी खुला, न बंद लिफाफा न डाकघर का सील, जिला मुख्यालय से दुर अन्य जगह से भेज रहे हैं। भंडार क्रय नियम 2002 एवं संशोधित नियम 2023-24 का खुला उल्लघन कर कमीशन खोरी किया जा रहा है। वही भाजपा नेता लुनिया ने भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियो को चेतावनी देते हुए कहा कि चेत जाए, ये भाजपा की सुशासन वाली सरकार है, यहां भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा।

### 4 से 5 गुना दर में सप्लाई

सप्लायर द्वारा जो स्वच्छता कीट दी गई है उसमें मास्क 10नग, ग्लब्स 2नग, जैकेट 2नग, शूज 2जोड़ी, सीटी 2नग, टोपी 2नग, टॉर्च 2नग, साबुन 2नग, फावड़ा 2नग, कुदाल 2नग, पंजा 2नग, घमेंला 2नग, झाडू 2नग, डस्टबिन 2नग, टब छोटा और बड़ा कुल 20नग, फर्स्ट एड बॉक्स एक सेट है, जिसकी कीमत कोटेशन में 30 हजार 385 रुपये दर्शायी गई है।

# साहित्यकार व लेखिका शिरोमणि माथुर को प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया अवार्ड से नवाजा

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया अवार्ड 2024-25 सम्मान समारोह में दल्ली राजहरा की वरिष्ठ साहित्यकार व लेखिका शिरोमणि माथुर को प्राइड ऑफसेंट्रल इंडिया अवार्ड से नवाजा गया। शुरू से ही लेखन व साहित्य के क्षेत्र में विशेष रुचि रखने वाली समाज सेविका शिरोमणि माथुर विगत कई वर्षों से समसामयिक विषयों पर विशेष चर्चाओं का सृजन कर रही हैं इसके अलावा क्षेत्र व दल्ली राजहरा की समस्याओं के साथ-साथ शुरुआत से लेकर अब तक के विकास यात्राओं का जीवंत चित्रण इनके विशेष लेखो में झलकता है। उनके साहित्य व कविताओं में यथार्थ का चित्रण विशेष रूप से देखने को मिलता है समाज सेवा व लोक सेवा के क्षेत्र में विगत कई वर्षों से कार्य करते हुए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष सेवाएं पूर्व में प्रदान की है विगत कई वर्षों से अनेक पुरस्कार व सम्मान प्राप्त करने वाली क्षेत्र की समाज सेविका शिरोमणि माथुर को समाज सेवा शिक्षा व लोक सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए 8 जनवरी को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान द्वारा दैनिक भास्कर के प्राइड ऑफ सेंट्रल इंडिया अवार्ड 2024 25 से नवाजा गया। पवन अग्रवाल, खो खो संघ के जिला अध्यक्ष आशुतोष माथुर विशेष रूप से उपस्थित थे । इस सम्मान से पूरे प्रदेश सहित हमारा दल्ली राजहरा विशेष रूप गौरवान्वित हुआ है। माथुर के नई दिल्ली में सम्मानित होने पर उनके इस उपलब्धि पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# नहीं फैलेगा एथेनॉल प्लांट से प्रदूषण : सचदेव

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले में स्थित ग्राम पंचायत पथर्रा, जहां जिले के तीसरे एथेनाल प्लान्ट का काम अब पूर्ण हो चुका है और उत्पादन शुरू होने के पहले ही जो आंदोलन धरने के रूप में चल रहा था वो अब कुछ व्यक्ति विशेष के राजनीतिक और आर्थिक लाभ का अखाड़ा बन गया है। यह जानकारी देते हुए प्लांट के डायरेक्टर रोहित सचदेव बताया कि वैसे खास एजेंडे के तहत विरोध करने वालों की सक्रियता भी बढ़ी है जिसके कारण भ्रांतियां भी बढ़ने लगी है। विरोध करने वाले समूह ने ग्रामीणों को बरगलाने के लिए अफवाह रचा है की,प्लान्ट के शुरू हो जाने से क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ेगा,दुर्गंध फैलेगा,गंदे पानी से खेतों को नुकसान पहुंचेगा। बल्कि सच्चाई कुछ और है, प्लान्ट के शुरू हो जाने स्थिति इसके ठीक विपरीत होगी। एथेलान प्लान्ट से किसी भी प्रकार का कोई प्रदूषण नहीं होता,नई तकनीक के कारण पथर्रा प्लान्ट से दुर्गंध फैलने की संभावना भी ना के बराबर है और गंदा पानी प्लान्ट से नहीं निकलेगा। पथर्रा प्लान्ट को लेकर कुछ लोगों के निजी स्वार्थ निहित है जो पूरे नहीं हो रहे,जिसके कारण उन लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है और अफवाह फैलाया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है एथेनॉल ईंधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, वस्त्र और वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के प्रयास से एथेनॉल क्षेत्र का विकास जबरदस्त रहा है और इसने दुनिया के लिए एक तरह का उदाहरण पेश किया है।पिछले नौ वर्षों में, चीनी क्षेत्र आत्मनिर्भर रहा है। पिछले सीजन में किसानों को 99.9 प्रतिशत से अधिक भुगतान किया गया। अब एथेनॉल गन्ना किसानों की तर्ज पर मक्का किसानों की आय बढ़ाने और मजबूती के साथ उनका विकास करने में मदद करेगा। इस क्षेत्र में हजारों करोड़ का निवेश आया है जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के हजारों अवसर सृजित हुए हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर गुणात्मक प्रभाव पड़ा है। पर्यावरण अनुकूल ईंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता सूची में रहा है। इसके परिणामस्वरूप केवल दो वर्षों में एथेनॉल सम्मिश्रण दोगुना से अधिक हो गया है और भारत सरकार के एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम (ईबीपी) के तहत 20 फीसदी एथेनॉल सम्मिश्रण पाने का लक्ष्य भी 2030 से पहले करते हुए 2025 कर दिया गया है।

### बेमेतरा जिला प्रशासन सतर्क

जिला प्रशासन प्लांट के आसपास अनावश्यक गतिविधियों को लेकर सतर्क है। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामवासियों और प्लांट प्रबंधन के बीच सुलह कराने की कौशिश करते हुए प्लांट के रास्ते को अवरुद्ध करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी और कहा की प्लांट के मार्ग के आवागमन को अवरुद्ध न किया जाए। यह पूर्ण रूप से अवैधानिक है। हम इस प्लांट को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। हमने इस प्लांट को स्थापित करने से पहले सभी वैधानिक पहलुओं पर गौर किया है और यह पूरी तरह से सुरक्षित है।

### हाईकोर्ट से केस खारिज होने के बाद भी विरोध,हुई गिरफ्तारी

एथेनॉल प्लांट के विरोध में हाईकोर्ट में मामला लगाया गया था इस मामले के खारिज होने के बावजूद भी ग्रामवासी लगातार मार्ग अवरूद्ध कर प्रदर्शन कर रहे थे जिसके कारण जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कुछ नेताओं और ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है।

### ग्रामीण महिलाओं को प्रलोभन देकर बुलाया जा रहा..

ग्राम पंचायत बसनी महिला समिति की अध्यक्ष शिवमती साहु ने बताया कि पूर्व में महिलाओं को 300 रुपए की रोजी देकर धरने स्तर पर बुला कर विरोध प्रदर्शन कराया जाता था तब अधिक संख्या में महिलाएं विरोध प्रदर्शन में जाती थीं,परंतु कुछ दिनों पूर्व जनपद सदस्य सिद्धिक खान, अजिताभ मिश्रा से पैसे के विवाद के कारण हमने धरने स्थल पर जाना बंद कर दिया। तब से ग्राम पंचायत पथर्रा के स्व सहायता समूह की 15 महिलाओं को बुलाकर उन्हें पैसे देकर विरोध प्रदर्शन कराया जाता है। इससे पूर्व भी जो 50 महिलाएं एथेनॉल प्लांट में मजदूर के रूप में कार्य कर रही थी उन्हें कुछ असामाजिक तत्वों ने समाज से बहिष्कृत करने का हवाला देकर प्लांट में जाने से मना कर दिया और उनकी रोजी मजदूरी भी छीन ली।

### प्लांट डायरेक्टर कर रहे हैं ग्रामवासियों से सामंजस्यता बनाने का प्रयास

प्लांट के डायरेक्टर रोहित सचदेव बताया की शुरुआत से ग्रामवासियों ने प्लांट के निर्माण और स्थापना में पूरा सहयोग दिया उनके सहयोग से ही प्लांट का निर्माण कार्य आज पूर्ण हो पाया परंतु निर्माण कार्य पूर्ण होते ही कुछ असामाजिक तत्व ग्रामवासियों को भड़का कर लगातार पथराव व मार्ग अवरुद्ध करा के विरोध प्रदर्शन करा रहें हैं,जो उचित नहीं हैं इसलिए हमने वैधानिक रूप से जिला प्रशासन से इसकी लिखित शिकायत की है। जबकि एथेनॉल प्लांट की स्थापना से क्षेत्र का लगातार विकास होगा,स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा, वहीं भविष्य में शिक्षा,स्वास्थ्य, बुनियादी शिक्षा व ग्रामों के विकास में हमारी अहंम भूमिका रहेंगी।

# केंद्रीय मंत्री की सभा मे भाजपा नेता हरप्रसाद के नेतृत्व में शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल नगपूरा दुर्ग में आमसभा को संबोधित किया। जिसमें पाटन विधानसभा के ग्राम महकाकला के समस्त भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। ग्राम पंचायत से सैकड़ों कार्यकर्ता बस से रवाना हुए। जिसमे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद आडिल, बैसाखू राम सिंहा, रामाधार यादव, बूथ अध्यक्ष चंदूलाल महिलांगे, गिरेन्द्र यादव, अजय सिंह, भगत सिंह महिलांगे, लोकेन्द्र कोसरे, सन्नी यादव, अनिल यादव, प्रदीप विश्वकर्मा, सतीश कोसरे, जनेश्वर यादव व वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए।

# महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास का शत प्रतिशत कार्य आरम्भ



पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद कुम्हारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकां योजना प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास(शहरी) गरीबो के स्वयं के पक्के मकान का सपना को साकार करती यह योजना सम्पूर्ण देश के गरीबो के पक्के मकान के सपने को पूरा कर रही है। सी एल टी सी एक्सपर्ट चंद्रकांत पोद्दार ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके साथ साथ नगर पालिका परिषद कुम्हारी में ÷लाभार्थी आधारित निर्माण(बी एल सी) घटक अंतर्गत कुल 2658 आवास स्वीकृत है जिसमें शत प्रतिशत आवास का कार्य प्रारंभ कर लिया गया है जिसमें 2509 (94.39त्न) आवास पूर्ण कर लिया गए हैं अथवा 149 आवास निर्माणाधीन है जिन्हे जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा, साथ ही शासन द्वारा निकाय को अब तक योजना अंतर्गत राशि 5754.40 लाख रूपये जारी की गई है। जारी राशि से तत्काल हितग्राहियों को भुगतान किया जा रहा है। विभागीय समीक्षा बैठकों में शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मोर जमीन मोर मकानबी एल सी घटक रुफ स्तर के समस्त आवासों को 30 नवंबर 2024 तक अनिवार्यतः पूर्ण किए जाने हेतु निर्देश प्रसारित किया गया था जिसमें नगर पालिका परिषद कुम्हारी को 75 रुफ स्तर के आवासों को पूर्ण करने का लक्ष्य मिला था, जिसको मुख्य नगर पालिका परिषद् कुम्हारी नेतराम चंद्राकर, प्रशासक महेश सिंह राजपूत, उप अभियंता साधना अहिरवार, छाया साहू, अतुल कुमार सिंह, सी एल टी सी एक्सपर्ट चंद्रकांत पोद्दार एवम आर्किटेक्ट, पी एम सी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो से लगातार संपर्क कर उनके समस्याओं का निराकरण करते हुए निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु लगातार प्रेरित किया गया जिसके फ्लस्वरुप दिए गए लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण कर लिया गया।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु महिला बाल विकास विभाग द्वारा दुर्ग के प्रेरणा सभा कक्ष में एक दिवसीय परियोजना स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी आर के जाम्बुलकर उपस्थित रहे.परियोजना अधिकारी उषा झा द्वारा कार्यशाला आयोजन के उद्देश्य बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की आवश्यकता पर जानकारी दी गई । प्रकाश चंद पटेल द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के माध्यम से किये जाने वाले सहयोग की जानकारी दी गई, एकीकृत बाल संरक्षण से आशीष साहू, सीता कन्नौजे द्वारा बाल अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यशाला मे बाल विवाह से समाज व देश के समक्ष आने वाली चुनौतियों, दुष्परिणाम पर चर्चा की गई, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006,पर विस्तृत चर्चा की गई एवं इसके सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक रणनीति, पर चर्चा की गई। जिसमे किशोरो का सशक्तिकरण आवश्यक है बच्चे पहले सक्षम बने फिर विवाह करें.पालक बेटियों को पहले आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। विभिन्न विभागों के आपसी सहयोग के द्वारा इस अभियान को काफी सफल किया जा सकता है पर्यवेक्षक शशि रैदास द्वारा जन आंदोलन, किशोरी सशक्तिकरण सामाजिक व्यवहार परिवर्तन, व अंतर विभागीय समन्वयन सम्बंधित प्रयास पर चर्चा की गई। शासन, प्रशासन व सभी विभागों की भूमिकाएं तय की गई है, ताकि रणनीति का सफल क्रियान्वयन हो सके समाज प्रमुख अपने अपने संगठनों के माध्यम से स्थानीय निकाय विशेषकर ग्राम पंचायत बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का प्रयास करें, कार्यशाला मे अधिवक्ता विभा मिश्रा द्वारा बाल विवाह करवाने पर होने वाली सजा के प्रावधान पर जानकारी दी गई पुलिस विभाग से संगीता मिश्रा द्वारा रक्षा टीम की जानकारी दी गई, कार्यशाला मे दुर्ग ग्रामीण की पर्यवेक्षक,देवकी साहू, इंदु मिश्रा, रेखा लोनारे, प्रमिला वर्मा, ममता साहू सोनल सोनी, कंचन गौतम गीतांजलि भैंसारे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जनपद पंचायत दुर्ग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग की के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व हिन्दी दिवस पर बच्चों ने सुंदर चित्रकारी की

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को बताया कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। हिंदी अत्यंत समृद्ध भाषा है। हमें राष्ट्र भाषा का सम्मान करना चाहिए। शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को हिंदी के साहित्यकारों एवम कवियों के नाम से परिचित कराते हुए छत्तीसगढ़ की में जन्म लेने वाले साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के जीवन से परिचित कराया। शिक्षिका विधि शर्मा ने कहा हमे चाहे कितनी ही भाषा का ज्ञान हो पर हिंदी सर्वोपरी है। इस अवसर पर बच्चों ने सुंदर चित्रकारी एवम पाठयपुस्तक आधारित कविता का पाठ किया चित्रकारी प्रतियोगिता में मीनाक्षी, रामेश्वरी, प्रेमिन, दुर्गा, नितिन एवम रोहन ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की एवम लावण्या, बजरंग ,दीपक ने कविता पठन किया।

# अत्यंत महत्वाकांक्षी साबित हो रहा है जल जीवन मिशन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



देश के प्रत्येक परिवारों को उनके घर पर ही शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर उनकी सेहत की सुरक्षा, समय एवं श्रम की बचत करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई जल जीवन मिशन अत्यंत महत्वाकांक्षी साबित हो रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना का दूरगामी परिणाम पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य सहित जिले में भी देखने को मिल रहा है। जिले में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के सफ्ल क्रियान्वयन के फलस्वरूप वर्षों से शुद्ध पेयजल की प्रबंध करने की कठिनाईयों से जूझ रहे ग्राम सुंदरा के ग्रामीणों के लिए राष्ट्रीय जल जीवन मिशन आज संजीवनी साबित हो गया है। आज से कुछ समय पूर्व तक पेयजल एवं निस्तारी के प्रबंध के लिए कुएं, तालाब एवं हैण्डपंप आदि परंपरागत स्त्रोतों पर निर्भर रहने वाले ग्राम सुंदरा के ग्रामीणों के लिए अपने घर पर ही शुद्ध पेयजल की प्रबंध करना मात्र कोरी कल्पना थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं संवेदनशील सोच के परिणाम स्वरूप इस समस्या के निराकरण हेतु ठोस योजना बनाकर धरातल पर इनके सफ्ल क्रियान्वयन के कारण गांव के गरीब किसान, मजदूर सहित संपूर्ण ग्रामवासियों का सपना आज हकीकत में चरितार्थ हो गया है। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से इसे देश के बहुसंख्यक वर्गों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित कर उनके जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि हमारे ग्राम सुंदरा में निर्धारित समयावधि में जल जीवन मिशन के कार्यों का सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप सभी घरों में पेयजल एवं निस्तारी हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी पहुँचने से हम सभी ग्रामीण बहुत ही उत्साहित है। ग्रमीणों ने जल जीवन मिशन के माध्यम से उनके दिनचर्या में आए बदलाव के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उनके गांव के सभी घरों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल नही लगने से पहले महिलाओं के साथ पुरूषों को भी पानी के प्रबंध के लिए गांव के कुएं, हैण्डपंप आदि पर आश्रित रहना पड़ता था। उन्होंने कहा कि पानी के प्रबंध के लिए हम ग्रामीणों खासकर महिलाओं को सुबह से कुएं, हैंडपंप आदि जल स्त्रोतों के समीप पहुँचकर लाईन लगाना पड़ता था। इसके पश्चात् लंबी प्रतिक्षा के उपरांत अपनी बारी आने पर सीमित मात्रा में ही पानी मिल पाता था। इस कार्य में बहुत समय एवं श्रम लगता था। जिसके कारण वे अन्य जरूरी कार्यों को समय पर पूरा नही कर पाते थे। लेकिन आज हमारे घर में ही पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी मिल जाने से हमारे जीवन की बहुत बड़ी समस्या से निजात मिला है। जिसके फ्लस्वरूप अपने घरेलु एवं अन्य जरूरी कार्यों को समय पर पूरा कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा पेयजल हेतु बाहर से पानी प्रबंध करने से बीमारियों का भी खतरा बना रहता था। जिसके चलते बारिश आदि के समय में हम ग्रामीणों को डायरिया, हैजा आदि महामारियों का दंश झेलना पड़ता था। लेकिन आज राष्ट्रीय जल जीवन मिशन अंतर्गत आज हमारे घर पर ही शुद्ध पेयजल की उपलब्धता होने से इन सारी बीमारियों से मुक्ति मिली है। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के कार्यों को गांव, गरीब, किसान, मजदूरों के लिए अत्यंत महत्वाकांक्षी, लाभकारी एवं उपयोगी बताते हुए पूरे देश में इसे लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी एवं संवेदनशील सोच की सराहना करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए: ताम्रध्वज साहू



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

नव आलोक क्रिकेट क्लब अछोटी एवं समस्त ग्रामवासी अछोटी के तत्वाधान में 20-20 क्रिकेट महासंग्राम 2025 का उद्घाटन के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख के द्वारा प्रतियोगिता प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि खेल को खेलों की भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है। जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। वहीं आयोजन समिति को भी सभी टीमों को उचित व्यवहार के साथ खिलाना चाहिए जिससे आपसी प्रेमभाव बढ़े। केशव बंटी हरमुख ने कहा कि युवाओं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन से क्रिकेट खिलाड़ियों को अपना खेल प्रदर्शित करने का मौका मिलता है, आगे कहा की खेलो मे प्रतिभागिता करते रहने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर पूर्व समिति अध्यक्ष शिव नारायण दिल्लीवार, जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर मिश्रा, मुरली मनोहर देशमुख, नेम लाल देशमुख, हरीश, अवेन्द्र दिल्लीवार, दयालु राम देशमुख, चोवाराम दिल्लीवार मन्नू लाल कोशे, विश्वनाथ धीवर, बलराम दिल्लीवार, राहुल गौतम, पंकज दिल्लीवार, रजत दिल्लीवार, दयालु राम, भूपेन्द्र कुमार, रोहित दिल्लीवार, ज्ञान दिल्लीवार, खुमचंद कोशे, प्रवीण दिल्लीवार, अनिल दिल्लीवार वित्सिज, शुभम निर्मलकर, मनमोहन, लोकेश्वर, नेतराम, आदित्य दिल्लीवार, रेखलाल, हेमन्त, योगेश सोनी सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद थे।

# शुगर ब्लड प्रेशर या अन्य बीमारी से कम लेकिन दुर्घटनाओं से हो रही ज्यादा मौत इसलिए रहें सतर्क : मनोज राठौर

## एसईसीएल सेंट्रल वर्कशॉप में यातायात पुलिस के द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com





यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा बीते 1 जनवरी से आगामी 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्र में यातायात पुलिस कोरबा के अधिकारी और जवान पहुंच रहे हैं और आम जनों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनसे आग्रह कर रहे हैं कि किसी भी सूरत में वाहन चलाते समय लापरवाही नहीं करें और यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। इसी कड़ी में यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर अपने स्टाफ के साथ एसईसीएल कोरबा स्थित सेंट्रल वर्कशॉप में पहुंचे और उन्होंने यहां वाहन चालकों को यातायात नियमों की आवश्यक जानकारी देते हुए जागरूक किया इस दौरान राठौर ने कहा कि शुगर ब्लड प्रेशर सहित अन्य बीमारियों से वर्तमान में काम मौतें हो रही हैं वहीं सड़क दुर्घटनाओं के कारण लोग बाग असमय ही काल के गाल में समा रहे हैं इसलिए वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने ना दें साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहने राठौर ने कहा कि बाजार में कई तरह के हेलमेट विक्रय किए जाते हैं लेकिन अपनी सुरक्षा के लिए आईएसआई मार्का क ही हेलमेट पहने साथ ही कभी भी नशा करके वहां ना चलाएं राठौर ने कहा कि यदि हम सभी यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करते हैं और सड़क में वाहन चलाते समय सतर्क रहते हुए सावधानियां बरतते हैं तो काफी हद तक दुर्घटनाओं में अंकुश लगाया जा सकता है इस दौरान आम जनों ने कहा कि शासन प्रशासन को चाहिए कि ब्रेकर में सफेद पट्टी लगाया जाए ताकि दूर से ही वाहन चालकों को ब्रेकर नजर आ सके इस पर राठौर में बताया कि उनके विभाग के द्वारा इस संबंध में लगातार प्रशासन को पत्र व्यवहार किया जाता है राठौर ने आम जनों से कहा कि यदि कभी भी सड़क हादसा होता है तो 112 नंबर पर कॉल करके सहायता ली जा सकती है पायनियर संवाददाता और कोरबा ब्यूरो प्रमुख कैलाश सिंह राजपूत को राठौर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा और यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डीके सिंह के निर्देश और मार्गदर्शन में यातायात पुलिस का यह सुरक्षा अभियान सतत रूप से जारी रहेगा इस अवसर पर यातायात पुलिस के अन्य स्टाफभी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अड़भार में तड़के सुबह से चालू हो जाता है स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिले का नगर पंचायत अड़भार जहां धार्मिक दृष्टिकोण से पूरे अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से अपनी एक अलग पहचान रखता है, तो वही इस शहर को साफ सुथरा एवं स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी नगर पंचायत प्रशासन के कंधों पर है, तथा शहर वासी भी इस काम में जहां अपना सहयोग देते हैं तो वहीं नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय के निर्देशन में नगर पंचायत के सफाई दरोगा विकास देवांगन भी वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बावजूद तड़के सुबह से ही सफाई के काम में लग जाते हैं, एवं सफाई कर्मचारियों के सहयोग से जहां शहर के प्रमुख मार्गों एवं विभिन्न वार्डों में सफाई का काम जोरों से हो रहा है, तो वहीं शहर वासी भी इस काम में अपना भरपूर सहयोग दे रहे हैं, तथा शहर के नागरिकों का कहना है कि हमारा शहर अगर साफ सुथरा रहेगा तो हमारा स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा तथा नगर पंचायत प्रशासन की इस सक्रियता की शहर वासी भी प्रशंसा करते नहीं थकते।

## पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन 12 को

**मनेन्द्रगढ़।** मकर संक्रांति के अवसर पर महिला समता मंच द्वारा 12 जनवरी रविवार को बालक हाईस्कूल ग्राउंड में पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। समता महिला मंच ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि वे इस प्रतियोगिता का आनंद लेने के लिए सपरिवार उपस्थित हों। प्रतियोगिता में कोई आयु या लिंग का बंधन नहीं है, सभी महिला, पुरुष और बच्चे इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को अपनी पतंग और मांजन स्वयं लाना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एंट्री फीस 30 रुपये रखी गई है। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को क्रमशः 1100 रुपये, 700 रुपये और 500 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# खुद के मकान का सपना हुआ साकार- नगर पंचायत अड़भार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का मिल रहा हितग्राहियों को लाभ

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरे देश भर में जहां प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है, तो वही नवगठित शक्ति जिले की नगर पंचायत अड़भार में भी जरूरतमंद परिवारों एवं हितग्राहियों को इस योजना के अंतर्गत इसका लाभ दिया जा रहा है, इसी श्रृंखला में नगर पंचायत अड़भार की निवासी लक्ष्मीन बाई बरेठ के अपने घर का सपना सकार हो गया है,प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ने उन्हें दिया है अपना खुद का मकान,नगर पंचायत अड़भार जिला सक्ती राज्य छत्तीसगढ़ लक्ष्मीन बाई बरेठ है, जो आठवी पास है और एक हाथ से विकलांग है जो मजदुरी करके अपना जीवन यापन करती है, वह अपने घर के आसपास के पक्का घरों को देखकर मेरे मन में ख्याल आता था कि अपना पक्का मकान का सपना सकार हो जाता कि अपना भी स्वयं का पक्का आवास होता यह देखकर नगर पंचायत अड़भार कार्यालय में पहुंचकर आवास योजना के संबंध में जानकारी ली उसके पश्चात उन्होंने सभी डाक्यूमेंट को सबमिट कर फार्म को फिल किया तत्पश्चात उनका भी लिस्ट में नाम आया। तत्पश्चात उसने अपने जमीन पर आवास को बनाना चालू किया एवं शासन के द्वारा 04 किश्तों में योजना का लाभ मिला जिससे मेरा घर का सापना सकार हो गया जिसके लिए मैं शासन एवं नगर पंचायत अड़भार को धन्यवाद देती हूं मेरा पक्का मकान का सपना सकार हुआ। नगर पंचायत अड़भार में इस योजना का लाभ दिलाने जहां अधिकारी एवं कर्मचारी सजग हैं, तो वहीं लोगों को पूर्ण रूप से इस योजना की जानकारी प्रदान की जा रही है।

# श्यामू समर्थकों में देखा जा रहा उत्साह, नगर पालिका के कर्मचारियों ने भी कहा- आपका पहला कार्यकाल रहा हम सभी कर्मचारियों के हित में

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com





नगर पालिका परिषद शक्ति में साल 2014 में अध्यक्ष के रूप में प्रत्यक्ष निर्वाचन में जीत करने वाले श्यामसुंदर अग्रवाल के कुशल कार्यकाल को लोग फिर से उन्हें अध्यक्ष के रूप में निर्वाचन लड़ने हेतु अपना सहयोग देने की बात कर रहे हैं, 7 जनवरी को राजधानी रायपुर में हुई आरक्षण प्रक्रिया के बाद जहां निरंतर श्यामसुंदर अग्रवाल के दफ्तर में उनके समर्थको एवं नागरिकों के मिलने का सिलसिला चल रहा है, तो वहीं नगर पालिका परिषद शक्ति के कर्मचारियों ने भी उनके कार्यालय में पहुंचकर उनसे कहा कि आपका विगत अध्यक्षयीय कार्यालय कार्यकाल हम सबके हित में रहा तथा अपने सदैव हमारे हितों के लिए शासन प्रशासन से संघर्ष करने के साथ ही शहर विकास में भी अपना योगदान दिया। तो वहीं श्यामसुंदर के समर्थक भी अपने नेता को फिर से अध्यक्ष बनाने हेतु आतुर नजर आ रहे हैं,तथा समर्थकों का कहना है की शक्ति नगर पालिका की सीट सामान्य होने के बाद जनता ने एक बार फिर आपको सेवा करने का अवसर दिया है, एवं इस अवसर को हमें गंवाना नहीं चाहिए तथा साल 2019 से 2024 तक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल की धर्म पत्नी नेहा अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक- 14 से पार्षद का चुनाव जीत कर नगर पालिका उपाध्यक्ष के रूप में 5 सालों तक अपनी सेवाएं दी तथा अब जनता फिर से यह चाह रही है कि श्यामसुंदर अग्रवाल चुनाव लड़े, किंतु यह तो आने वाला समय ही बताया कि जिस कांग्रेस पार्टी से श्यामसुंदर अग्रवाल ने साल 2014 में चुनाव जीता था अब 2025 में उन्हें कांग्रेस पार्टी फिर से अपना चेहरा बनाती है, या नहीं, किंतु यह बात तो सत्य है कि अध्यक्ष सीट सामान्य होने के बाद दावेदारों की उत्सुकता तो देखते ही बन रही है, तथा हर एक वह व्यक्ति जो सार्वजनिक रूप से लोगों के बीच रहता है वह अध्यक्ष पद के चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा सार्वजनिक करने से नहीं चुक रहा है। ज्ञात हो कि श्यामसुंदर अग्रवाल की शक्ति शहर में भी आम जनता में एक अच्छी छवि है,एवं वे सदैव लोगों की समस्याओं के निराकरण में भी अपना अहम योगदान देते हैं, तो वहीं शक्ति शहर के प्रतिष्ठित जिंदल परिवार से वे आते हैं एवं चाहे धर्म का क्षेत्र हो या की अन्य क्षेत्रों में उनकी सक्रिय उपस्थिति देखी जाती है,तथा नगर पालिका अध्यक्ष की सीट सामान्य होने के बाद श्यामसुंदर अग्रवाल के समर्थकों के उत्साह को देखते हुए ऐसा लगता है कि वे अपने नेता को फिर से अध्यक्ष की कुर्सी पर देखना चाह रहे हैं, तथा श्यामसुंदर अग्रवाल की बात करें तो साल 2014 में जब उन्होंने अध्यक्ष की कुर्सी संभाली तब छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार थी तथा उन्होंने लगातार चार सालों तक भाजपा सरकार में भी शहर विकास के लिए करोड़ों रुपए लाये तथा तत्कालीन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर चरण दास महंत से भी उनके संबंध और अधिक प्रगाढ़ हुए एवं श्यामसुंदर अग्रवाल ने महंत जी को शक्ति नगर पालिका क्षेत्र में तत्कालीन समय मे होने वाले भूमि पूजन एवं लोकार्पण के कार्यक्रमों में भी अतिथि बनाकर उनका मान सम्मान बढ़ाया, तथा शक्ति शहर में भी महंत जी की सक्रिय रूप से राजनीति में भागीदारी करवाते हुए उनके साथ सदैव कदम से कदम मिलाकर चला।

# कसेर पारा में पंडित कृष्णा तिवारी के सानिध्य में हो रही श्रीमद भागवत कथा,11 जनवरी को होंगा समापन





पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

कसेर पारा सक्ती में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह, जो 4 जनवरी 2025 से 11 जनवरी 2025 तक भक्तों के लिए समर्पित है, आज अपने श्रोताओं को आध्यात्मिक अनुभवों से सराबोर कर गया। आज के पावन प्रसंग में गोवर्धन लीला की मनमोहक कथा का श्रवण सभी भक्तों ने बड़े भाव से किया। इस कथा में भक्तों की भारी सहभागिता देखने को मिली, जो उनकी अटूट श्रद्धा का प्रतीक है, कथा व्यास पंडित कृष्णा तिवारी जी ने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी दिव्य कनिष्ठा पर धारण किया, तब उन्होंने यह सन्देश दिया कि सच्ची भक्ति और विश्वास से बड़ा कुछ भी नहीं है। इस अवसर पर यज्ञ आचार्य पंडित भोला शंकर ने कथा के महात्म्य का उल्लेख करते हुए भक्तों को अपनी प्रेरणादायक वाणी से प्रेरित किया। उन्होंने आग्रह किया कि इस दिव्य आयोजन में अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होकर ईश्वर की कृपा प्राप्त करें। यह सप्ताह न केवल धार्मिक जागरूकता का प्रतीक है, बल्कि भक्तों को आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करने का एक अनूठा प्रयास भी है।

# छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ जिला शाखा एमसीवी का त्रैवार्षिक निर्वाचन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ, जिला शाखा एमसीवी का त्रैवार्षिक निर्वाचन विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। इस निर्वाचन प्रक्रिया का आयोजन केन्द्रीय पर्यवेक्षक डॉ. संतोष सिंह की उपस्थिति में किया गया। निर्वाचन कार्य में जिला आयुष अधिकारी डॉ. निशांत अग्रवाल और पूर्व जिला आयुष अधिकारी एएन सिंह का विशेष सहयोग रहा। नवगठित कार्यकारिणी में डॉ. गीतेश पटेल को अध्यक्ष, डॉ. प्रभाकर तिवारी को उपाध्यक्ष, डॉ. विशाल अहिरवार को सचिव तथा डॉ. रामकिशोर शर्मा को कोषाध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। प्रांतीय प्रतिनिधि के रूप में शिवपाल सिंह, डॉ. संदीप सिंह चंदेल और डॉ. शम्भू प्रसाद केसरवानी को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. अरविंद पटेल, डॉ. अमित पाण्डेय, डॉ. भूपाल मंजारे, डॉ. ज्ञानेंद्र कुशवाह और डी. अजय कुमार गुप्ता का चयन किया गया। संगठन के इस नए नेतृत्व के साथ, छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ ने आने वाले समय में आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का संकल्प लिया है।

# नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए पुनम सिंह ने की दावेदारी

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की घोषणा के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। मनेन्द्रगढ नगरपालिका परिषद के लिए ओबीसी महिला सीट आरक्षित होने के साथ ही यहां के राजनीतिक समीकरण भी बदलने लगे हैं। इस सीट पर अब विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी पेश करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में, कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई पुनम सिंह ने भी अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। पुनम सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैं मनेन्द्रगढ की बहु हूं, और हर एक बहु का फर्ज होता है अपने घर को संवारना। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि कांग्रेस पार्टी उन पर विश्वास जताकर उन्हें टिकट देती है, तो वह हर हाल में चुनाव में जीत हासिल करने के लिए काम करेंगी। उनका कहना था कि पार्टी को मनेन्द्रगढ में मजबूती प्रदान करना उनका मुख्य उद्देश्य होगा। पुनम सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि वह नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और विश्वास जताया कि पार्टी का समर्थन मिलने पर वह चुनावी मैदान में अपनी सफलता सुनिश्चित करेंगी। राजनीतिक हलचलः मनेन्द्रगढ नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष पद के लिए इस दावेदारी के बाद राजनीतिक हलचल तेज़ हो गई है। पुनम सिंह की दावेदारी ने कांग्रेस पार्टी के भीतर और बाहर कई चर्चाएं शुरू कर दी हैं। साथ ही, विपक्षी दलों की ओर से भी आगामी चुनावों के लिए अपनी तैयारियां तेज़ कर दी गई हैं।पुनम सिंह के समर्थक यह मानते हैं कि उनकी सक्रियता और पार्टी के प्रति समर्पण के कारण, कांग्रेस को मनेन्द्रगढ में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। वहीं, इस क्षेत्र में उनकी पहचान और स्थानीय जनसमर्थन को भी ध्यान में रखा जा रहा है।

**नगरीय निकाय चुनाव में महिला उम्मीदवारों की बढ़ती भागीदारी:** इस दावेदारी के साथ ही मनेन्द्रगढ में महिला उम्मीदवारों की बढ़ती भागीदारी भी एक महत्वपूर्ण विषय बन गई है। ओबीसी महिला सीट के आरक्षित होने से महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए और ज्यादा अवसर मिल रहे हैं, और यह चुनाव एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# ओपन किक बॉक्सिंग में कोरबा की टीम ने जीता मुख्यमंत्री कप

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



विभिन्न जिलों से 24 टीमों के 800 खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल्स ने की शिरकत कोरबा जिले के खिलाड़ियों 70 स्वर्ण, 10 रजत एवं 5 कांस्य सहित कुल 85 पदक, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने दी बधाई, पार्षद नरेंद्र देवांगन ने किया सम्मानित, क्रीड़ा भारती ने सी एम ए किकबॉक्सिंग एकेडमी में आयोजित किया सम्मान समारोह, मुख्यमंत्री कप राज्य स्तरीय ओपन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसियेशन के तत्वाधान में ओ पी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में 3 से 5 जनवरी 2025 तक किया गया। उक्त प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 800 खिलाड़ीयो, प्रशिक्षकों एवं ऑफिसियल ने किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट,किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री कप का आयोजन किया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक बालिका खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन वर्गो में हिस्सा लिया। कोरबा जिले के सीएमए किक बाक्सिंग एकेडमी कोरबा के खिलाड़ियों ने 70 स्वर्ण, 10 रजत तथा 5 कांस्य सहित कुल 85 पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर रायगढ़ लोकसभा के सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद राजा देवेंद्र प्रताप सिंह एवं समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अनिल, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के कुलपति आरडी पाटीदार एवं गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। जिले की टीम के सभी खिलाड़ियों एवं आफिशियल के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लखनलाल देवांगन ने बधाई दी है। पार्षद नरेंद्र देवांगन एवं क्रीड़ा भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कौशलेंद्र जी ने सी एम ए किक बॉक्सिंग एकेडमी में क्रीड़ा भारती कोरबा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 918/क/भू.व्यप/अविअ/2025 सरायपाली दिनांक 10/01/2025

आवेदक पदुमलाल पिता मसतराम निवासी केदुवां तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम केदुवा में स्थित भूमि खसरा नंबर 261/2 रकबा 0.06 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जोन हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयसोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 17/01/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अविध पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयस की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
सरायपाली

**राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.)**
**पुजारी पार्क के पास, पुलिस लाईन कैम्पस टिकरापारा, रायपुर**
टेलीफोन नं. 0771-3501122, फैक्स नं. 0771-3501121, ईमेल dir.sfslcg@gmail.com

क्रमांक/रा.न्या.वि.प्र./राय./निविदा/M-110/2025 दिनांक 08/01/2025

**// Tender //**

राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.) के डी.एन.ए. शाखा हेतु Chemical, Kits, Miscellaneous का क्रय किया जाना है, जिसके लिए रेट कांट्रेक्ट करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है :-

निविदा जारी करने की तिथि : दिनांक 11.01.2025
निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 08.02.2025 सायं 2:30 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 10.02.2025 सायं 3:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 10.02.2025 सायं 4:00 बजे तक

| S. No. | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 01 | Chemical, Kits, Miscellaneous |

विस्तृत विवरण कार्यालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला टिकरापारा, पुजारी पार्क के पास रायपुर (छ.ग.) पिन कोड-492001, दूरभाष (कार्यालय) 0771-3501122 कार्यालय के वेबसाईट www.fsl.cg.nic.in से ऑनलाईन आवेदन का विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है। निविदा फार्म संचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर के नाम पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से ड्राफ्ट रू. 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) का बनवाकर प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है।

**(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

हेतु-संचालक
राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला
रायपुर (छ.ग.)

G-242505214/3

**कार्यालय कलेक्टर एवं (जिला निर्माण समिति) जिला कोण्डागांव**

**// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण //**

एन.आई.टी. क्रमांक/18/जि.नि.स./निविदा/2024-25 कोण्डागांव, दिनांक 09/01/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से कार्यालय जिला निर्माण समिति, जिला कोण्डागांव के कार्यालय में दो लिफाफा पद्धति से मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी भवन-सड़क-पुलिया निर्माण कार्य हेतु दिनांक 01.11.2021 से प्रभावशील दर अनुसूची निविदा आमंत्रण तिथि तक संशोधित दर पर निविदा प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत के आधार पर दर निम्नांकित कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।

01. कार्यालय में निविदा लिफाफे प्राप्ति की अंतिम तिथि - 29/01/2025 संध्या 5:00 बजे तक।
02. कार्यालय में निविदा लिफाफे खोले जाने की तिथि - 30/01/2025 प्रातः 11.30 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | विकासखण्ड माकड़ी में आदिवासी माध्यमिक शाला कन्या आश्रम अनंतपुर | 16.69 |

**टीपः-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन अवधि में कार्यालय-जिला निर्माण समिति, जिला कोण्डागांव में अथवा ऑनलाईन www.kondagaon.gov.in वेबसाइट में दिनांक 09/01/2025 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष
(जिला निर्माण समिति)
जिला कोण्डागांव

G-242505221/2

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार हो रहा है विस्तार

## हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू एवं टीम ने किया मध्य प्रदेश के मरीज की सफल हार्ट सर्जरी

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर राज्य के सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं में दिनों दिन वृद्धि हो रही है। इसका नतीजा है कि स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में पंडित नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय से संबध्द डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के प्रति लोगों का विश्वास दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। इस संस्थान के विभिन्न विभागों के डॉक्टरों की समर्पित टीम एवं पैरामेडिकल स्टाफ की बदौलत जटिल से जटिल मेडिकल केस में डॉक्टरों को सफलता मिली है। यही वजह है कि न केवल राज्य बल्कि पड़ोसी राज्यों के मरीज भी यहां उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने मध्यप्रदेश निवासी एक मरीज की एक बार फिर सफल ओपन हार्ट सर्जरी की है। हार्ट सर्जरी का यह केस इसलिए विशेष है क्योंकि मरीज का हृदय मात्र 35 प्रतिशत ही काम कर रहा था। मरीज को रूमैटिक हार्ट डिजीज नामक बीमारी थी जिसके कारण मरीज के दो वाल्व क्रमशः एओर्टिक वाल्व और माइट्रल वाल्व में सिकुड़न थी एवं तीसरे वाल्व ट्राइकस्पिड वाल्व में लीकेज था। विभागाध्यक्ष हार्ट सर्जरी डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में हुए इस ऑपरेशन में मरीज के हृदय के इन दोनों वाल्व को टाइटेनियम मेटल के वाल्व से बदला गया एवं तीसरे वाल्व को रिपेयर किया गया। सर्जरी के पश्चात् मरीज के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है एवं एक-दो दिन बाद मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। यह ऑपरेशन शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान योजना के अंतर्गत पूर्णतया निशुल्क हुआ है। अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर कहते हैं कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के साथ हमारी कोशिश रहती है कि मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा का लाभ मिले। मध्यप्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों के मरीजों का भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत यहां उपचार संभव हो रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के ऐसे विस्तार ने अम्बेडकर अस्पताल के प्रति लोगों का भरोसा बरकरार रखा है। मध्यप्रदेश के अनूपपुर निवासी 52 वर्षीय मरीज को चार साल से सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। जरा सा भी काम करने पर सांस फूल रहा था। शुरूआत में स्थानीय डॉक्टरों द्वारा अस्थमा की बीमारी की तरह उपचार किया गया। बाद में दूसरे डॉक्टरों से जांच कराने पर पता चला कि मरीज के हार्ट के चार में से तीन वाल्व खराब हो गये हैं। चूंकि 3 वाल्व बदलना बहुत ही चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन होता है इसलिए मरीज के शुभचिंतकों ने उसे अम्बेडकर अस्पताल जाने की सलाह दी। फिर भी मरीज मध्यप्रदेश के जाने माने हार्ट सेंटर में गया परंतु वहां मरीज को विश्वास नहीं हुआ फिर अन्य सेंटर में 5 लाख से भी अधिक का खर्च बताया गया इसलिए अंततोगत्वा मरीज अम्बेडकर अस्पताल पहुंचा। अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के द्वारा मरीज की पुनः जांच की गई और उनको हार्ट के तीनों वाल्व के ऑपरेशन के बारे में बताया चूंकि इस मरीज की किडनी भी कमजोर थी एवं उसका क्रिएटिनिन भी 1.5 एमजी बढ़ा हुआ जिससे ऑपरेशन और अधिक रिस्की होने के बारे में बताया एवं कई बार ऐसे मरीजों की किडनी बाईपास के बाद खराब हो जाती है और डायलिसिस की नौबत आ सकती है फिर भी मरीज अपना ऑपरेशन अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग में कराने के लिए तैयार हो गया। मरीज की बीमारी को रूमेटिक हार्ट डिजीज कहा जाता है। यह बीमारी बचपन में सर्दी-खांसी के ठीक से इलाज न कराने पर होता है। इस बीमारी में बचपन में स्ट्रेप्टोकोकस नामक बैक्टीरिया द्वारा गले में संक्रमण होता है जो सामान्य सर्दी-खांसी के रूप में होता है। जब यह बैक्टीरिया हमारे शरीर में प्रवेश करता है तब हमारे शरीर के प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा इस बैक्टीरिया के विरूद्ध एंटीबॉडी बनता है परंतु यह एंटीबॉडी बैक्टीरिया को न मारकर हमारे हृदय के वाल्व को ही बैक्टीरिया समझ कर उसको खराब करना प्रारंभ कर देता है। या यूं कहें कि यह एंटीबॉडी मिस गाइडेड मिसाइल की तरह होती है। यह बीमारी नार्थ एवं सेंट्रल इंडिया में सबसे ज्यादा मिलता है एवं साउथ इंडिया में सबसे कम। मेडिकल भाषा में मरीज रूमैटिक हार्ट डिजीज (आरएचडी) विद सीवियर माइट्रल स्टेनोसिस विद सीवियर एओर्टिक स्टेनोसिस प्लस ट्राइकस्पिड वॉल्व रिगर्गिटेशन नामक बीमारी से पीड़ित था। मरीज का माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट विद एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट बाई, बाई लीफ्लेट मेटैलिक वाल्व विद डिवेगास ट्राइकस्पिड वाल्व रिपेयर नामक सर्जरी की गई। मरीज ऑपरेशन के दूसरे दिन ही अपना नाश्ता और भोजन अपने हाथों करना शुरू कर दिया।

# विज्ञान और गणित विषय में रुचि विकसित करने किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ≺ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन एवं जिला सीईओ नम्रता जैन के निर्देशन में 09 जनवरी को जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मण्डावी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूली छात्रों में विज्ञान एवं गणित विषय में रूची विकसित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रारंभिक स्तर अंतर्गत (कक्षा 1 ली से 8वीं) तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पावारास सुकमा में यह आयोजित किया गया जिसमें विकासखंड से चयनित 40 बच्चों ने भाग लिया। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुकमा, द्वितीय स्थान छिन्दगढ एवं तृतीय स्थान कोन्टा को प्राप्त हुआ। इसी तरह हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी की प्रतियोगिता पीएमश्री स्कूल शा.बा.उ.मा.वि. सुकमा में आयोजित किया गया जिसमें विकासखंड से चयनित 40 बच्चों ने लिया भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान कोन्टा, द्वितीय स्थान छिन्दगढ एवं तृतीय स्थान सुकमा को प्राप्त हुआ। क्विज प्रतियोगिता डिजिटल मोड .में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के टी.डी.दास प्राचार्य सेजेस अंग्रेजी माध्यम स्कूल पावारास सुकमा तथा पी.अनिल कुमार प्राचार्य सेजेस हिन्दी माध्यम सुकमा नोडल अधिकारी ने अपने टीम के साथ प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी मंडावी के द्वारा सभी विजेता छात्रों को प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो सहित पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सुकमा उमाशंकर तिवारी, अन्य शिक्षकगण और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सक्षम विद्यालय के दिव्यांग बच्चों का राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता ≺ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा संचालित सक्षम विद्यालय (दिव्यांग बच्चों का बाधारहित आवासीय विद्यालय) संस्था में रहकर अध्ययनरत छात्रों के हौसलों की उड़ान अध्ययन के अलावा खेल गतिविधियों में भी जारी है। इस क्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में सक्षम के दिव्यांग बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर जीवन पथ को सार्थक बनाने के साथ-साथ खेल कूद, संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे विधाओं में पारंगत हो रहे हैं। इसके तहत प्राप्त जानकारी अनुसार हाल ही में रायपुर में हुए राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में सक्षम विद्यालय के छात्र भीमा, योगेश और दिव्यांशु ने 100 मीटर 200 मीटर,400 मीटर दौड़ लम्बी कूद, गोला फेक, बैडमिंटन प्रतियोगिता में 8 गोल्ड 1 ब्रांज मेडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। इसके अलावा सक्षम विद्यालय के ही 05 छात्र हरिशंकर, रविन्द्र, आकाश, प्रिंस और दिनेश ने मेरठ में पैरा ओलंपिक टीम और विदेश से आए हॉर्स राइडिंग प्रशिक्षकों के समक्ष ''हॉर्स राइडिंग'' में अपनी प्रतिभा का कुशल प्रदर्शन कर तारीफें पाई। इस उपलब्धि पर जिले के कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी विजेता बच्चों को बधाई देते हुए आगामी में बोर्ड परीक्षाओं में और अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# शीत लहर में स्कूली बच्चों को वत्सला दे रहे ऊनी वात्सल्य की उष्णता



पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूरा देश ठिठुरती शीत लहर के चपेट में है, वहीं सरकारी स्कूली बच्चे कांपती मासूम मुस्कान के साथ बिना स्वेटर शाला पहुंच रहे है, परिस्थिति के प्रश्न को समझते हुए वत्सला बहनों ने इस वर्ष अपनी शीतकालीन सेवा के अंतर्गत प्राइमरी स्कूली जरूरतमंद बच्चों को ब्लू यूनिफॉर्म स्वेटर दे रहे हैं, ये इनकी सेवाएं 30दिसंबर 2024 सोमवती अमावस्या से चल रहा है, इसी कड़ी में वत्सला कार्यकारिणी सिंघोरी प्राइमरी स्कूल पहुंच कर वहां बच्चों को अपने हाथों से स्वेटर प्रदान किए, जिसे पहनकर बच्चों में खुशी की गर्माहट देखने को मिला, इसी के साथ बच्चों को मनोरंजन गतिविधियों के साथ ब्रेन एक्टिवेशन एक्सरसाइज भी सिखाए गए, इस अवसर पर वत्सला संस्था प्रमुख ज्योति सिंघानिया के साथ अध्यक्ष स्वीटी सलूजा, कीर्ति सिंघानिया, अनीता साहू, पूर्णिमा पटेल और मंजू मोटवानी की गरिमामई उपस्थिति रही, इस विशेष सेवा आयोजन में संकुल प्रभारी धनीराम बंजारे, प्राचार्या शशिकला यादव, शिक्षिका किरण खरे, लक्ष्मी साहू, अमरीका पांडे व मंजू पांडे का सहयोगात्मक व्यवहार रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था द्वाराये सेवा अभी यूंही जिले के प्राइमरी स्कूलों में यथासंभव जारी रहेगी ताकि अधिक से अधिक बच्चों को ठंड से सुरक्षा मिल सके।

# विश्व हिंदी दिवस पर हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता ≺ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय फुल्लकर्रा में आज विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक गरियाबंद शाखा द्वारा हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंचल निषाद कक्षा सातवीं से द्वितीय स्थान पूरब देवांगन कक्षा आठवीं से तृतीय स्थान सुनिधि कंवर एवं दामिनी देवांगन कक्षा सातवीं को छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक गरियाबंद शाखा द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक दीपक टांडेकर, उमेंद्र गुप्ता अधिकारी, प्रेम साहू एफएलसी, युवान लाल सोनेंद्र प्रधान पाठक सहित शिक्षकगण जोहान राम दीवान अनीता मेश्राम, कविता बुझेकर उपस्थित रहे।

# स्कूलों सहित आश्रम-छात्रावासों में आयोजित किया जा रहा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ≺ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गाँधी के मार्ग दर्शन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 12 अप्रैल 2024 से 08 जनवरी 2025 तक विकासखंड नगरी, धमतरी, कुरूद एवं मगरलोड के स्कूलों में शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं का मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अब जिले के सभी छात्रावास, आश्रम के अधीक्षकों के प्रशिक्षित होने के बाद छात्रावास, आश्रम के सभी छात्र-छात्राओं का 6 जनवरी 2025 से कार्यशाला आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अब तक कुल 185 छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण दिया गया है। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य हमारे रोजमर्रा के अनुभवा का हिस्सा, शारीरिक स्वास्थ्य की तरह, हम सभी के पास मानसिक स्वास्थ्य है, अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है और अपनी भावनाओ को कैसे नियंत्रित एवं अभिव्यक्त करते है, जिसका हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पडता है के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही बच्चो में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओ को समझना जैसेः- बुलइंग, हिंसा, आर्थिक परेशानी, शैक्षाणिक समस्याए, नशीले पदार्थ का उपयोग, परिवार का साथ छुट जाना, शारीरिक बिमारी इत्यादि के बारे में भी जानकारी दी गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, भारतीय रेडक्रास सोसायटी एवं यूनिसेफ के सहयोग से स्कूल के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित कार्यशाला में मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए किशोरों में होने वाले मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं एवं उपाय के बारे में विभिन्न खेल व एक्टिविटीज जैसे सांप सिढी, भावना चक्र, भावनात्मक पाबंदी इत्यादि के जरिए समझाया गया। गौरतलब है कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों के मनोवैज्ञानिक विकास को बढ़ाना तथा परीक्षा व कॅरियर के दबाव आदि को कम कर बेहतर तनाव प्रबन्धन के गुण सीखाना हैं।

# फर्जी कॉल व ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए रहें सतर्क

## कलेक्टर ने साइबर अपराधों से बचने के दिए टिप्स

पायनियर संवाददाता ≺ कोरिया
www.dailypioneer.com



डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। आए दिन लोग फिशिंग, मोबाइल से कम समय में अधिक पैसे देने की लालच, मोबाइल में बच्चों के अपराध में संलिप्त होने की गलत जानकारी, आधार नम्बर, पेन नम्बर, ओटीपी नम्बर मांगने, नकली ऑफर्स और वीडियो वेरिफिकेशन स्कैम आदि का शिकार हो रहे हैं। विकासखण्ड मुख्यालय सोनहत के सामुदायिक भवन में आयोजित जिला स्तरीय मेगा बैंक लिंकेज एवं क्रेडिट कार्यक्रम में कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी ने मोबाइल से ठगी व ऑनलाइन फ्रॉड से आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। कलेक्टर ने कहा कि अपराधियों द्वारा ठगने के नए-नए तरीके अपनाते हैं और इससे बचने के लिए आपके पास सही जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा मोबाइल में आए दिन आधार नम्बर, केवाईसी, पेन नम्बर, ओटीपी, खाता नम्बर आदि जानकारी मांगते हैं और उत्सुकतावश या गलती से दे देते हैं और आपके खातों से जमा की गई रकम तुरंत निकाल लेते हैं, जबकि कोई भी बैंक इस तरह से जानकारी नहीं लेते, ऐसे समय में सावधानी बहुत जरूरी है। जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ''नजर हटी और दुर्घटना घटी'', वाली कहावत ठगी करने वालों ने अपनाया है। इसलिए सावधानी पूर्वक मोबाइल का उपयोग करें, ऑनलाइन ठगी से बचें और नहीं समझ आने पर किसी जानकार से पूछकर मोबाइल, ऑनलाइन का उपयोग कर सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ठग अब मोबाइल सेवा नवीनीकरण, केवाईसी अपडेट और वीडियो वेरिफिकेशन जैसे बहानों से लोगों को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। कई बार ये अपराधी नकली वेबसाइट्स बनाकर पीड़ितों को उनकी संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए मजबूर कर देते हैं। किसी भी अनजान व्यक्ति या वेबसाइट को अपनी बैंक डिटेल्स, ओटीपी या पासवर्ड न दें। वेबसाइट के यूआरएल की जांच करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। मजबूत पासवर्ड और टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन (2एफए) का उपयोग करें। यदि कोई संदिग्ध कॉल या मैसेज आए, तो उसे अनदेखा करें। यदि आप ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हो गए हैं, तो तुरंत साइबर क्राइम, स्थानीय पुलिस थाना में जानकारी दें। त्योहारों के समय में साइबर अपराधी नकली ऑफर्स और लॉटरी जैसे प्रलोभनों के जरिए लोगों को फंसाने की कोशिश करते हैं। ऑनलाइन खरीदारी करते समय केवल आधिकारिक और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें। बैकुण्ठपुर स्थित स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक ने भी मोबाइल व ऑनलाइन ठगी से बचने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा लोगों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचना चाहिए और साइबर धोखाधड़ी, जैसे संदिग्ध कॉल या ईमेल पर प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। बता दें सरकार और साइबर एजेंसियां लगातार नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास कर रही हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जागरूक रहें और साइबर अपराधियों के जाल में फंसने से बचें।

# आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन हेतु शिविर लगाकर चलाया जा रहा महाअभियान

पायनियर संवाददाता ≺ कांकेर
www.dailypioneer.com



आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत जिले में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन करने हेतु सभी चॉइस सेंटरों एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर लगाकर महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन महाअभियान अंतर्गत आज ग्राम कोकपुर में चॉइस सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में आए वरिष्ठ नागरिकों को समझाईश देते हुए कहा कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों (एपीएल एवं बीपीएल दोनों श्रेणी) को प्रतिवर्ष 05 लाख तक का निःशुल्क उपचार की सुविधा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आप अपने आसपास के बुजुर्गों को पंजीयन के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा अपने नजदीकी शासकीय अस्पताल या च्वॉइस सेंटर में आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन करवाकर इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ अवश्य लें। उन्होंने कहा कि यह योजना सभी बुजुर्गों के लिए वरदान साबित होगी, क्योंकि वृद्धावस्था में विभिन्न प्रकार की बीमारियां होने लगती है, जिनके उपचार में काफी राशि का व्यय करना पड़ता है। अतः 05 लाख तक के निःशुल्क उपचार से वरिष्ठ नागरिकों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी एवं स्वास्थ्य विभाग के टीम उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना रू नगर पालिका जशपुर द्वारा किया जा रह मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन

पायनियर संवाददाता ≺ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगर पालिका परिषद जशपुर के द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन निकाय क्षेत्र के हर वार्ड में जाकर नागरिकों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा हैं। जिससे नागरिकों को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए लोगों को अस्पताल नहीं जाना पड़ता। मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार के खून जांच की सुविधा हैं। मेडिकल यूनिट थाइराइड टेस्ट, विटामिन बी12 टेस्ट, यूरिक एसिड, मधुमेह जैसे विभिन्न प्रकार के टेस्ट कर दवाइयां वितरित भी की जा रही है। मुख्य नगर पालिका योगेश्वर उपाध्याय द्वारा समय-समय पर एमएमयू का निरीक्षण किया जाता हैं। मुख्य नगर पालिका ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट लोगो के लिए बहुत



लाभदायक हैं योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद जशपुर में अब तक कुल 505 शिविर लगाकर 36034 नागरिकों का इलाज किया जा चुका हैं। जिसमें 12609 नागरिकों का खून जांच और 24857 लोगों को दवाइयां वितरित भी किया जा चुका है।

# भिक्षुक आश्रम में मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविरः बेघर और बुजुर्गों के लिए जीवन रेखा

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



हर मंगलवार, भिक्षुक आश्रम में मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर का आयोजन किया जाता है, जो बेघर और उन बुजुर्गों के लिए एक वरदान बन गया है जिन्हें उनके घर से निकाल दिया गया है। यह शिविर सफलता से आयोजित किया गया। यह शिविर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राज्य शहरी विकास एजेंसी द्वारा संचालित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है, जो अस्पताल जाने में सक्षम नहीं हैं। शिविर में मरीजों को निःशुल्क उच्च गुणवत्ता की दवाइयां और ब्लड टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इससे उन्हें अपनी रोजमर्रा की समस्याओं के लिए अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होती।

### स्वास्थ्य जागरूकता और जीवन में सुधार

शिविर की शुरुआत में कई मरीजों को अपनी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे डायबिटीज, हाइपरटेंशन आदि के बारे में जानकारी नहीं थी। एमएमयू टीम और भिक्षुक आश्रम की टीम के प्रयासों से इन समस्याओं का पता चला और उचित इलाज के बाद अब उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। इसके साथ ही, शिविर में लोगों को साफ-सफाई और कीटाणुरहित जीवनशैली के महत्व पर मुफ्त परामर्श दिया जाता है। इन मरीजों ने अपनी बीमारियों के बारे में पहली बार एमएमयू शिविर के माध्यम से जाना और उचित इलाज से अब वे अच्छी स्थिति में हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट मांक 04 के कर्मचारी इस शिविर की सफलता में अहम भूमिका निभाते डॉक्टरः डॉ. प्रियंका साहू, लैब टेक्नीशियनः गायत्री कुमार साहू, फार्मेसिस्टः दानेश्वर साहू, नर्स नेहा, चालकः हरीश, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर : विकास दूबे उपस्थित रहे। मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर न केवल जरूरतमंदों को मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें बेहतर जीवन जीने की दिशा में प्रेरित भी कर रहा है। इस प्रकार की पहल समाज में स्वास्थ्य सेवा और जागरूकता का एक नया अध्याय जोड़ रही है।

# 14 में नौ सीट पर महिलाएं बनेंगी जिपं सदस्य तो पांच में से 3 पर बनेंगी जनपद अध्यक्ष

■ कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने क्षेत्र क्रमांक 12 की ओर किया रुख

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



निकाय के बाद त्रिस्तरीय पंचायत आरक्षण प्रक्रिया में भी महिलाओं का दबदबा नज़र आ रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सुबह 11 बजे जिला पंचायत के 14 निर्वाचन क्षेत्रों और दोपहर एक बजे जिले के 5 जनपदों के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण प्रक्रिया संपन्न की गई। जिला पंचायत के 14 सदस्यों के निर्वाचन में 9 सीट महिला आरक्षित हुई हैं। यानि कि 14 में 9 सीट पर महिला जिला पंचायत सदस्य बनेंगी, वही जिले के पांच जनपद पंचायत बालोद, डौंडीलोहारा, डौंडी, गुरुर और गुंडरदेही में अध्यक्ष पद के लिए भी आरक्षण संपन्न हुआ। बालोद जनपद अध्यक्ष इस बार एसटी महिला, डौंडी जनपद एसटी मुक्त, गुरुर अनारक्षित महिला, गुंडरदेही अनारक्षित मुक्त और डौंडीलोहारा अनारक्षित महिला अध्यक्ष पद के लिए आरक्षित हुआ है। यानि कि बालोद, गुरुर व डौंडीलोहारा जनपद अध्यक्ष पद महिला सीट हुई। इस बार पंच से लेकर सरपंच, जनपद और जिला पंचायत में महिला जनप्रतिनिधि ही नज़र आएंगी। जिले के पंचायती राज के अंतर्गत जिला पंचायत की 14 सीटों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद नौ सीट महिलाओं के लिए आरक्षित हुईं हैं। जिससे कई नेताओं के चेहरे पर मायूसी देखने को मिली हैं। वहीं, कुछ नेताओं ने अपनी पत्नी को मैदान में उतारने की बात कही हैं। कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष सोना देवी देशलहरा ने कहा कि यहां पर आरक्षण में महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है, ये सरकार का बेहतरीन कदम है। उन्होंने कहा कि दोबारा जिला पंचायत के अध्यक्ष पर जरूर महिला काबिज होगी। वही जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए आरक्षण रायपुर में आज शनिवार को होगा।

**जनपद अध्यक्ष आरक्षण कि स्तिथि**

| जनपद | आरक्षण |
|---|---|
| बालोद | अनुसूचित जनजाति महिला |
| गुरुर | अनारक्षित महिला |
| गुंडरदेही | अनारक्षित मुक्त |
| डौंडीलोहारा | अनारक्षित महिला |
| डौंडी | अनुसूचित जनजति मुक्त |

**जिला पंचायत सदस्य आरक्षण**

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1- अनुसूचित जाति महिला
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2- अनारक्षित महिला
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3- अनारक्षित महिला
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4- अन्य पिछड़ा वर्ग महिला
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5- अनारक्षित मुक्त
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6- अनुसूचित जनजाति महिला
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7- अनुसूचित जनजाति महिला
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8- अनुसूचित जनजाति मुक्त
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9- अनारक्षित महिला
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10- अनारक्षित मुक्त
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11- अनुसूचित जनजाति महिला
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12- अनुसूचित जनजाति मुक्त
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13- अनारक्षित महिला
निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14- अनारक्षित मुक्त

**जानिए समीकरण-** बालोद जिले के जिला पंचायत की बात करें तो जो पंचायती राज के दिग्गज माने जाते हैं, उनकी सभी सीट महिला आरक्षित हो गई हैं। वहीं, ओबीसी वर्ग को केवल एक ही सीट मिल पाई है, जिसके कारण ओबीसी वर्ग में नाराजगी देखने को मिल रही है। यहां तक कि कई ऐसी जगह हैं, जहां पर आरक्षण के कारण नेताओं के चेहरे उतरे हुए हैं। आरक्षण के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी सरगर्मी तेजी हो गई है। जहा अब राजनीतिक दल के कार्यकर्ता चुनाव लड़ने के लिए सामने आने लगे है, तो वर्तमान में जहा जिला पंचायत में कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष पद पर काबिज है। वही इस बार भाजपा अपना अध्यक्ष बनाने के लिए अभी से रणनीति बनाना चालू कर दी है।

**इन दिग्गजों की गई सीट-** भाजपा समर्थित एवं दो बार के जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित पुष्पेंद्र चंद्राकर और होरी लाल रावटे तथा भाजपा समर्थित नितिन मोंटी यादव, कांग्रेस समर्थित एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नुरेटी की सीट महिला आरक्षित हो गई है, यहां इनके लिए अब दो विकल्प है, या कोई दूसरे क्षेत्र की ओर रुख कर चुनाव लड़े या फिर अपनी पत्नियों को चुनाव लड़वायें। वही सूत्रों की माने तो जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश नुरेटी जो वर्तमान में निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 से जिला पंचायत सदस्य हैं, उनकी सीट महिला आरक्षित हो गई है। अब वह निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-12 की ओर रुख कर रहे हैं, जो की मुक्त है। उन्होंने क्षेत्र क्रमांक 12 से चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। बता दे की कांग्रेसी नेता मिथलेश नुरेटी लगातार इस क्षेत्र में सक्रिय रहे है, क्षेत्र क्रमांक 11 और 12 दोनों लगे हुए है। वही बीते विधानसभा चुनाव में मिथलेश नुरेटी ने विधायक चुनाव लड़ने के लिए भी दावेदारी की थी।

## यूटीडी और छत्तीसगढ़ कॉलेज के बीच होगा, फाइनल




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में यूटीडी अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने पूर्व विजेता विप्र कॉलेज को 6-5 से पराजित कर बड़ा उलटफेर किया। मैच के प्रारंभ से विप्र कॉलेज हावी रहा, और एक समय 5 -3 की बढ़त के साथ जीत की ओर अग्रसर था। परंतु इसके बाद यूटीडी ने शानदार खेल दिखाते हुए पहले 5-5 की बराबरी की, फिर 6-5 से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके पूर्व विप्र कॉलेज मैदान में खेले गए उद्घाटन मैच में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर ने एकतरफा मुकाबले में आदर्श महाविद्यालय दतरेंगा को 11 रन से पराजित किया। दूसरा मुकाबला शासकीय महाविद्यालय कुरूद और शासकीय महाविद्यालय धरसीवा के बीच खेला गया। जबरदस्त टक्कर के बाद धरसीवां ने कुरूद को 10-9 से पराजित किया। तीसरे मैच में सेंचुरी सीमेंट महाविद्यालय बैकुंठ ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शासकीय महाविद्यालय महासमुंद को पांच रन से पराजित किया। इसके बाद प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर और सेंचुरी सीमेंट महाविद्यालय बैकुंठ के बीच खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ कॉलेज ने सेंचुरी महाविद्यालय को 10-1से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। विप्र कॉलेज मैदान में खेले गए दूसरे सेमीफाइनलमें यूटीडी ने शासकीय महाविद्यालय धरसीवा को भी 10-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। विप्र ट्रॉफी के लिए फाइनल मुकाबला 11 जनवरी शनिवार को सुबह 8:00 बजे छत्तीसगढ़ कॉलेज और यूटीडी के बीच खेला जाएगा।

## सालासर प्रीमियर लीग में सालासर नाइट राइडर बना विजेता

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



सालासर प्रीमियर लीग में फाइनल मैच खेला गया, जिसमें सालासर नाइट राइडर ने सालासर सुपर किंग्स को हरा कर फाइनल जीता, टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए सालासर सुपर किंग्स के कप्तान लाभांशु के 31 रन और राकेश कोटेश्वर के 12 रन से 69 रन 10 ओवरों में बना पाई, जिसके जवाब में सालासर नाइट राइडर ने दो विकेट खोकर 7 .3 ओवर में ही यह मैच जीत लिया, जिसमें संयम अग्रवाल ने सुझबुझ से 68 रन बनाएं हर छठवीं बॉल पर सिंगल ले लेते थे, संयम अग्रवाल को मैन ऑफ दी मैच मिला, पुरस्कार वितरण में विजेता उपविजेता को ट्रॉफी के साथ में 11000 एवं 6000 नगद पुरस्कार दिया गया, संयम अग्रवाल मैन ऑफ द सीरीज रहे बेस्ट बैट्समैन तन्मय धनवानी, बेस्ट सिल्वर बैट्समैन शोभित अग्रवाल, बेस्ट बॉलर अर्जुन विन्द, बेस्ट सिल्वर बॉलर हरपाल सिंह भामरा, और बेस्ट फील्डर लाभांशु यादव रहे, फाइनल मैच के अंपायर सुनील दुलानी एवं शालीन सत्संगी थे, पुरस्कार वितरण सतिन्दर सिंह पप्पू वीर, सुनीता सत्संगी, दीपक डांग, जसवीर सिंह लांबा, महेश सिंह ठाकुर, संदीप अग्रवाल, विशाल सचदेव, आनंद अग्रवाल, पलक धनवानी, यादव आंटी जी आदि के द्वारा दिया गया।

## घर-घर कचरा संग्रहण से वार्डवासियों को होती है सुविधा

**बलौदाबाजार।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्डो में सघन रूप से सफाई का कार्य कियाजा सके व घर-घर से कचरा संग्रहण में महिलाओं के द्वारा अपने कार्यो के प्रति अत्यंत सजगता से अपने दायित्वो का निर्वहन कर रही है। उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरूण वाव के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन नगर पालिका बलौदाबाजार में डोर-टू-डोर स्वच्छता कार्य में संलग्न महिलाओं के द्वारा कचरा संग्रहण व नगर के 03 मणिकंचन केन्द्रो में संग्रहित कचरा की छटाई का कार्य में लगभग 59 महिलाये कार्यरत है। अवकाश दिवस में भी अपनी सेवा देने वाली महिलाये महामारी के रूप में फैली महामारी के समय भी अपने कार्य में तटस्थता से दायित्वों का निर्वहन किया गया।

## लोधी समाज की बेटी लोधी अदिती कश्यप को और मिला केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कृषि में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



उप-राष्ट्रपति के हाथों अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी स्मृति पुरस्कार छत्तीसगढ अलंकरण से सम्मानित हो चूकी है। बैंग्लोर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कृषि कर्मण पुरूस्कार से भी सम्मानित हो चूकी है। लोधेशवर धाम रायपुर छत्तीसगढ के विशेष मार्गदर्शक एवं आधुनिक कृषक कार्य करने वाली महिला किसान पुत्री अदिती कश्यप आज कुम्हारी दुर्ग में सम्मानित हुई है। बड़े ही गौरव की बात है कि लोधी समाज की महिला किसान को देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कबीनेट मंत्री भारत शासन नई दिल्ली के हाथो उन्हें उन्नत तकनीक से कृषि में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया है। लोधी आदिती कश्यप कबीरधाम पालीगुडा, कवर्धा की निवासी है। खपरी (कुम्हरी) जिला दुर्ग में फिर से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कृषि में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में उन्हे सावन उत्सव कार्यक्रम के दौरान रिवेएरा रिसोर्ट शिवनाथ नदी के तट पर लोधेशवर धाम लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर छत्तीसगढ की ओर भी सम्मानित किया गया है। इसके अलावा छत्तीसगढ शासन ने भी अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी स्मृति प्रथम पुरस्कार नवा रायपुर छत्तीसगढ में महामहिम उपराष्ट्रपति के कर कमलो द्वारा छत्तीसगढ अलंकरण से सम्मानित हुई है। इसके पूर्व देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों कृषि कर्मण पुरूस्कार से भी सम्मानित हो चुकी है। ऐसे महान माटी पुत्री, किसान की बेटी, बहुमुखी प्रतिभा के धनी लोधेशवर धाम रायपुर छत्तीसगढ के विशेष मार्गदर्शक लोधी अदिती कश्यप को लोधी समाज के सभी पदाधिकारीगण एवम सदस्यगणों ने हार्दिक बधाई एवम शुभकामनाए दी है।

## कलेक्टर वर्मा ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों की गुणवत्ता की सख्त मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com





राज्य शासन की स्वीकृति से कबीरधाम जिले में बच्चों और महिलाओं के पोषण और शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए दस करोड़ बावन लाख रूपए की लागत से 90 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इन भवनों का निर्माण कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखंडों में हो रहा है। इनमें कवर्धा विकासखंड में 19, बोड़ला में 35, पंडरिया में 31 और सहसपुर लोहारा में 5 भवन बन रहे हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम दशरंगपुर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन क्रमांक-1 का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण में गंभीर खामियां पाई गई। दीवारों के ऊपर बने स्लैब कमजोर थे और टाइल्स लगाने से पहले बेस मजबूत नहीं था। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी भवन बच्चों की शिक्षा और पोषण का आधार होते हैं। यदि इन भवनों की नींव ही कमजोर होगी, तो यह भविष्य में गंभीर समस्याएं खड़ी कर सकता है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने संबंधित निर्माण एजेंसी और जनपद पंचायत की मॉनिटरिंग व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण प्रक्रिया की हर स्तर पर गहनता से जांच होनी चाहिए और तय समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य को पूरा किया जाए। कलेक्टर ने जिले के कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखंडों के सीईओ और तकनीकी सहायकों को निर्देश दिए कि वे सभी निर्माणाधीन भवनों का नियमित निरीक्षण करें और मॉनिटरिंग रिपोर्ट सीधे उनके कार्यालय में प्रस्तुत करें। राज्य सरकार की स्वीकृति के तहत इन भवनों का निर्माण जिले के बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कलेक्टर ने विशेष रूप से सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग और निर्धारित मानकों का पालन करने पर जोर दिया। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र भवन न केवल बच्चों की शिक्षा का केंद्र है, बल्कि उनके जीवन के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है। गुणवत्ताहीन निर्माण भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एनटीपीसी सीपत में उमंग मेला-2025 का भव्य आयोजन






पायनियर संवाददाता ◀ सीपत
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी सीपत संगवारी महिला समिति, द्वारा पिछले वर्षो की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 04 एवं 05जनवरी 2025 को दो दिवसीय उमंग मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में नगर परिसर एवं आसपास के लोगों के लिए खानपान, फनगेम्स, आकर्षक झूले के साथ ही विभिन्न उपयोगी वस्तुओं के स्टाल लगाए गए, जिससे लोगों के मन में उमंग एवं चेहरे में मुस्कान बिखेरा जा सके। मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री प्रदीप्त कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पश्चिम क्षेत्र-II, राखड़ एवं नई पहल), आएशा मिश्रा, अध्यक्षा अर्पिता महिला समिति, पश्चिम क्षेत्र-II रायपुर विशिष्ट अतिथि श्री विजय कृष्ण पाण्डेय मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी सीपत, साधना पाण्डेय, अध्यक्षा, संगवारी महिला समिति, एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में विधिवत् फीता काटकर व श्रीगणेश जी की पूजा अर्चना कर केक कटिंग के साथ हुआ। इस दौरान अतिथियों द्वारा उमंग व उल्लास भरे गुब्बारे का विमोचन किया गया। इस अवसर पर नैगम सामाजिक दायित्व के तहत 3 दिव्याङ्गजनों को कृत्रिम पैर का वितरण किया गया। साथ ही बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 में चयनित 10 बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया। मेले में संगवारी महिला समिति के द्वारा विभिन्न प्रकार के खानपान के स्टॉल, के साथ ही इलेक्ट्रानिक्स, कार्पेट्स, ऑटो तथा एनटीपीसी सीपत के स्टॉल के माध्यम से सीएसआर, विद्युत उत्पादन, राख से बने ईंट, कंक्रीट, टाइल्स, फेवर ब्लॉक, एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी लोगों तक पहुँचाया गया। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के फन गेम्स के स्टॉल लगाए गए जिसका सभी अतिथियों एवं मेले में आये दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। अतिथियों के साथ ही कर्मचारियों, उनके परिजन एवं आस पास के ग्रामीणों ने मेले में लजीज व्यंजनों एवं फन गेम्स का आनंद लेते हुए उपयोगी वस्तुओं की खरीददारी की।

### कांग्रेस से जुगल भट्टर प्रबल दावेदार

## बलौदाबाजार नपा अध्यक्ष पद सामान्य चुनावी मुकाबला हुआ दिलचस्प, नेताओं ने अपनी अपनी दावेदारी पेश की

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार पालिका में अध्यक्ष का पद सामान्य हो गया है। इसी के साथ शहर में राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है। बालौदा बाजार की नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए लगभग 20000 मतदाता निर्णायक होंगे पालिका अध्यक्ष के लिए दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस से कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ दावेदारी पेश करने में जुट गए हैं। पालिका अध्यक्ष पद के सामान्य होने के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों में अध्यक्ष पद के दावेदारों की संख्या बढ़ गई है। दोनों ही दलों के कार्यकर्ता अपने उम्मीदवारों के पक्ष में काम करने लगे हैं। शहर के चौक-चौराहों पर इसे लेकर चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। इन सबके बीच कुर्सी की दौड़ पर रोज नए किस्से बन रहे हैं, कांग्रेस में अध्यक्ष पद के दावेदारों की कमी नहीं है। इनमें शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, पूर्व पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर पालिका दिनेश वर्मा सबसे वरिष्ठ पार्षद सुरेंद्र जायसवाल और पार्षद धर्मेंद्र वर्मा के नाम सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। विक्रम पटेल को पहले ही पालिका अध्यक्ष रहने का अनुभव है।

पालिका अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से कई दावेदार सामने आ रहे हैं वर्तमान अध्यक्ष चितावर जायसवाल सबसे प्रबल दावेदार के रूप में माना जा रहा है इनके अलावा पूर्व पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू औरअशोक जैन की दावेदारी भी मजबूत मानी जा रही है। वहीं नरेश केसरवानी भी प्रबल दावेदारों में से एक हैं लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी मैं संगठन का काम देख रहे हैं तथा विभिन्न पदों पर रहे हैं इनके अलावा पार्षद संकेत शुक्ला और भाजपा नेता संजू भाई पटेल भी प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं।

**चुनाव का पूरा गणित -** पालिका में 21 वार्ड आते हैं। दिसंबर 2024 की मतदाता सूची के मुताबिक, पालिका में कुल 22,109 मतदाता हैं। इनमें 10,763 पुरुष, 11,346 महिलाएं हैं। जनवरी 2025 से मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है। ऐसे में मतदाता सूची अपडेट होने के बाद नए आंकड़े सामने आएंगे। बता दें कि बलौदाबाजार पालिका दोनों प्रमुख दलों के लिए अहम सीट मानी जाती है। यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच हमेशा सीधी टक्कर रही है। इस बार राज्य में भाजपा की सरकार होने से पालिका सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। भाजपा इसे हर हाल में जीतना चाहती है। जबकि पिछली बार भी पालिका चुनाव में हार सह चुकी कांग्रेस इस बार सत्ता पर काबिज होने के लिए कड़ी रणनीति बना रही है। व्यापारी संघ से लक्ष्मी साहू ने भी अपनी दावेदारी पेश की है।

**चितावर जायसवाल की मजबूत दावेदारी -** चितावर जायसवाल ने अपने कार्यकाल में जल सड़क सफाई लाईट स्टेडियम एवं कई विकास कार्य करवाए जिससे नगर वासी संतुष्ट है सबसे बड़ा काम उन्होंने व्यापारी वर्ग के किराए वृद्धि को कम कर व्यापारी वर्ग में अच्छी घुसपैठ जमा ली है नंद कुमार भी प्रबल दावेदारों में से एक हैं लोकसभा चुनाव में बृजमोहन अग्रवाल के चुनाव संचालक थे ।

**संघ की चली तो उनकी टिकट खतरे में -** चुनाव के समय भारतीय जनता पार्टी के संगठन के पदाधिकारी संघ की राय लेकर ही प्रत्याशियों का चयन किया जाता है संघ का सिद्धांत है जो पार्टी के प्रति निष्ठावान होता हैं टिकट वितरण के समय इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाता है यदि संघ की राय मानी गई तो पूर्व में नंदकुमार साहू कांग्रेस में थे बाद में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर नगर पालिका अध्यक्ष बने। तीसरी दावेदार में अशोक जैन जिधर दम उधर हम की कहावत पूर्ण करती है पूर्व में कांग्रेस बहुजन समाज निर्दलीय फिर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए क्योंकि भारतीय जनता पार्टी में संघ की राय ली जाती है और संघ की राय जो पार्टी के लिए निष्ठावान कार्यकर्ता होता है उसको पहले प्राथमिकता दी जाती है इन्हीं आधारों को देखते हुए चितावर जायसवाल की दावेदारी मजबूत दिखाई दे रही है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से लकड़बग्घे की मौत



**भानुप्रतापपुर।** 10 जनवरी की सुबह 6 बजे संबलपुर से बोगर मुख्यमार्ग धनगुंडरा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में वन्य प्राणी लकडबग्घे की मौत हो गई। सूचना पर वन विभाग के द्वारा लकड़बग्घे के शव का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार जंगल से भटककर सड़क में पहुंच गए वन्य प्राणी लकडबग्घ धनगुडरा के समीप सड़क किनारे मृत मिला। शरीर में चोट के निशान थे संभवतः सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन के ठोकर से लकड़बग्घे की मौत हो गई। वन विभाग ने मृत नर लकडबग्घे के शव का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार किया गया।

### पुलिस द्वारा तीन सवारी व बिना कागजात के चल रहे वाहन चालकों पर की गई चालानी कार्रवाई

**किरंदुल।** एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय के निर्देश पर एसडीओपी कपिल चंद्रा व थाना प्रभारी प्रह्लाद कुमार साहू के मार्गदर्शन में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु किरंदुल पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार बस स्टैंड के समीप जयस्तंभ चौक में वाहन चेकिंग कार्य किया गया।जिसमें बिना कागजात,बिना हेलमेट मोटरसाइकिल में तीन सवारी चल रहें 18 लोगों पर 300-300 रु का चालान किया गया।साथ ही तीन सवारी न चलने हेलमेट का उपयोग करने हेतु समझाईश दिया गया।मौके पर एएसआई अनिता चौधरी एवम पुलिस बल मौजूद था।

## छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का भव्य सम्मेलन 11 और 12 जनवरी को

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का ऐतिहासिक अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह 11 और 12 जनवरी को रायपुर में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन की अगुवाई छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि प्रो. राम अवतार महतो (अखिल भारतीय शौण्डिक संघ) अध्यक्षता करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री रामविचार नेताम, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन समेत समाज के कई गणमान्य व्यक्ति इस सम्मेलन में शामिल होंगे।

### मनीषा देवी कुलदीप का निधन



**कांकेर।** ग्राम तेलावट निवासी पूर्व जनपद सदस्य मनीषा देवी कुलदीप का लम्बी बीमारी के चलते शुक्रवार को निधन हो गया। मनीषा देवी कुलदीप कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता भी थी। जिनका अंतिम संस्कार उनके निवास गृहग्राम तेलावट में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# गौरवशाली परम्पराओं और जनजाति समुदाय की धरोहर को सहेज कर रखना होगा : कलेक्टर व्यास

## प्राचीन कालीन धरोहरों को संग्रहालय में जमा करने वालों को किया जाएगा सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित जिला संग्रहालय में जिला पुरातत्व संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित संघ के सदस्यों को अवगत कराते हुए बताया गया कि संग्रहालय में गौरवशाली परम्पराओं और जनजातियों समुदायों की संस्कृति का सुंदर समावेश किया गया हैं। इस अवसर पर पद्मश्री जागेश्वर यादव, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, एसडीएम ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के सहित भूतपूर्व प्राचार्य विजय रक्षित, पुरातत्व संघ के सदस्य और विभिन्न जनजातीय समाज के समाज प्रमुख उपस्थित थे।



**सबकी है जिम्मेदारी** -कलेक्टर ने कहा कि धरोहर को संरक्षित और सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी जनजातीय समाज के साथ-साथ हम सबकी है। इसके लिए सार्थक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि पुरात्वत संग्राहालय की देख-रेख करने के लिए कर्मचारियों की भी आवश्यकता पड़ेगी। उन्होंने कहा कि हमारे वर्तमान पीढ़ी के युवाओं और आने वाले पीढी के युवाओं को पुरात्वत की जानकारी हो सके और उनकी आदिवासी संस्कृतियों के बारे में रूबरू कराने के लिए यहॉ का संग्राहलय अच्छा उदाहरण है। इस पर समिति के सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। जनजाति समाज के समाज प्रमुखों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सांस्कृति धरोहर को और किस प्रकार से सहेज कर रखा जा सकता है के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अलग-अलग जनजातियों के रहन-सहन, खान-पान, वेशभूषा सहित अन्य जानकारियों को भी संग्रहित करके कैसे रखा जा सकता है इस पर भी विचार किया गया।

**गांव में बनेगी समिति** -कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में एक पुरातत्व समिति बनाकर गांव का कोई विशेष धरोहर है तो उससे भी संग्रहालय में संग्रहित करके रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई जनजाति समाज का या व्यक्ति प्राचीन कालीन धरोहर या वस्तु को संग्रहालय में देना चाहता है तो उसका नाम सिलालेख पटिका में अंकित किया जाएगा और उनको स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर सम्मानित भी किया जाएगा।

**13 समुदाय की जानकारी स्थित-** इस दौरान जानकारी देते हुए बताया गया कि संग्रहालय में 13 जनजाति समुदाय के जीवन शैली से संग्रहीत पुरातत्व चीजों सहित जनजातियों के संस्कृति, उनके रहन सहन, रीति रिवाज, आभूषण, औजार, दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं की जानकारी रखी गई है।

**डीएमएफ से बना है** -उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के द्वारा जिले में अपने आप में अनूठा और आकर्षक पुरातत्व संग्रहालय जिला खनिज न्यास निधि संस्थान से 25 लाख 85 हजार की लागत से बनाया गया है। संग्रहालय का लाभ जशपुर जिले के आस-पास के विद्यार्थियों को मिल रहा है। पुरातात्विक ऐतिहासिक चीजों को बचाने एवं संरक्षित रखने हेतु अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। संग्राहलय में 13 जनजाति बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, असूर जनजाति, उरांव, नगेशिया, कवंर, गोंड, खैरवार, मुण्डा, खड़िया, भूईहर, अघरिया आदि जनजातियों की पुरानी चीजों को संग्रहित करके रखा गया है। संग्राहलय में तीन कमरा, एक गैलरी को मूर्त रूप दिया गया है।

**संग्रहालय में यह हैं संरक्षित** - संग्रहालय में लघु पाषाण उपकरण, नवपाषाण उपकरण, ऐतिहासिक उपकरणों को रखा गया है। साथ ही भारतीय सिक्के 1835 से 1940 के सिक्कों को संग्रहित करके रखा गया है। संग्रहालय में मृदभांड, कोरवा जनजाति के डेकी, आभूषण, तीर-धनुष, चेरी, तवा, डोटी, हरका, प्रागैतिहासिक काल के पुरातत्व अवशेष के शैलचित्र को भी रखा गया है। साथ ही जशपुर में पाए गए शैल चित्र के फोटोग्राफ्स को भी रखा गया है। अनुसूचित जनजाति के सिंगार के सामान चंदवा, माला, ठोसामाला, करंज फूल, हसली, बहुटा, पैरी, बेराहाथ आदि को भी संरक्षित किया गया है। संग्राहलय में चिम्टा, झटिया, चुना रखने के लिए गझुआ, खडरू, धान रखने के लिए, नमक रखने के लिए बटला, और खटंनशी नगेड़ा, प्राचीन उपकरणों ब्लेड, स्क्रेपर, पाईट को संग्रहित किया गया हैं।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर भक्तिमय कार्यक्रम

■ ईमलीभाठा में भोग भंडारा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में स्थानीय इमलीभाठा महासमुंद में राधाकृष्ण मंदिर के समीप प्रातः 11 बजे से विविध भक्तिमय कार्यक्रम प्रारंभ होगा। आयोजन समिति की ओर से स्थानीय निवासी टेकराम सेन, विजय चंद्राकर, हनीश बग्गा, माखन पटेल ने बताया कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी 11 जनवरी शनिवार को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक रामचरित मानस (श्रद्धा मानस मंडली) द्वारा संगीतमय कार्यक्रम 12 बजे से भोग एवं पूजा अर्चना के कार्यक्रमों के साथ मोहल्ले के सभी मंदिरों में पूजन व माल्यार्पण दोपहर 1 बजे से सभी भक्त जनों के लिये भोग भंडारा प्रारंभ होगा एवं प्रभात उपाध्याय वरिष्ठ प्रचारक गायत्री परिवार का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। दोपहर 2.00 बजे से प्रखर प्रज्ञा मानस परिवार अछोला महासमुंद द्वारा लालाराम साहू के संयोजन में मानस पाठ होगा जो अनवरत 4.30 बजे तक चलेगा। सायं 4.30 बजे से 5.30 बजे तक आंजनेय महिला मानस



मंडली द्वारा संगीता गोस्वामी के संयोजन में संगीत की प्रस्तुत होगी एवं 5.30 बजे से 6.30 बजे तक महिला मंडलियों की प्रस्तुति होगी । पश्चात दीपोत्सव एवं आतिशबाजी की जायेगी। ठीक 6.30 बजे शाम से विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ठाकुरराम एवं नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी का उद्बोधन प्राप्त होगा। शाम 7 बजे से बच्चों का भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। आयोजन को भव्य रुप देने के लिये पार्षद देवीचंद राठी, राहुल चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, पूर्व पार्षद दिनेश बेहरा, सुजाता एम.आर. विश्वनाथन, राजेश चंद्राकर, वरिष्ठ नागरिक गण हीरा सिंह साहू, रानीदास राठी, धर्मेन्द्र महोबिया, संजीव कर्माकर, परमेश्वर पप्पू ठाकुर, डी.आर. सोरी, जी.एस. ठाकुर, महावीर पवार, विनोद सिंह, रमेश पंचेश्वर, सुदामा मिश्रा, नीलमणी चंद्राकर, माखन पटेल, जगदीश साहू, शशिकांत जैन, सी.एस. गौर, संगीता गोस्वामी, मंदाकिनी ठाकुर, राजेश सोनी, अशोक ठाकुर, के.पी. धनकर, सोनई विश्वकर्मा।

# मकर संक्रांति एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन 19 को वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा की जा रही तैयारियां

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा 19 जनवरी 2025, रविवार को मकर संक्रांति और वार्षिक उत्सव के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्थानीय एकलव्य वनवासी बालक छात्रावास में दोपहर 11.00 बजे से शुरू होगा।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और कुबेर के लड्डू की नीलामी होगी, जो स्थानीय निवासियों और समाज के लिए एक अनोखा अनुभव साबित होगा। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वनवासी संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। यह सांस्कृतिक सत्र समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाने का अवसर प्रदान करेगा और वनवासी समुदाय की कला और संस्कृति को उजागर करेगा।

**कुबेर के लड्डू की नीलामी-** कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण कुबेर के लड्डू की नीलामी होगी। यह नीलामी स्थानीय और क्षेत्रीय लोगों के बीच काफी चर्चा का विषय बनी हुई है। कुबेर के लड्डू, जो अपनी स्वादिष्टता और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध हैं, का यह आयोजन आनंद और उत्सव का हिस्सा बनेगा। नीलामी से प्राप्त धन का उपयोग वनवासी कल्याण के विभिन्न योजनाओं में किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद स्वरूचि भोज की व्यवस्था की गई है, यह भोज सभी के लिए एक सामूहिकता और एकता का प्रतीक होगा। कार्यक्रम का आयोजन सुनैना विश्वकर्मा, अध्यक्ष नगर महिला समिति, नरोत्तम शर्मा, अध्यक्ष नगर समिति और जगदम्वा अग्रवाल, अध्यक्ष संचालक समिति की देखरेख में किया जा रहा है। आयोजकों ने आमंत्रण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख किया है कि इस आयोजन में सभी स्थानीय नागरिकों और समाज के मान्यवरों को सादर आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम की सफलता के लिए समिति ने सभी से समय पर उपस्थिति की अपील की है। यह आयोजन वनवासी कल्याण के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सांस्कृतिक एकता और सामूहिकता को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मकर संक्रांति और वार्षिक उत्सव का यह आयोजन निश्चित ही क्षेत्रवासियों के लिए एक यादगार और अर्थपूर्ण अनुभव साबित होगा।

# नीमगांव डेम पहुंचे कलेक्टर व्यास, पर्यटन स्थल के रूप में डेव्लप करने को लेकर अधिकारियों से चर्चा

## नीमगांव डेम, पर्यावरण वाटिका, प्रस्तावित सर्पज्ञान केंद्र एवं अन्य जगहों पर गए

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर पर्यटन के प्रमुख केंद्र के तौर पर विकसित किया जा रहा है। कलेक्टर रोहित व्यास ने पर्यटन के तौर पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्रों को दौरा किया और इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने नीमगांव डेम, पर्यावरण वाटिका बगिया, कांसाबेल में मधुवन औषधि वाटिका व एनिमल रेस्क्यू सेंटर और तपकरा में प्रस्तावित सर्प ज्ञान केंद्र और पमशाला का अवलोकन कर इन्हें पर्यटन के तौर पर विकसित किए जाने और इनसे उत्पन्न होने वाले रोजगार के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की।



**नीमगांव डेम पहुंचे-** कलेक्टर व्यास ने नीमगांव डेम का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वनमंडलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय, सिंचाई विभाग के एसडीओ एस.के.रात्रे, तहसीलदार जयश्री राजनपथे, नायब तहसीलदार राजेश यादव सहित वहां मौजूद अन्य अधिकारियों से इसे पर्यटन के तौर पर विकसित किए जाने के संबंध में चर्चा की और अधिकारियों को इस संबंध में प्रस्ताव बना कर प्रस्तुत करने को कहा। अधिकारियों ने बताया की नीमगांव डेम को पक्षी विहार के तौर पर विकसित किया जाना है। इस डेम में प्रवासी पक्षी आते हैं। नवंबर से मार्च तक इनका यहां पर बसेरा रहता है। इस डेम से आसपास के 4 गांवों की सिंचाई होती है। पक्षी विहार बन जाने से यहां पर लोगों की आमद बढ़ेगी, इससे आसपास के ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा। कलेक्टर व्यास बगिया में बन रहे पर्यावरण वाटिका का अवलोकन करने पहुंचे। लगभग 28 हेक्टेयर में बन रहे पर्यावरण वाटिका में हर्बल प्लाटेंशन, वाटर फॉल, मेडिटेशन हट, पगोड़ा, चिल्ड्रन पार्क, सहित अन्य निर्माण कार्य होना है। कलेक्टर ने इसे समय-सीमा में एवं गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**मधुवन औषधि वाटिका** - कलेक्टर ने कांसाबेल में मधुवन औषधि वाटिका का अवलोकन किया। लगभग 2 हेक्टेयर परिक्षेत्र में निर्मित इस वाटिका के पुराने स्वरूप में लाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की और साफ-सफाई रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कांसाबेल एनिमल रेस्क्यू सेंटर का भी अवलोकन किया। इस रेस्क्यू सेंटर में जंगली जानवरों का इलाज, भोजन सहित अन्य सुविधा प्रदान किया जाता है। इलाज हो जाने पर उन्हें पुनः जंगल की ओर छोड़ दिया जाता है। कलेक्टर ने तपकरा में प्रस्तावित सर्प ज्ञान केंद्र का भी अवलोकन किया। लगभग 15 हेक्टेयर में बनने वाले इस केंद्र में पार्क का निर्माण किया जाना है। सर्प ज्ञान केंद्र बन जाने से आम लोगों को सर्प सें संबंधित जानकारी मिलेगी और जागरूकता प्रसार से सांपों का संरक्षण और संवर्धन करने में भी मदद मिलेगी।

# बगैर सूचना के अनुपस्थित पटवारी को एसडीएम ने किया निलंबित

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बगीचा एसडीएम ऋतुराज बिसेन ने कांसाबेल तहसील के पटवारी हल्का नं. 16 बांस बहार अमित कुमार चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। एसडीएम ने तहसील कार्यालय कांसाबेल में पटवारी की बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान पटवारी हल्का नं. 16 बांसबहार अमित कुमार चौहान द्वारा बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित एवं शासन के महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में योगदान नहीं किया जाना पाया गया। जो कि उनके स्वेच्छाचारितापूर्ण व्यवहार एवं कदाचार की श्रेणी में आता है तथा कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही प्रतीत होती है। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत होने के कारण अमित कुमार चौहान, हल्का पटवारी, हल्का नं.-16 बांसबहार को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 6 शिक्षकों और 3 संकुल समन्वयकों को किया गया सम्मानित

## विनोबा ऐप्प के माध्यम से स्कूलों में नवाचारी शिक्षा को दिया जा रहा प्रोत्साहन

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए 6 शिक्षकों और 03 संकुल समन्वयकों को डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस संबंध में विनोबा टीम के प्रोजेक्ट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने बताया कि जिले के शिक्षकों द्वारा अक्टूबर और नवंबर माह में किये गए शिक्षकीय कार्यों एवं नवाचारी गतिविधियों को विनोबा ऐप्प में अपलोड किया था। गतिविधियों के विश्लेषण के पश्चात उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शिक्षकों को चयनित किया गया था। उल्लेखनीय है कि विनोबा ऐप्प की टीम जिले में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफएलएन, जवाहर नवोदय परीक्षा की तैयारी में सहयोग के साथ डाटा कलेक्शन का कार्य यशस्वी जशपुर के समन्वय में कर रही है। यह कार्यक्रम कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के द्वारा संचालित कराया जा रहा है। इस अवसर पर प्राथमिक शाला पंडरीअम्बा के लोकेश कुमार शड़ंगी, माध्यमिक शाला गम्हरिया के ऐलन साहू, प्राथमिक शाला रजौटी की अर्चना यादव, माध्यमिक शाला डुमरटोली के संजीव कुमार यादव, प्राथमिक शाला गर्जियाभटान की माधुरी यादव, कन्या आश्रम



कांसाबेल की सुमन रवानी, संकुल समन्वयक डुमरटोली के अजित सिदार, संकुल समन्वयक गम्हरिया के प्रहलाद सिदार, संकुल समन्वयक कोलेंझरिया के जितेंद्र कुमार पैंकरा को सम्मानित किया गया। प्राथमिक शाला रजौटी की अर्चना यादव ने बताया कि हम विनोबा ऐप्प में अपने स्कूल की गतिविधियों को अपलोड करते हैं साथ ही दूसरे शिक्षकों एवं विद्यालयों में किये जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों एवं शिक्षकीय पाठन सामग्रियों (टीएलएम) को देख कर उससे सीखते हैं। जिससे सभी के शिक्षकीय कौशल का विकास होता है। इस कार्यक्रम में ओपन लिंक फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर अजहर शेख उपस्थित रहे।

# श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने खट्टा गांव में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने महासमुंद जिले के खट्टा गांव में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को लिम्फेटिक फाइलेरिया, सामान्य स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया और रक्त, शर्करा और रक्तचाप की जांच सहित मुफ्त चिकित्सा जांच की गई। शिविर को शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खट्टा के प्रधानपाठक ओमनारायण शर्मा और यूनिवर्सिटी के कई प्रमुख व्यक्तियों का विशेष सहयोग मिला। शिविर में, प्रमुख वक्ताओं ने स्वास्थ्य संबंधी मामलों पर बहुमूल्य सलाह



साझा की, जिसमें यूबीए समन्वयक डॉ. अनुभूति कोशले ने लिम्फेटिक फाइलेरिया, एक संभावित गंभीर बीमारी के लिए समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अंजलि यादव ने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य जागरूकता ऐसी बीमारियों को रोकने की कुंजी है। राजेंद्र पटेल, सहायक प्रोफेसर ने नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य को बनाए रखने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने फाइलेरिया के लक्षण, उपचार और रोकथाम पर जानकारीपूर्ण सत्र दिए। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों के लिए निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। शिविर का समापन डॉ. अनुभूति कोशले के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों को स्वीकार किया। इस कार्यक्रम ने सफलतापूर्वक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया और ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख हस्तियों में सहायक प्रोफेसर कोमल यादव और यूनिवर्सिटी के अन्य प्रतिनिधि शामिल थे।




# संविधान सत्ता का साधन नहीं है, वह हमारी आस्था और श्रद्धा का केंद्र है : गुरुप्रकाश पासवान

## सत्य और तथ्य देश और छत्तीसगढ़ की जनता तक पहुंचाने के लिए संविधान गौरव अभियान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संविधान गौरव अभियान के छत्तीसगढ़ प्रभारी गुरुप्रकाश पासवान ने कहा है कि संविधान को लेकर देश में एक तरफ श्रद्धा और संवेदनशीलता है तो दूसरी तरफ नकारात्मकता है। भाजपा के लिए संविधान सत्ता का साधन नहीं है, वह हमारी आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। पासवान ने कहा कि संविधान, आरक्षण, सामाजिक न्याय और डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर हम सबकी वैचारिक प्रतिबद्धता और आस्था का विषय है, यह किसी एक परिवार, एक व्यक्ति की ठेकेदारी नहीं हो सकती। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता पासवान ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में



आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर संविधान को लेकर मनगढ़ंत कहानियाँ गढ़ने के लिए तीखी हमला बोला और कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर के प्रति कांग्रेस के दुर्व्यवहार की जिम्मेदारी किसकी है? डॉ. अम्बेडकर संविधान समिति के अध्यक्ष थे। सन् 1956 में उनके देहांत के चार दशक बाद तक उन्हें भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया? चार दशक बाद केंद्र में भाजपानीत गैर कांग्रेसी सरकार ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। डॉ. अम्बेडकर को जीवित रहते सदन में नहीं आने देने के लिए तत्कालीन कांग्रेस नेताओं ने तमाम जतन किए, 1952 के प्रथम आम चुनाव में तो तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें लोकसभा में आने से रोकने का पूरा प्रयास किया और उनके खिलाफ चुनाव प्रचार तक किया। पासवान ने कहा कि संविधान, सामाजिक न्याय, आरक्षण और डॉ. अम्बेडकर को लेकर हमारी प्रतिबद्धता के लिए हमें किसी से कोई प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नहीं है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में संविधान को लेकर नैसर्गिक संवेदनशीलता हमेशा रही है। सन् 2010 में गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी ने संविधान की गौरवशाली यात्रा का आयोजन किया था। पंचतीर्थ की परिकल्पना करते हुए डॉ. अम्बेडकर की जन्मभूमि, शिक्षाभूमि, दीक्षाभूमि, कर्मभूमि और परिनिर्वाण स्थल को तीर्थस्थल का दर्जा देने के मोदी के कार्यों का जिक्र करते हुए पासवान ने कांग्रेस से सवाल किया कि जब उनको मौका मिला तो उन्होंने संविधान निर्माता और संविधान का कितना सम्मान किया? मोदी की सरकार ने 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया।

# श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स और कॉलेजेस ने आर्थिक रूप से कमज़ोर कर्मचारियों को निःशुल्क टैबलेट पीसी वितरित किए



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स और कॉलेजेस ने अपने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत एक सराहनीय पहल की है। शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम में ग्रुप ने अपने संस्थान में कार्यरत आर्थिक रूप से कमजोर कर्मचारियों को निःशुल्क टैबलेट पीसी वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य इन कर्मचारियों को डिजिटल युग में सशक्त बनाना और उनके दैनिक जीवन को आसान बनाना है। कार्यक्रम का आयोजन श्री बालाजी हॉस्पिटल परिसर में किया गया, जहां संस्थान के उच्च अधिकारियों ने कर्मचारियों को टैबलेट पीसी सौंपे। यह पहल श्री बालाजी ग्रुप के सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। संस्थान ने यह सुनिश्चित किया है कि उनके कर्मचारी न केवल डिजिटल युग में कदम रखें, बल्कि अपने जीवन स्तर को भी बेहतर बना सकें। इस अवसर पर ग्रुप के प्रबंध निदेशक ने कहा, हम मानते हैं कि हर कर्मचारी हमारे संस्थान की रीढ़ है। उनकी मेहनत और समर्पण के बिना हमारी प्रगति संभव नहीं है। टैबलेट पीसी न केवल उनकी पेशेवर जिंदगी में सहायक होगा, बल्कि उनकी निजी जिंदगी को भी बेहतर बनाएगा। कार्यक्रम के दौरान, कर्मचारियों ने टैबलेट मिलने पर खुशी जाहिर की। एक कर्मचारी ने उत्साह के साथ बताया कि अब वह अपने छोटे भाई की पढ़ाई में उनकी मदद कर सकेंगे, क्योंकि ऑनलाइन शिक्षा के बिना वर्तमान समय में बच्चों का शैक्षणिक विकास संभव नहीं है। यह उपकरण सरकारी योजनाओं और सेवाओं तक पहुंचने में सहायक होगा, जिससे कर्मचारियों को डिजिटली सशक्त बनने का मौका मिलेगा। साथ ही, वे अपने स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे और आवश्यक सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल दर्शाती है कि तकनीक का लाभ समाज के हर तबके तक पहुंचना चाहिए, और श्री बालाजी ग्रुप इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

# साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मासिक गोष्ठी आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मासिक गोष्ठी प्रोफेसर कॉलोनी में आयोजित हुई। सर्वप्रथम माँ सरस्वती और स्व. शांति यदु के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन सुरेंद्र रावल, डॉ. मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, प्रज्ञा त्रिवेदी के हाथों संपन्न हुआ। माँ वीणापाणि की वंदना डॉ चितरंजन कर ने प्रस्तुत की। सचिव नीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मासिक प्रतिवेदन का पठन मीना शर्मा ने किया, तत्पश्चात अध्यक्ष डॉ मंजुलाहर्ष मंजुल ने अपने चिर-परिचित अंदाज में बेहतरीन पंक्तियों से समस्त लेखकों, साहित्यकारों को मंच पर आमंत्रित किया। कविता हो या गीत गज़ल, व्यंग्य हो या लघुकथा कवियों व साहित्यकारों



ने नववर्ष के शुभ आगमन का अपनी रचनाओं से शानदार आगाज़ किया। दिसंबर माह में ऋचा परिवार के वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र रावल और बेहतरीन मंच संचालिका, व्यंग्यकार डॉ सीमा श्रीवास्तव का जन्मदिन था अतः केक काटकर जन्मदिन की बधाईयाँ प्रेषित की गई। समस्त कार्यक्रम के साक्षी बने। डॉ. चितरंजन कर, के पी सक्सेना दूसरे, सुरेंद्र रावल, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु, माधुरीकर, अर्चना अनुपम, लतिका भावे, डॉ. मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, चंद्रकांता अग्रवाल, नीता श्रीवास्तव, ईरा पंत, नीलिमा मिश्रा, किरणलता वैद्य, दिनेश गौतम, डॉ. सुरेश तिवारी, आलिम नक़वी, दिलीप वरवंडकर, अनिल श्रीवास्तव जाहिद, डॉ कमल वर्मा, मीना शर्मा, प्रज्ञा त्रिवेदी, अशोक त्रिवेदी आदि। ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने आभार प्रकट कर कार्यक्रम समापन की घोषणा।

# मालवीय रोड और पेटीलाइन पर प्रशासन का चला बुलडोजर



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राजधानी की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। नगर निगम की टीम मालवीय रोड, पेटीलाइन एवं चिकनी मंदिर मार्गों में पहुंची और सड़कों में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिया कि दुकानों से सड़कों तक अतिक्रमण किया जाएगा तो कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव सिंह एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर मालवीय रोड एवं पेटीलाइन की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की गई। 32 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए उसे हटाया गया और सड़क पर कब्जा करके रखे गए सामानों की जब्ती की गई। यह अभियान सतत जारी रहेगा। साथ ही जुर्मानें की कार्रवाई भी निरंतर जारी है। कलेक्टर ने कहा कि जिन स्थानों में वर्तमान में कार्रवाई की गई है। उन स्थानों में दोबारा अतिक्रमण नहीं होनी चाहिए और जोन अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें और साफ-सफाई भी निरंतर होनी चाहिए।

# मुख्य सचिव अमिताभ जैन रहेंगे छुट्‌टी पर, रेणु पिल्ले संभालेंगी प्रभार

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन 14 से 21 तक छुट्टी पर रहेंगे इस दौरान राज्य के मुख्य सचिव का प्रभार एसीएस रेणु पिल्ले संभालेगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है कि रेणु पिल्ले राज्य की प्रभारी मुख्य सचिव रहेंगी, उनका मौजूदा प्रभाव उनके पास बना रहेगा।








सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403